CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :41°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 100 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 | 9 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इजरायल पर भारत के रुख को नहीं मिला समर्थन: कांग्रेस पेज 2



मोहसिन खान पर नजर होनी चाहिए भारतीय चयनकर्ताओं की: बांगर खेल टाइम्स



अब बदलाव की प्रयोगशाला बनने को तैयार है मप्र का धार सम्पादकीय




इजरायल के साथ सीधी बातचीत की संभावना नहीं: हिजबुल्लाह पेज 12

## पुतिन से मिले अराघची, ईरान की हिमायत में खुलकर आया रूस

**तेहरान/ मास्को।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। बैठक में रूस ने ईरान के प्रति खुला समर्थन जताया।

रूसी मीडिया के मुताबिक, पुतिन ने कहा कि ईरानी जनता साहस और वीरता के साथ अपनी आजादी और संप्रभुता के लिए लड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई का संदेश मिला है। अराघची की यह यात्रा ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। ऐसे में ईरान रूस का समर्थन मजबूत करने में जुटा है। साथ ही पुतिन ने कहा कि हम हर वो काम करेंगे जो ईरान के हित में होगा। दोनों नेताओं की वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने रूसी राष्ट्रपति का धन्यवाद किया।इस मीटिंग के बाद से पश्चिमी एशिया में चल रहा युद्ध का माहौल एक बार फिर गर्म हो गया है, क्योंकि सभी जानते हैं कि इस युद्ध में ईरान का समर्थन रूस कर रहा है। साथ ही चीन भी रूस के पीछे-पीछे चल रहा है।



- **रूसी राष्ट्रपति बोले: ईरान अपनी आजादी के लिए लड़ रहा, ट्रम्प के अफसरों के साथ बैठक करेंगे**

### पहले खुले होर्मुज, फिर होगी परमाणु मुद्दे पर बात: ईरान

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और शांति वार्ता के ठप पड़ने के बीच ईरान ने अमेरिका को एक नया दो-चरणीय शांति प्रस्ताव भेजा है। यह प्रस्ताव पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए वाशिंगटन तक पहुंचाया गया है, जिसमें सबसे पहले होर्मुज स्ट्रेट को खोलने और क्षेत्रीय युद्ध को समाप्त करने की बात कही गई है।

अमेरिकी न्यूज आउटलेट एक्सियोस के अनुसार, ईरान चाहता है कि परमाणु मुद्दों पर बातचीत को बाद के चरण में रखा जाए। ईरान की प्रस्तावित दो-चरणीय योजना के अनुसार पहले होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने और अमेरिका की नाकेबंदी खत्म करने पर जोर दिया गया है। इसके बाद युद्धविराम या स्थायी शांति समझौते की बात है, जबकि परमाणु मुद्दों पर बातचीत बाद में की जाएगी। यह प्रस्ताव पाकिस्तान और ओमान के जरिये अमेरिका तक पहुंचा है। पहले चरण में होर्मुज स्ट्रेट को -**शेष पृष्ठ दो पर**

### ईरान के पास युद्धविराम पर सिर्फ तीन दिन: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी। उसके पास युद्ध खत्म करने के लिए युद्धविराम पर सहमत होने के लिए सिर्फ तीन दिन हैं, नहीं तो उसकी तेल पाइपलाइन में ब्लास्ट हो जाएगा। अगर ईरान तेल का निर्यात नहीं कर पाता, तो पाइपलाइन में दबाव बढ़ेगा। ऐसा इसलिए होगा, क्योंकि तेल को जहाजों या स्टोरेज टैंकों में भेजने का रास्ता बंद है और उस पर नाकेबंदी लगी हुई है। उन्होंने दावा किया कि जब तेल का बहाव अचानक रोकना पड़ता है, तो पाइपलाइन के अंदर दबाव बनता है और तकनीकी व प्राकृतिक कारणों से वह फट सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान ने भारतीय रासायनिक टैंकर को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में समुद्र के रास्ते व्यापार करना लगातार खतरनाक होता जा रहा है। भारत सरकार ने बताया ईरान ने भारतीय चालक दल वाले एक रासायनिक टैंकर को अपना निशाना बनाया। ओमान की समुद्री सीमा के पास हुई इस फायरिंग की घटना ने सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। हालांकि, भारत सरकार पूरे हालात पर करीब से नजर बनाए हुए है और देशवासियों को खाद और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर भी बड़ा भरोसा दिया है।

### राजस्थान में बारिश बीकानेर-गंगानगर में ओले गिरे

**नई दिल्ली।** देश में भीषण गर्मी जारी है। राजस्थान, यूपी और महाराष्ट्र के 7 शहरों में रविवार को तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। महाराष्ट्र का अकोला 46.9 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म रहा। अमरावती 46.8 डिग्री सेल्सियस, बांदा 46.6डिग्री सेल्सियस, वर्धा और बाड़मेर 46.4डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर और यवतमाल 46डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ हीटवेव की चपेट में हैं। इस बीच राजस्थान के बीकानेर और गंगानगर में सोमवार को बारिश के साथ ओले गिरे। यूपी के 60 जिलों में लू का अलर्ट है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पहली बार तापमान 45 डिग्री पहुंचा। इंदौर-भोपाल में भी पारा 43डिग्री पर बना हुआ है। उत्तराखंड के देहरादून में गर्मी के चलते 12वीं तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

### पीएम मोदी ने बंगालवासियों के नाम लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का चुनाव प्रचार खत्म हो चुका है। वहीं इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यवासियों के नाम एक पत्र और एक ऑडियो संदेश जारी किया है। बता दें कि, राज्य में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 29 अप्रैल को मतदान होगा और इसके नतीजे 4 मई को जारी होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लिखा कि पश्चिम बंगाल के पूरे चुनाव अभियान के दौरान मुझे अपने परिवारजनों का जो अपार स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने एक नई ऊर्जा से भर दिया है।

### पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नई दिल्ली।** कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान-इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग क्षेत्रों में विशिष्ट तथा असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के नामांकन और सिफारिशे आगामी 31 जुलाई तक की जा सकती है। प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन या सिफारिशें भेजने की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू हो गई हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें राष्ट्रीय पद्म पुरस्कार पोर्टल पर केवल ऑनलाइन की जा सकती हैं। पद्म पुरस्कार यानी पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं।

## 'आप' के सात सांसदों का भाजपा में विलय

### राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने दी मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सात बागी सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी है।

इस फैसले के बाद राज्यसभा में आप की संख्या घटकर 3 रह गई है, जबकि भाजपा सांसदों की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है। जो सात सांसद भाजपा में शामिल हुए हैं, उनमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता शामिल हैं। राज्यसभा की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी इन सांसदों को भाजपा के सदस्यों के रूप में दिखाया गया है। आप ने रविवार को सभापति से सातों सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की थी। संजय सिंह ने भी लेटर लिखकर उन्हें दलबदल कानून के उल्लंघन का दोषी बताते हुए अयोग्य घोषित करने की अपील की। संजय सिंह के मुताबिक, आप ने एडवोकेट कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचारी सहित कई संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। कपिल सिब्बल ने कहा था कि संविधान की 10वीं अनुसूची के मुताबिक सबसे पहले पार्टी को प्रस्ताव पास करके दूसरी पार्टी विलय करना पड़ेगा। कोई भी सांसद दूसरी पार्टी में विलय नहीं कर सकते। आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने शुक्रवार को भाजपा जाइन कर ली थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन सांसदों ने शुक्रवार को राज्यसभा सभापति को आवेदन देकर खुद को भाजपा सांसद के रूप में मान्यता देने की मांग की थी, जिसे अब स्वीकार कर लिया गया है।

- **राज्यसभा में भाजपा सांसद 106 से बढ़कर 113 हुए**
- **केजरीवाल की आम आदमी पार्टी तीन पर सिमटी**



### जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से न्याय की उम्मीद खत्म: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी मामले में सुनवाई से हटने की (रिक्युजल) याचिका खारिज होने के बाद जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत में व्यक्तिगत रूप से या अपने वकील के माध्यम से पेश होने से इन्कार कर दिया है। यह घटनाक्रम जस्टिस शर्मा के उस विस्तृत आदेश के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने मामले की सुनवाई से हटने से इनकार कर दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि 'दबाव में झुकने से न्याय नहीं मिलता' और न्यायाधीश किसी वादी की निराधार आशंकाओं के आधार पर खुद को सुनवाई से अलग नहीं कर सकते। जस्टिस शर्मा ने यह भी टिप्पणी की थी कि उन पर व्यक्तिगत हमले न्यायपालिका पर हमले के समान हैं और याचिका को 'अनुमानों' और 'कथित झुकाव' पर आधारित बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद, श्री केजरीवाल ने पत्र लिखकर कहा कि उन्होंने इस अदालत से 'न्याय मिलने की उम्मीद खो दी है।

## महिला अधिवक्ता पर पति के हमले को लेकर सुप्रीम संज्ञान, पुलिस कमिश्नर को सख्त निर्देश

### अस्पतालों ने इलाज से क्यों किया इन्कार, सीजेआई ने पूछे सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में महिला अधिवक्ता पर कथित बर्बर हमले के मामले का सोमवार को स्वत: संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस को कई सख्त निर्देश दिए। अदालत ने मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी को सौंपने का आदेश दिया और कहा कि जांच अधिकारी महिला अधिकारी हो तो बेहतर होगा, जो एसीपी या डीसीपी रैंक की हो।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकान्त और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि अदालत को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग वाला पत्र मिला था, जिसके बाद स्वत: संज्ञान लिया गया। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पीड़िता के पति, जो हमले का मुख्य आरोपी है, को 25 और 26 अप्रैल की दरम्यानी रात गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी मनोज कुमार, जो सोनिया विहार का निवासी है, जिसे रविवार को खजूरी खास इलाके से पकड़ा गया। आरोप है कि उसने 22 अप्रैल को अपनी 38 वर्षीय पत्नी पर चाकू से हमला किया। पूछताछ में उसने पारिवारिक विवाद के चलते वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एक गंभीर पहलू पर भी चिंता जताई। अदालत ने दिल्ली को निर्देश दिया कि यह जांच की जाए कि घायल महिला को तीन अलग-अलग अस्पतालों ने भर्ती करने से कथित रूप से इन्कार क्यों किया। अदालत ने कहा कि अगर गंभीर हालत में किसी पीड़ित को समय पर इलाज नहीं मिलता है, तो यह बेहद चिंताजनक विषय है और इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। पीठ ने शिकायत में लगाए गए उस आरोप पर भी संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया कि पीड़िता के ससुराल पक्ष दो नाबालिग बच्चों को अपने साथ ले गया है और उनका पता नहीं चल पा रहा। अदालत ने पुलिस को दोनों बच्चों का तत्काल पता लगाने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच अधिकारी को मामले की विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट अगली सुनवाई में पेश करने का आदेश दिया है। फिलहाल पुलिस घरेलू विवाद समेत सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### 2030 राष्ट्रमंडल खेल: गुजरात में जमीन वापस लेने की कार्रवाई पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए विवादित जमीन मामले में 4 मई तक यथास्थिति बनाए रखने को कहा है। यह मामला स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम के अहमदाबाद स्थित आश्रम की जमीन से जुड़ा है, जिसे गुजरात सरकार 2030 राष्ट्रमंडल खेल 2030 की तैयारी के लिए लेना चाहती है। करीब 45,000 वर्ग मीटर जमीन, जहां यह आश्रम बना हुआ है, अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास स्थित है। सरकार इस जमीन पर सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना पर काम कर रही है। इस मामले में संत श्री आसाराम ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ट्रस्ट ने गुजरात उच्च न्यायालयके 17 अप्रैल के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा जमीन वापस लेने के फैसले को सही ठहराया था। सरकार का आरोप है कि ट्रस्ट ने जमीन की लीज की शर्तों का उल्लंघन किया और आसपास की सरकारी जमीन पर भी कब्जा किया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता शामिल हैं, ने पहली नजर में कहा कि ऐसा लगता है कि ट्रस्ट को सही तरीके से नोटिस नहीं दिया गया था।

### इंजीनियर पर कीचड़ फेंकने के मामले में महाराष्ट्र के मंत्री राणे को एक महीने की सजा

**मुंबई।** राज्य सरकार में मंत्री और सत्ताधारी पार्टी के एक बड़े नेता को अदालत ने जेल की सजा सुनाई है। यह मामला एक सरकारी अधिकारी के साथ हुए दुर्व्यवहार से जुड़ा है, जिसका वीडियो कुछ साल पहले पूरे देश में वायरल हुआ था। अदालत के इस सख्त फैसले ने यह साफ कर दिया है कि कानून के सामने कोई भी मंत्री या नेता बड़ा नहीं होता है। महाराष्ट्र की एक अदालत ने भाजपा के मौजूदा मंत्री नितेश राणे को दोषी करार दिया है। अदालत ने उन्हें 2019 के एक पुराने मामले में एक महीने की जेल की सजा सुनाई है। यह मामला एनएचएआई के एक इंजीनियर पर कीचड़ फेंकने से जुड़ा हुआ है।राणे और उनके समर्थकों पर हाईवे की खराब हालत को लेकर इंजीनियर के साथ सरेआम बदसलूकी करने का आरोप था। साल 2019 में महाराष्ट्र में भारी बारिश के कारण मुंबई-गोवा हाईवे पर बहुत ज्यादा कीचड़ और बड़े-बड़े गढ्डे हो गए थे। नितेश राणे और उनके कुछ कार्यकर्ताओं ने एनएचएआई के इंजीनियर को पकड़ लिया था। इन लोगों ने इंजीनियर को एक पुल से बांधने की कोशिश की और उन पर बाल्टियों से भरकर कीचड़ डाल दिया।



## एस्ट्रोनॉट कैडर पहली बार आम नागरिकों के लिए खुलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पहली बार अपने एस्ट्रोनॉट कैडर को आम नागरिकों के लिए खोलने का फैसला किया है। इसरो की एस्ट्रोनॉट सिलेक्शन कमेटी ने इसकी सिफारिश की है। हालांकि इसका क्राइटेरिया अभी जारी नहीं किया गया है।

कमेटी की सिफारिश में कहा गया है कि गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के दूसरे बैच में वायुसेना के 6 पायलट के साथ 4 सिविलियन स्पेशलिस्ट शामिल किए जाएं। ये सिविलियन साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ बैकग्राउंड से होंगे। पहला बैच सिर्फ पायलटों का, दूसरे में आम लोगों के एंट्री होगी। एक एस्ट्रोनॉट को चुनने से लेकर उसकी ट्रेनिंग और मिशन की तैयारी में करीब साढ़े 4 साल (54 महीने) का समय लगता है। कमेटी ने लक्ष्य रखा है कि दूसरे बैच को अगले 72 महीनों में और तीसरे बैच को 96 महीनों में पूरी तरह तैयार कर लिया जाए। भले ही दूसरे बैच में सिविलियंस को शामिल किया जा रहा है, लेकिन वे तुरंत अंतरिक्ष में नहीं जाएंगे। कमेटी की योजना के अनुसार, सिविलियन एस्ट्रोनॉट्स को चौथे मानव मिशन से चालक दल का हिस्सा बनाया जाएगा। दुनिया भर में यह परंपरा रही है कि तकनीक के परिपक्व होने से पहले मिलिट्री बैकग्राउंड वाले पायलटों को ही भेजा जाता है, इसके बाद ही नागरिकों की बारी आती है। मिशन गगनयान इसरो का पहला क्रू वाला स्पेस फ्लाइट प्रोग्राम है, जो 2027 तक लॉन्च होगा। ये 3 दिन का एक मिशन होगा। इसमें 3 एस्ट्रोनॉट्स 400 किमी की यात्रा कर अंतरिक्ष में जाएंगे। उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने के लिए डिजाइन किया गया है। पहले बैच में चार एस्ट्रोनॉट्स शामिल हैं। इसरो के पहले बैच में इंडियन एयरफोर्स के टेस्ट पायलट शामिल थे। इसमें चार एस्ट्रोनॉट्स को सिलेक्ट किया गया था। इन एस्ट्रोनॉट्स को सिलेक्ट करने का उद्देश्य पहले क्रू मिशन को सुरक्षित पहुंचाना है। पहले बैच में फाइटर प्लेन के एयर कमांडर प्रशांत बी. नायर, जीपी कैप्टन शुभांशु शुक्ला, जीपी कैप्टन अजीत कृष्णन, जीपी कैप्टन अंगद प्रताप शामिल हुए थे। दूसरे बैच में इंडियन आर्मी के फाइटर जेट के लड़ाकू हेलीकॉप्टर पायलट भी शामिल हो सकते हैं। सातवें मिशन के बाद इसरो अपने मिशन की क्षमता को बढ़ाएगा, जिससे एक साथ 3 एस्ट्रोनॉट्स अंतरिक्ष में जा सकेंगे। इसके लिए तीसरे बैच में 12 एस्ट्रोनॉट्स की जरूरत होगी। इस बैच में रेशियो पूरी तरह बदल जाएगा, जिसमें केवल 2 मिशन पायलट और 10 सिविलियन स्पेशलिस्ट शामिल किए जाएंगे। इसरो अब एक स्थायी एस्ट्रोनॉट कैडर बनाने की दिशा में काम कर रहा है।



- **सिविल एक्सपर्ट को भी अंतरिक्ष में भेजेगा इसरो**
- **गगनयान मिशन के एस्ट्रोनॉट के दूसरे बैच में शामिल होंगे**
- **ट्रेनिंग में साढ़े चार साल लगेंगे, सिलेक्शन कमेटी ने सिफारिश की**

## भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में सोमवार को एक नए युग की शुरुआत हुई। दोनों देशों ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो व्यापार, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने वाला है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल व न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष टाड मैक्ले की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण समझौते को आधिकारिक रूप दिया गया। यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत मानी जा रही है। इस एफटीए की सबसे खास बात इसकी गति रही है। 16 मार्च, 2025 को शुरू हुई बातचीत को रिकॉर्ड नौ महीनों के भीतर संपन्न कर लिया गया। इस समझौते के लागू होने से भारत को सभी टैरिफ उत्पादों पर तत्काल 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। इसके परिणामस्वरूप, न्यूजीलैंड को होने वाले शत-प्रतिशत भारतीय निर्यात पर अब कोई टैरिफ (सीमा शुल्क) नहीं लगेगा। वर्तमान में न्यूजीलैंड द्वारा भारत से निर्यात किए जाने वाले लगभग 450 उत्पादों पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगाया जाता था। नए समझौते के तहत यह शुल्क खत्म हो जाएगा, जिससे भारतीय निर्यात को भारी बढ़ावा मिलेगा।

- **द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत**

## संक्षिप्त समाचार

### महिला को कार ने मारी टक्कर, भीड़ ने चालक की कर दी हत्या

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घमहापुर में सड़क किनारे बर्तन धोते समय महिला को कार से टक्कर लग जाने के बाद हुए विवाद में परिजनों और ग्रामीणों ने कार चालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि 26 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे एक कार ने अनियंत्रित होकर घमहा. पुर निवासी बिदू देवी (40) को टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक मनीष सिंह (घमहापुर निवासी) के साथ घायल महिला के परिजनों और ग्रामीणों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट इतनी बुरी तरीके से हुई कि मनीष सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके परि. जनों ने उन्हें इलाज के लिए बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर ले जाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### जम्मू-कश्मीर: शोपियां के मदरसे पर शिकंजा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शोपियां जिले के इमाम साहिब इलाके में स्थित दारुल उलूम जामिया सिराज-उल-उलूम को गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) 1967 के तहत की गई है। प्रशासन ने प्रति. बंधित संगठन से कथित संबंधों, वित्तीय अनियमितताओं और परिसर के दुरुपयोग का हवाला दिया है। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर अंशुल गर्ग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश में संस्था पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह कार्रवाई शोपियां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) द्वारा 24 मार्च 2026 को भेजे गए एक विस्तृत डोजियर के आधार पर की गई है, जिसमें संस्था की गति. विधियों को लेकर कई आपत्तियां दर्ज की गई थीं।

# पंजाब सरकार पर माकन का हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने पंजाब के हालात को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि पंजाब में अलगाववादी ताकतें एक बार फिर सिर उठाने लगी हैं। माकन ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि देश की सरहद की रक्षा करने वाले अहम राज्य पंजाब में गैंगवार, ड्रोन के जरिए ड्रग्स की सप्लाई और बढ़ता अपराध 1980 के दशक जैसे हालात की ओर इशारा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी अलगाववाद बढ़ता है, उससे पहले ड्रग्स और अपराध का ग्राफ ऊपर जाता है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में मात्र 6.6 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली पार्टी को अब राज्यसभा में 85.7 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिल गया है, जो लोकतांत्रिक भावना के खिलाफ है। माकन ने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी इस असंतुलन को जनता के सामने कैसे जायज ठहराएंगे। इसके साथ ही, माकन ने आम आदमी पार्टी पर भी हमला बोला। उन्होंने आप को 'बीजेपी की बी टीम' और



**आप 'अरबपतियों की पार्टी': अजय माकन**

'अरबपतियों की पार्टी' करार देते हुए आरोप लगाया कि पार्टी ने योग्य लोगों की जगह धनकुबेरों को राज्यसभा भेजा है। उन्होंने दावा किया कि आप से राज्यसभा पहुंचे और बाद में बीजेपी में शामिल हुए सांसदों के एफिडेविट के अनुसार उनकी औसत संपत्ति करीब 818 करोड़ रुपये है। माकन ने कहा कि ऐसे में सवाल उठता है कि यह 'आम आदमी' की पार्टी कैसे हो सकती है। माकन ने यह भी आरोप लगाया कि आप ने पहले से तय 'सेटिंग' के आधार पर नेताओं को राज्यसभा भेजा, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

## युवा कांग्रेस का अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत को लेकर कथित 'हेल होल' टिप्पणी के विरोध में सोमवार को यहां अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने आज यहां बताया कि प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने तीन मूर्ति सर्किल से अमेरिकी दूतावास की ओर मार्च करने का प्रयास किया, लेकिन दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया और कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने आरोप लगाया कि श्री ट्रम्प लगातार भारत के खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं और 'हेल होल' जैसे शब्दों का प्रयोग कर देश का अपमान किया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देश के सम्मान के खिलाफ कोई भी बयान स्वीकार्य नहीं है।

# असफलता से न घबराने की सीख

## योगी की पाती: छात्रों के नाम मुख्यमंत्री का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद छात्रों के नाम एक भावनात्मक संदेश जारी किया है जिसमें मुख्यमंत्री ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए असफल छात्रों का मनोबल बढ़ाने पर विशेष जोर दिया है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए अपने संदेश में लिखा कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम उत्साहजनक रहा है और अनेक छात्रों ने कठिन परिश्रम व लगन से प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। हालांकि, उन्होंने खास तौर पर उन छात्रों को संबो. धित किया है जो अपेक्षित परिणाम



हासिल नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि सफलता और असफलता जीवन का हिस्सा हैं। सफलता जहां उत्साह देती है, वहीं असफलता निराशा ला सकती है, लेकिन उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही असली मार्ग है। 'चरैवेति-चरैवेति' का मंत्र देते हुए उन्होंने निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एक असफलता भविष्य की कई सफलताओं का आधार बन सकती है। कोई भी परिणाम अंतिम नहीं होता, बल्कि यह नए अवसरों की शुरुआत करता है। उदाहरण देते हुए उन्होंने महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन का जिक्र किया, जिन्होंने हजारों असफल प्रयासों के बाद बल्ब का आविष्कार किया। इसी तरह महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का उदाहरण देते हुए बताया कि बाधाओं के बावजूद उन्होंने अपने क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। यदि बच्चे अपेक्षित परिणाम न ला पाएं तो उन्हें निराश करने के बजाय उनका हौसला बढ़ाएं और उनकी रुचि व क्षमता को समझकर सही दिशा देने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बच्चों में अपार संभावनाएं होती हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन देकर उनके कौशल को निखारा जा सकता है। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी छात्रों को निरंतर प्रयास करते रहने और अपने सपनों को साकार करने का संदेश दिया।

## गर्मी से मिलेगी राहत, 28 अप्रैल से तीन मई तक बदलेगा मौसम

# दिल्ली-यूपी में आंधी-बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।**

पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी के कारण देश की जनता का बुरा हाल है, देशभर में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी है। दुनियाभर के सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में भारत के सबसे अधिक शहर नाम दर्ज हैं। महाराष्ट्र के अकोला शहर में तो पारा 46.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश का सबसे अधिाक तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को दिन में जरूरी काम न होने पर घरों से न निकलने की सलाह दी है।

मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार शाम को भारत में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इस के चलते हफ्तेभर देश में आंधी-तफूान और भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में



**पूर्वोत्तर भारत में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना, असम, मेघालय में अलर्ट जारी**

3 से 4 डिग्री गिरावट देखी जा सकती है। इससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी 28 से 30 अप्रैल तक गरज के साथ बारिश और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ इलाकों में 60-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं भी चलने का अलर्ट जारी किया है। पूर्वोत्तर भारत में अगले 5 दिनों तक भारी बारिश का होने की संभावना है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में कई जगह भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी भारत के बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में आंधी-तूफान और बारिश होने की संभावना है। मध्य भारत और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में भी इस हफ्ते गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलेंगी। कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है, जिससे यहां उमस भरा माहौल रहेगा। हालांकि राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में तापमान की गिरावट तो दर्ज की जाएगी, लेकिन हीटवेव का अलर्ट जारी रहेगा। आंधी-तूफान और बारिश के होने से तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आंधी, बिजली चमकने और तेज हवाओं के दौरान सतर्क रहें, बेवजह बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थान पर ही रहें।

## ब्रिटिश मौलाना मदरसे पर बुलडोजर फेल

**संतकबीरनगर।** संतक. बीरनगर में ब्रिटिश मौलाना शमसुल हुदा खान का मदरसा बुलडोजर और पोकलैण्ड से नहीं टूट रहा है। अब प्रशासन ने ड्रिल मशीनें मंगाई हैं। वजह यह है कि मदरसे का ढांचा बेहद मजबूत है।प्रशासन ने सोमवार सुबह 10 बजे दूसरे दिन की कार्रवाई शुरू की। आगे के हिस्से को तोड़ने के लिए 2 पोकलैण्ड मशीनें और 5 बुलडोजर लगाए गए हैं लेकिन थोड़ी देर बाद एक पोकलैंड मशीन में खराबी आ गई। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय पर स्थित खलीलाबाद के मीटमंडी रोड पर ब्रिटिश मौलाना शमसुल हुदा द्वारा स्थापित मदरसा करोड़ों का है, जिसे बहुत मजबूत बनाया गया है। जिला प्रशासन ने पहले तो ब्रिटिश मौलाना के बैंक खाते सीज कर दिए इसके बाद मदरसे को सील कर दिया।

# इजरायल पर भारत के रुख को नहीं मिला समर्थन

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने इजरायल-फलस्तीन मुद्दे पर भारत के रुख को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि भारत 'असामान्य रूप से इजरायल के पक्ष में खड़ा' है और ब्रिक्स देशों की बैठक में उसके रुख का अन्य सदस्यों ने समर्थन नहीं किया।

पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां बयान में कहा कि 23-24 अप्रैल को नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के उप विदेश मंत्रियों और विशेष दूतों की बैठक आयोजित हुई, जो बिना किसी संयुक्त वक्तव्य के समाप्त हुई। उन्होंने कहा कि इजरायल-फलस्तीन मुद्दे पर भाषा को लेकर सदस्य देशों के बीच मतभेद सामने आए और भारत द्वारा भाषा को नरम करने के आग्रह को अन्य देशों ने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि रूस, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, यूएई और ईरान के प्रतिनिधियों ने भारत के रुख का समर्थन नहीं किया। कांग्रेस ने इसे मोदी सरकार की गलत विदेश नीति का परिणाम बताते हुए कहा कि यह देश के हितों को प्रभावित करने वाली नीति है। श्री रमेश ने कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र प्रमुख देश बन गया है, जो गाजा, दक्षिण लेबनान और वेस्ट बैंक में जारी घटनाओं के बावजूद इजरायल के प्रति 'अडिग समर्थन' बनाए हुए है, जिससे पारंपरिक संतुलित विद. ेश नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 77303.63
**निफ्टी** 24092.70



**सोना** 151000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 244000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

फार्मा, आईटी और ऑटो कंपनियों में अच्छी लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार तीन दिन की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 639.42 अंक (0.83 प्रतिशत) की बढ़त में 77,303.63 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 194.75 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की तेजी में 24,092. 70 अंक पर रहा। इससे पहले लगातार तीन दिन दोनों प्रमुख सूचकांक टूटे थे। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी-मिडकैप-50 सूचकांक 1.52 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.90 प्रतिशत चढ़ा। दवा बनाने वाली कंपनी सनफार्मा द्वारा इसी क्षेत्र की अमेरिकी कंपनी ऑर्गानॉन के अधिग्रहण की खबर के बाद भारतीय कंपनी का शेयर आज सात प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, टेक



महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस के शेयर दो से तीन प्रतिशत चढ़े। टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत तक ऊपर बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक, इंडिगो, टाइटन, एलएंडटी, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे।

एक्सिस बैंक का शेयर तीन फीसदी लुढ़क गया। बीईएल में दो प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल के शेयर भी टूट गए।

## चांदी 2.44 लाख किलो पर सोना 1.51 लाख का हुआ

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़त दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 278 रुपए महंगी होकर 2,44,103 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,43,825 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 16 रुपए महंगा होकर 1,51,495 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले 23 अप्रैल को इसकी कीमत 1,51,479 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

2026 में सोना अब तक 18 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इस साल चांदी 10 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब बढ़कर 2.44 लाख रुपए पर पहुंच गई है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। असली चांदी चुंबक से नहीं चिपकती।

# चावल, गेहूं के भाव बढ़े, चीनी, खाद्य तेलों में नरमी, दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक लजस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गयी। चीनी और खाद्य तेलों के भाव टूट गये जबकि दालों के दामों में घट-बढ़ रही।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,849 रुपये प्रति लक्वटल पर पहुंच गयी। गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 10 रुपये घट गयी। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। तुअर दाल और मसूर दाल की औसत कीमत 23.23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। उड़द दाल 14 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल में 33 रुपये और चना दाल में 11 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गयी। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 62 रिंगिट टूटकर 4,535 लरगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.42 प्रतिशत नीचे 71.03 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 92 रुपये और सूरजमुखी तेल की 67 रुपये प्रति लक्वटल गिर गयी। सरसों तेल 39 रुपये और मूंगफली तेल 34 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति 23 रुपये और पाम ऑयल 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 25 रुपये प्रति क्विंटल नीचे बोला गया। चीनी भी पांच रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7697.22 रुपये, मसूर काली 8107.80 रुपये, मूंग दाल 10176.13 रुपये, उड़द दाल 10840. 92 रुपये, तुअर दाल 11254.45 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2783.96 रुपये और चावल 3849.47 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3264.63 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4305.79 रुपये और गुड़ 5019. 96 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17836.83 रुपये, मूंगफली तेल 18888.60 रुपये, सूरजमुखी तेल 17441.45 रुपये, सोया तेल 14887. 02 रुपये, पाम ऑयल 13415.75 रुपये और वनस्पति 14945.93 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## पूर्व डीआईजी भुल्लर पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा

**नई दिल्ली।** ईडी पंजाब पुलिस के पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर और अन्य से संबंधित कई स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। सीबीआई, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), चंडीगढ़ ने पूर्व डीआईजी और अन्य के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं, उनके आधार पर ही ये कार्रवाई की जा रही है। इन मामलों में आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति और एक आपराधिक मामले के निपटारे के लिए बिचौलिए के माध्यम से अवैध धनराशि की मांग जैसे आरोप शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी, सहयोगियों और संदिग्ध बेनामीदारों से जुड़े 11 परिसरों (चंडीगढ़-2, लुधियाना जिला-5, पटियाला-2, नाभा-1 और जालंधर-1) में धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 17 के तहत तलाशी ली जा रही है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पहले खुले...** फिर से खोला जाए और अमेरिका की ब्लाकेड नीति खत्म की जाए। दूसरा चरण- युद्धविराम या स्थायी शांति समझौता लागू हो। इसके बाद परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक वार्ता शुरू हो। रूस, ओमान और पाकिस्तान जैसे देश मध्यस्थता की कोशिशों में लगे हुए हैं। वहीं अमेरिका अभी इस नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है, लेकिन उसकी अंतिम प्रतिक्रिया स्पष्ट नहीं है। अमेरिका ने ईरान पर सख्त शर्तें रखी हैं, जिनमें कम से कम 10 साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकना, मौजूदा परमाणु सामग्री देश से बाहर भेजना और मिसाइल कार्यक्रम के साथ क्षेत्रीय समूहों को समर्थन खत्म करना शामिल है। ट्रम्प की नीति के अनुसार, ईरान को किसी भी स्थिति में परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# पीडीए को मजबूत करने में जुटी सपा

## बसपा के पुराने चेहरों के सहारे राजनीतिक जमीन तैयारी करने में जुटी पार्टी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी ने अपनी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति को मजबूत करने के लिए बहुजन समाज पार्टी के पुराने और अनुभवी चेहरों को साथ जोड़कर नई राजनीतिक जमीन तैयार करनी शुरू कर दी है। पार्टी के सूत्रों की मानें, तो समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की अगुवाई में यह रणनीति 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है।

सपा के एक सांसद ने यूएनआई को बताया कि पार्टी का मानना है कि बी आर अंबेडकर और कांशी राम की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए



बसपा के पुराने नेताओं को साथ लाना जरूरी है। इसी उद्देश्य से सपा लगातार ऐसे चेहरों को जोड़ रही है, जो कभी बसपा की जमीनी ताकत रहे हैं और सामा. जिक समीकरणों की गहरी समझ रखते हैं। सूत्रों की मानें तो दरअसल, सपा की पीडीए रणनीति का मुख्य आधार यही पुराने बसपा नेता बन रहे हैं। इन नेताओं ने न केवल इस रणनीति को वैचारिक मजबूती दी है, बल्कि इसे जमीन पर उतारने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इनमें इंद्रजीत सरोज, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, लालजी वर्मा, रामअचल राजभर, त्रिभुवन दत्त और ददूदू प्रसाद जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं, जिन्होंने बसपा संस्थापक कांशीराम के मिशन को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया था। समाजवादी पार्टी के सांसद ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि सपा का लक्ष्य 2027 में सत्ता में वापसी करना है, क्योंकि वर्तमान समय में बसपा अपने पारंपरिक वोट बैंक तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में सपा इस खाली स्थान को भरने की कोशिश कर रही है। अखिलेश यादव का पीडीए का फार्मूला इसी रणनीति का हिस्सा है। दरअसल उत्तर प्रदेश की राजनीति में सपा और बसपा के रिश्ते उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। 1993 का गठबंधन दोनों दलों के लिए फायदेमंद साबित हुआ था, लेकिन बाद में दोनों अलग-अलग रास्तों पर चले गए। इसके बाद 2019 में फिर से गठबंधन हुआ, मगर अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी।

### भगवान करवा रहे केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण: अखिलेश

**इटावा।** महाभारत कालीन सभ्यता से जुड़े उत्तर प्रदेश के इटावा में लायन सफारी के पास निर्माणाधीन केदारेश्वर महादेव मंदिर को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कुछ अद्भुत कार्य खुद भगवान ही करवा रहे हैं। यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया कि जिनको करवाते खुद 'भगवान', कुछ ऐसे अनोखे होते हैं काम! इटावा में लायन सफारी के पास केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है।

## गाजीपुर: पांच लाख की मदद देंगे अखिलेश यादव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पिछले दिनों एक युवती की हत्या के बाद प्रदेश की सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस का आरोप है कि उसकी ओर से भेजे गए प्रतिनिधिमंडल को पीड़ित परिवार वालों से मिलने नहीं दिया गया। इस बीच समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि गाजीपुर में हमारे लोगों के साथ बहुत खराब व्यवहार हुआ। सपा का एक प्रतिनिधिमंडल गाजीपुर में पीड़ित परिवार से मिलने जाएगा, साथ ही परिवार को आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी।

पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा कि ये सब सरकार के इशारे पर कराया गया। बीजेपी वाले जब खुद कुछ नहीं कर पा रहे, तो दूसरों से पत्र लिखवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल (आज) मंगलवार को सपा का एक और प्रतिनिधिमंडल फिर से

**आज गाजीपुर जाएगा सपा का प्रतिनिधिमंडल**

दौरे पर जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल गाजीपुर जाएगा और परिवार से मिलकर उनकी मदद करेगा और उनकी बात सुनकर आएगा। उन्होंने पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की भी बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने बीजेपी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यूपी में जब से बीज. ेपी की सरकार बनी है, तब से बहनों और बेटियों पर अत्याचार बढ़ा है। बीजेपी वाले महिलाओं के नाम पर रैलियां और प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन गाजीपुर की बेटी जिस हालत में मिली, एक बार उसकी तस्वीर तो देख लेते। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, बीज. ेपी के मंत्री जा रहे हैं।

## शादी की खुशियां मातम में बदली ...

# तेज रफ्तार टैम्पो से टकराई बाइक, युवक की मौत

**शाहटाइम्स सवांददाता, खतौली।** सोमवार को खतौली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों भरी यात्रा को मातम में बदल दिया। गांव भैंसी स्थित सीएनजी पंप के पास टेंपो और बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में एक युवक की जान चली गई, जबकि उसका साथी जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

जानकारी के अनुसार मंस. ूरपुर थाना क्षेत्र के गांव जोहरा निवासी रितिक अपने साथी मुरली के साथ बाइक से टिटोड़ा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक भैंसी के पास सीएनजी पंप के सामने पहुंची, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार टेंपो से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली पहुंचाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मुरली ने दम तोड़ दिया, जबकि रितिक की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है।

मुरली की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में मातम छा गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

## मजदूर की फैक्ट्री में काम करते मौत

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव मनव्वरपुर के निकट जंगल में निर्माणाधीन फैक्ट्री में काम कर मजदूर की नीचे गिरने से मौत हो गई। दुर्घटना युवक का सन्तुलन बिगडने से हुई। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन। इस घटना से यहां काम कर रहे लोगों भी में शोक छा गया है।

गांव मनव्वरपुर के जंगल में चावल फैक्ट्री का निर्माण कार्य चल रहा है।रविवार को जनपद गाजियाबाद के थाना मोदीनगर क्षेत्र के गांव भोजपुर निवासी आरिफ पुत्र मुजम्मिल फैक्ट्री में ऊपरी हिस्से पर काम कर रहा था।इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे आ गिरा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मजदूर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# धर्मांतरण, अपहरण एवं शारीरिक शोषण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज हिंदू संघर्ष समिति ने मुजफ्फरनगर पुलिस कप्तान को हरसोली ग्राम निवासी एक जिहादी मेहताब के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज करने के लिए समिति के संयोजक नरेंद्र पवार के नेतृत्व में ज्ञापन सोपा।

हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र कुमार ने पुलिस कप्तान को बताया कि मुजफ्फरनगर शहर की एक हिंदू कालोनी में मेहताब नाम का जिहादी जाट समाज की एक विधवा महिला उसके दो पुत्र एवं एक पुत्री को बहला फुसला कर रह रहा है। जिसकी पहले से ही 4 से 5 सादियां हो रखी है। सुनियोजित प्लानिंग के तहत यह जिहादी हिंदू परिवार का शोषण कर रहा है। कुछ समय पूर्व यह मेहताब विधवा महिला की पुत्री को लेकर फरार हो गया था एवं वापस आने पर अब विधवा महिला एवं उसकी पुत्री दोनों का शारीरिक शोषण कर रहा है स आशंका है कि इस जिहादी महताब ने पूरे परिवार का धर्मांतरण करा दिया है। हिंदू संघर्ष समिति ने इस गंभीर प्रकरण में मुजफ्फरनगर जिले के पुलिस कप्तान से हरसोली ग्राम निवासी मेहताब पुत्र शरीफ के खिलाफ धर्मांतरण,अपहरण एवं नाबालिक का शारीरिक शोषण करने के कारण गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इसी के साथ हिंदू समाज के परिवार की सकुशल बरामदगी की मांग भी की गई है। ज्ञापन देने वालों में नरेंद्र पवार अरुण प्रताप सिंह देशराज चौहान संजय मिश्रा संजय वाल्मीकि सुरेंद्र मित्तल पवन मित्तल मनोज पाटिल पवन पांचाल आदि शामिल रहे।

## स्कूल चौकीदार की हत्या पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने जताया शोक

**चरथावल।** क्षेत्र में स्कूल चौकीदार राजू उर्फ राजकुमार की निर्मम हत्या से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही अनिल कुमार पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परि. जनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।कैबिनेट मंत्री ने इस घटना को अत्यंत दुखद और निंदनीय बताते हुए कहा कि सरकार इस कठिन समय में परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति देने की कामना की।

उन्होंने प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि इस जघन्य हत्या के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।घटना के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# यातायात पुलिस ने किए 25 वाहनों के चालान

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय सिंह व यातायात एसपी के निर्देशन में चलाये गये अभियान में यातायात पुलिस ने माडिफाईड सालेंसर, प्रेशर हार्न व हूटर बजाने वालों पर शिंकजा कसा। इस दौरान 225 वाहनों के चालान किये गये और 4 लाख 32 हजार का जुर्माना वसूला गया।

बता दे कि नगर में मॉडिफाईड सलेन्सर और प्रेशर हार्न से परेशान जनता ने पुलिस अफसरों से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की थी। इसी के चलते सोमवार को एसपी ट्रैफिक के निर्देशन में यातायात पुलिस ने



अभियान चलाते हुए 225 वाहनों के चालान किये। पुलिस का उद्देश्य था कि ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगायी जाये। इस दौरान पुलिस ने 4 लाख से अधिक का जुर्माना भी वसूला। नगर के कई स्थानों पर चलाये गये इस अभियान से वाहन चालको में हड़कंप मचा रहा। यातायात पुलिस ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वाहन चालकों से अपील की जाती है कि अपने वाहनों में माडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हार्न व हूटर का प्रयोग न करें।

## एमडीएस स्कूल में कक्षा 10 व 12 के मेधावियों को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** एमडीएस विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान हेतु भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मिल मन्सूरपुर स्थित एमडीएस विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान हेतु एक भव्य मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अनिल शास्त्री दिया,अभय एवं अभिनन्दन के ब्रहमत्व में यज्ञ कर किया गया।

# डीआईजी ने किया पुलिस कार्यालय शाखाओं का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह ने मुजफ्फरनगर पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एसपी सिटी नगर अमृत जैन, एसपी देहात ग्रामीण अक्षय संजय महाडिक, सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ मिश्रा सहित समस्त सीओ उपस्थित रहे।

इस दौरान डीआईजी को सलामी दी गयी और उन्होंने पुलिस कार्यालय स्थित आगुन्तक कक्ष का निरीक्षण कर प्रतिदिन आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी की। इसके बाद प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, आई.जी.आर.एस. कार्यालय, जन शिकायत प्रकोष्ठ, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, पेशी कार्यालय वरिष्ठ पुलिस



अधीक्षक, रिकॉर्ड रुम, पत्रावली शाखा, डीसीआरबी शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ शाखा, रिट सेल, मानवाधिकार शाखा, पासपोर्ट शाखा, स्थानीय अभिसूचना इकाई कार्यालय आदि शाखाओं तथा पुलिस कार्यालय में बने कैफे, शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान द्वारा शाखाओं में नियुक्त अधिक. ारी/कर्मचारियों से वार्ता कर उनके कार्यों की जानकारी की। तथा सभी अधिकारी/कर्मचारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित होकर पूर्ण मनोयोग से कार्य करने तथा कार्यालय रिकॉर्ड को दुरस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर एसडीएम से मिले सभासद

**जानसठ।** नगर के तालडा बाईपास पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के मद्देनजर एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए सभासदो ने कार्रवाई की मांग की है।

नगर पंचायत जानसठ के सभासद बाबर अंसारी, सभासद मोहम्मद अहसान ने सोमवार को एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि जानसठ तालडा बाईपास पर स्थित सरकारी भूमि सहित कई अन्य जगहों पर सरकारी ज़मीन पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर लिया है। उक्त सरकारी भूमि पर कब्ज़ा कर निर्माण की तैयारी की जा रही है। सभासदों का कहना है कि सरकारी जमीन पर अवैध क़ब्ज़े की शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती है। सभासद बाबर अंसारी सभासद मोहम्मद अहसान ने एसडीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए अवैध कब्ज़ा करने वालों के ख़िलाफ़ कठोर कानूनी कार्रवाई करवाते हुए सरकारी भूमि कब्जामुक्त कराने की मांग की है। एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती ने शिकायत को गंभीरता के साथ लेकर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। आपको बताते चलें कि जानसठ क्षेत्र में भू-माफियाओं की पहली पसंद बन गया है ।

यहां डीलरों ने सरकारी कई जगहों पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर प्लाटिंग कर करोड़ों के वारे न्यारे कर डाले है। अब देखना होगा कि आखिरकार ऐसे डीलरों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है



यह तो भविष्य के गर्भ में है। वहीं दूसरी और एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती का कहना है कि सरकारी जमीनों पर किसी को भी अवैध कब्जा नहीं करने दिया जाएगा और यदि किसी ने सरकारी ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा करने की कोशिश की तो उसके ख़िलाफ़ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



मुजफ्फरनगर: तपती धूप से बचने के लिए खुद को ढककर निकलतीं स्कूटी सवार महिलाएं।

# पुलिस ने बचायी महिला की जान

**मुजफ्फरनगर।** पारिवारिक कलह (पति से झगडे) के चलते ा कच्ची सड़क, सरवट थाना सिविल लाइन निवासी एक महिला अत्यधिक मानसिक तनाव में आकर जटवाड़ा नहर पुल पर पहुंच गई। भावनाओं के आवेग में उन्होंने नहर में छलांग लगा दी। इस दौरान ककरौली की जटवाडा चौकी पुलिस ने तुरंत ही साहस करते हुए नागरिक नौशाद पुत्र भूरा, निवासी जटवाड़ा की मदद से महिला को सकुशल नहर से बाहर निकाल लिया ।

इस सराहनीय कार्य के लिए महिला को बचाने वाले पुलिसकर्मी को एसएसपी ने शबा. शी देते हुए पुलिसकर्मी और नौशाद को शाबाशी देते हुए



सम्मानित किया। एसएसपी ने कहा कि वर्दी की असली पहचान बताते हुए कहा कि ऐसे कर्म न केवल पुलिस विभाग का मान बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान को भी सुदृढ़ करते हैं। साथ ही उन्होंने नागरिक नौशाद के साहस की सराहना करते हुए कहा कि जब पुलिस और जनता मिलकर कार्य करते हैं, तो किसी भी संकट का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है।

सिपाही सुशील कुमार, प्रवीण कुमार, पिंकी और आम नागरिक नौशाद को पुररूस्कृत किया।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बस यात्रियों को निशाना बनाने वाले 8 बदमाश गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मीरापुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बसों में यात्रियों के बैग काटकर नगदी, आभूषण और सामान चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश घायल हो गए, जबकि छह अन्य को कॉम्बिंग अभियान में दबोच लिया गया। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और छह अवैध चाकू बरामद किए गए हैं।

पुलिस लाईन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसपी देहात ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना पर पुलिस ने कुतुबपुर झाल स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस के पास खंडहर में दबिश दी जहां बदमाश भागने लगे। लेकिन पुलिस ने घेरा. बंदी कर ली। जहां पुलिस मुठभेड में आरिफ पुत्र साजिद निवासी लिसाड़ी गेट मेरठ और साजिद पुत्र अनीस निवासी पिलखुआ हापुड़ घायल हो गए। दोनों को गिरफ्तार कर उपचार के लिए भेजा गया। और इकरामुद्दीन पुत्र बुद्धा निवासी मौहल्ला कल्याणसिंह मवाना, जिला मेरठ, मुजाहिद पुत्र इशाक निवासी जनदरपुर कोतवाली शहर बिजनौर, शादाब पुत्र इस्लाम निवासी भोवनवाडा, कोतवाली





शहर बिजनौर, राशिद पुत्र हसीनुद. ीन निवासी फातिमालेन, बटलाहाउस दिल्ली, अकील अहमद पुत्र हनीफ निवासी नहटोर, जिला बिजनौर और जीशान पुत्र नसीम निवासी डाल्ला मंडावली, जिला बिजनौर को भी गिरफ्तार कर लिया। जबकि इनका साथी राकेश वर्मा फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि बदमाश मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर और अमरोहा सहित कई जिलों में बसों में सफर कर यात्रियों को निशाना बनाते थे। मौका मिलते ही उनके बैग और जेब काटकर नकदी व आभूषण चोरी कर लेते थे। चोरी का सामान बिजनौर के एक सुनार को बेच दिया जाता था ।

# जेपीएस पब्लिक स्कूल में किया मेधावियों का सम्मान

**मोरना।** मोरना में मुज़फ्फरनगर मार्ग स्थित जे.पी.एस. पब्लिक स्कूल में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें कक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुष्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित व स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया।मुख्य अतिथि दंडी स्वामी महादेव आश्रम महाराज,व विद्यालय निदेशक कृष्णकांत शर्मा ने कहा कि सफलता केवल अंको पर ही निर्भर नहीं करती।उसके लिये लगातार परिश्रम करना पड़ता है।

उच्च अंक प्राप्त करने वालों में नर्सरी से शिवाय, आर्यन चंदेल, अवनी, एलकेजी मे अक्षी सैनी, इनाया, आयमान खान ,तन्वी धीमान, शार्विका, आयुषी रितुराज, अनुकर्ष, गर्वित चौधरी , विक्टोरिया, तेजस अहलावत, आरव चौधरी प्रथम कक्षा में भव्या, हर्षवर्धन पंवार, काव्या आरव सहरावत, आराध्या, अद्विक सहरावत , देवांश, अनमोल, शौर्य ,द्वितीय में तेजस्वी राठी, गोरिषा व प्रत्यक्ष, यशिका ठाकरान ,फहीम, गौरव, विराज चौधरी कक्षा तीन में कार्तिक वर्मा, अनाया चौधरी, अहाना,आरव बोध, आव्यांश सहरावत, तनिष्क कक्षा चार में अबुज़र खान, धानी शर्मा, अंशुमन सहरावत ,समर्थ जॉन, सक्षम जॉन, नित्या गोयल, कक्षा पांच में ईशांत, अक्षित, विशेष ,दक्ष चौधरी व आर्यन कुमार, नित्या आर्या, प्रियांशु , माही शर्मा, सृष्टि, उत्कर्ष चौधरी,कक्षा में अनाया चौधरी, अरिज़ा, माही व आतिफा कक्षा सात में अक्षा, नैनिका चौधरी, अदिति शर्मा अर्णव, लक्ष्मी, शिवा



राठ कक्षा आठ में दिवांशी, मानवी सहरावत व अवनी कसाना, यशस्वी ,' जीविका, विशु, वाणी यादव कक्षा 9 में वंशिका शर्मा, वर्णिका चौधरी, वीर अवनी चौधरी, नमन आत्रे, ध्रुव व कक्षा 11 में कनिष्का चौधरी, सिमराह शबनम, योगेन व छवि अंशिका, ओम, एंजेल राठी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में कक्षा 10वीं में प्रथम- याचिका 95प्रतिशत द्वितीय- लक्ष्य 94. 2प्रतिशत तृतीय- ज्ञानवी 92प्रतिशत अंक प्राप्त करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रबन्धक मोहिनी शर्मा,ब्लॉक् प्रमुख अनिल राठी, पंख विनोद शर्मा ठाकुर भूपेन्द्र सिंह नबच्चों का उत्साह वर्धन किया।इस अवसर पर संगीता दक्ष, संगीता मेनवाल, निशांत शर्मा, पूजा त्यागी, सुधा भटनागर, मेघा खेवरिया, दीपिका, तनु, सृष्टि, शिवा, अपूर्वा, दीपांशी, खुशी, भारती, काजल, पूजा, अक्षिता, अंश गर्ग, संदीप कुमार, उज्जवल, कार्तिक, प्रफुल, बालक. राम रहे।

## केक लगाने को लेकर विवाद में मारपीट कर किया घायल

**मंसूरपुर।** जन्मदिन की पार्टी के दौरान केक चेहरे पर लगाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोस्तों के बीच कहासुनी के बाद हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की मां ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

रविवार को सलमा पत्नी अश्फाक निवासी रहमत नगर, खालापार मुजफ्फरनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका करीब 18 वर्षीय पुत्रा अमन शनिवार रात करीब 10 बजे क्षेत्र के हाईवे स्थित कादिर चाय वाले की दुकान पर अपने दोस्त आहद का जन्मदिन मना रहा था। पार्टी में कई अन्य युवक भी मौजूद थे।

आरोप है कि इसी दौरान केक मुंह पर लगाने को लेकर आपस में विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। आरोपियों में परवेज राना निवासी सूजडू, आहद निवासी गहरा बाग मुजफ्फरनगर समेत दो अन्य युवकों ने मिलकर अमन के साथ बेरहमी से मारपीट की,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।गौरतलब है कि जन्मदिन पार्टियों में केक चेहरे पर लगाने को लेकर विवाद और झगड़े के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।हाल ही में खुर्जा में भी इसी तरह के विवाद ने गंभीर रूप ले लिया था,जिसमें तीन लोगों की हत्या तक हो गई।

## जिला पंचायत सदस्य ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप



**मुजफ्फरनगर।** जिला पंचायत मुजफ्फरनगरमें भ्रष्टाचार को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। वार्ड नंबर 12 से जिला पंचायत सदस्य अमरकांत मलिक ने जिला पंचायत के अपर मुख्य विकास अधिकारी और इंजीनियर पर विकास कार्यों में भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

अमरकांत मलिक का कहना है कि विकास के नाम पर ठेकेदारों से अवैध उगाही की जा रही है और अधिकारी कथित रूप से थैला भरकर नोट ले जाते हैं। उन्होंने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर जनता के हक पर डाका है। मलिक ने कहा कि जिला पंचायत प्रशासन को तीन दिन के भीतर अपर मुख्य विकास अधिकारी और संबंधित इंजीनियर के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वह एक बड़ा खुलासा करेंगे। बड़े घोटाले का दावा उन्होंने कहा कि जिला पंचायत में चल रहे भ्रष्टाचार का बड़ा पर्दाफाश किया जाएगा, जिससे न सिर्फ प्रशासन बल्कि पूरे जिले में हलचल मच सकती है।

### पीडीए पंचायत में पहुंचा शिक्षक सभा का प्रतिनिधिमंडल

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सत्येन्द्र पाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मोदीनगर में आयोजित सपा पीडीए पंचायत में शिरकत की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का भव्य स्वागत किया और उन्हें लो. कमाता अहिल्याबाई होलकर की तस्वीर भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जनता का विश्वास समाजवादी पार्टी के साथ है और 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है। जिला सचिव अनेश कुमार उपाध्याय, सपा नेत्री अनीता कश्यप, रविन्द्र प्रधान, अनुराग पाल, रविन्द्र पाल, पुष्पेन्द्र कुमार, गुलशन चौहान, विनीत कुमार शर्मा, रहीस मिर्जा समेत कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूजा सामग्री विसर्जन के दौरान नहर में गिरी बाइक, युवक लापता

**मीरापुर।** कस्बे के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी निवासी पंकज खुराना के लापता होने का मामला क्षेत्र में चिंता का विषय बना हुआ है। शनिवार सुबह घर से राधा स्वामी सत्संग कुतुबपुर जाने की बात कहकर निकले पंकज खुराना देर रात तक वापस नहीं लौटे, जिसके बाद परिजनों ने थाना मीरापुर में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई।

बताया गया है कि पंकज खुराना, स्वर्गीय जीत खुराना के पुत्र हैं और मीरापुर के मुख्य बाजार में सब्जी विक्रेता के रूप में कार्य करते हैं। शनिवार सुबह करीब 9 बजे वह अपनी विक्की मोटरसाइकिल से घर से निकले थे। परिजनों के अनुसार, वह राधा स्वामी सत्संग कुतुबपुर जा रहे थे और परिवार के लोगों ने उन्हें गंगनहर में विसर्जन के लिए पूजा सामग्री भी दी थी। रात करीब 9 बजे तक घर वापस न लौटने और मोबाइल फोन पर संपर्क न होने के कारण परिजन परेशान हो गए। काफी तलाश के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मीरापुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और रविवार को कुतुबपुर झाल नहर के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में सामने आया कि पंकज खुराना गंगनहर में पूजा सामग्री विसर्जित कर रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। सूचना पर पुलिस, गोताखोरों की टीम और परिजन मौके पर पहुंचे। घंटों की मशक्कत के बाद नहर से उनकी मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई, लेकिन पंकज खुराना का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

## उन्मुख कार्यों के लिए युवा नेता को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**मोरना।** पौधरोपण कर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण तथा अनेक उन्मुख कार्यों को लेकर अमित राठी को भाजपाईयो द्वारा उनके प्रभावी व कुशल नेतृत्व के लिये बधाई दी गयी।तथा मिष्ठान का वितरण कर युवा नेता के पक्ष में नारेबाजी की गई ।

शुकतीर्थ में स्थित भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी के आवास शुकदेव सिटी पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभावी नेतृत्व करने पर उन्हें बधाई दी गयी।अमित राठी ने बताया कि वह पार्टी के प्रति समर्पित एक कार्यकर्ता है। पर्यावरण को बचाने को लेकर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया था।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही अनेक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने व उनको धरातल पर क्रियान्वयन करने के लिए सतत प्रयास के लिये प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज ने कहा कि अमित राठी भाजपा के समर्पित, सकिर्य, निष्ठावान नेता हैं। वृक्षारा. पण अभियान सहित अनेक जनहित कार्य उनके द्वारा जारी हैं। यहा पुनीत खोकर,चौधरी मनोज उर्फ बिन्नू राठी, अश्विनी सहरावत भोकरहेड़ी, सुरजपाल डायरेक्टर, विनय बालियान शिवम सहरावत अंकुर ठाकरान नितिन आदि मौजूद रहे।

### अनियंत्रित कैंटर ट्रैक्टर से टकराया

**मीरापुर।** खतौली मार्ग पर गंगनहर के निकट रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब प्लास्टिक के डिब्बों से भरे एक कैंटर ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि मौके पर मौजूद कई मजदूर बाल-बाल बच गए। ब्रजपाल नामक चालक मोदीनगर से प्लास्टिक के डिब्बे लेकर कैंटर द्वारा बिजनौर जा रहा था। जब वह मीरापुर-खतौली मार्ग पर गंगनहर के पास पहुंचा तो अचानक किसी कारण उसका वाहन अनियंत्रित हो गया। देखते ही देखते कैंटर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से जा भिड़ा। क्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर को काफी नुकसान पहुंचा। घटना के समय ट्रैक्टर के पास कई मजदूर मौजूद थे।

## कानून-व्यवस्था होगी और चाक-चौबंद

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र को पुलिस विभाग से एक बड़ी अच्छी सौगात मिली है। यहां पर 54 नए कांस्टेबलों की तैनाती की गई है। इस बढ़ोतरी से इलाके में पुलिस की गश्त तेज होगी और अपराधों पर लगाम कसने में मदद मिलेगी। स्थानीय पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इन सब नए जवानों को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की अलग अलग चौकियों पर भेजा गया है। जिनमें उमरपुर पुलिस चौकी को 08 पुलिसकर्मी, परसोली पुलिस चौकी को 06 पुलिसकर्मी, गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी को 08 पुलिसकर्मी और बायवाला पुलिस चौकी को 06 नए कांस्टेबल मिले हैं। बुढ़ाना कोतवाली में 11 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। शेष अन्य जवानों को आवश्यकतानुसार अन्य संवे. दनशील स्थानों पर लगाया गया है। इस बारे में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नए जवानों के आने से गश्त व्यवस्था और सुख्रढ़ होगी। रात के समय गांव देहात और कस्बे की गलियों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी। जिससे चोरी, लूट, छेड़छाड़ और झगड़े जैसी वारदातों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी और साथ ही फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण भी अब पहले से तेज गति से होगा। पुलिस बल बढ़ने की खबर से स्थानीय लोगों में भी खुशी है। व्यापारियों और ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की संख्या बढ़ने से अब असामाजिक तत्वों में भी डर बनेगा। लोगों को रात के समय आवागमन में भी सुरक्षा का एहसास होगा।

### 9वीं से 12वीं तक अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण शुरू

**मीरापुर।** सनातन धर्म इंटर कॉलेज मीरापुर ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए कक्षा 9 से 12 तक हिंदी माध्यम के साथ-साथ अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई शुरू करने की अनुमति प्राप्त कर ली है। यूपी बोर्ड ने विद्यालय को कक्षा 9 और 11 में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण की औपचारिक स्वीकृति प्रदान की है। यह व्यवस्था वित्तविहीन होगी, जिसमें आवश्यक शिक्षक, फर्नीचर और अन्य संसाधनों की व्यवस्था प्रबंध समिति एवं समाज के सहयोग से की जाएगी।

## रामआसरे विश्वकर्मा पर हुए हमले से उबला विश्वकर्मा समाज

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजीपुर में पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा पर हुए जानलेवा हमले और निशा ब्विकर्मा की निर्मम हत्या से आक्रोशित ब्विकर्मा समाज सोमवार को बुढ़ाना



तहसील पहुंचा। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया और उप जिला अधिकारी बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। महासभा ने ज्ञापन में पांच सूत्रीय मांगें रखीं। पहली पूर्व मंत्री पर हमला करने वाले सभी दोषियों पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। दूसरी निशा ब्विकर्मा के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाई जाए। तीसरी पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा और तत्काल पुलिस सुरक्षा दी जाए। चौथी घटना के समय लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों और संबंधित अधिकारियों को तुरंत बर्खास्त किया जाए और पांचवीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समेत सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। महासभा के कई पदा. धिकारियों ने साफ साफ चेतावनी दी कि यदि जल्द ही न्याय नहीं मिला तो ब्विकर्मा समाज प्रदेश व्यापी आंदोलन छेड़ने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि समाज अब अन्याय सहन नहीं करेगा। इस मौके पर जय सिंह, रविंद्र, डॉक्टर कृष्णपाल, देहाती फिल्मों के अभिनेता मास्टर देव शर्मा, सुशील कुमार, संजय, मुकेश कुमार, मोर्. हत विश्वकर्मा और डॉक्टर केडी धीमान समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में घटना की निंदा की और दोषियों को सख्त सजा देने की मांग उठाई। ज्ञापन लेने के बाद बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार समाज की भावनाओं से उत्तर प्रदेश शासन को अवगत कराया जाएगा। इस ज्ञापन को तत्काल उच्चाधिकारियों और शासन को भेजा जा रहा है ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

### बेदखली सुचना

**श्रीमती रुखसाना पत्नी तसलीम निवासी मोहल्ला चौहटटा थाना चरथावल जिला मुजफ्फरनगर**

अपने पुत्र शौकीन के कृत्य से परेशान आकर अपने पुत्र से समबन्ध विच्छेद करती हूँ। अपनी चल अचल सम्पत्ति से भी बेदखल करती हूँ शौकीन अपने कार्यो को खुद जिम्मेदार होगा, हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होंगी।

## गौ सम्मान आह्वान, राष्ट्रपति तक पहुंची मांग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारतीय संस्कृति और ग्रामीण जीवन की धुरी माने जाने वाले गौ-वंश के संरक्षण और संवर्धन को लेकर खतौली कस्बे में एक संगठित पहल देखने को मिली। 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत क्षेत्र के गौ-सेवकों, संत समाज और जागरूक नागरिकों ने एकजुट होकर देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। स्थानीय प्रशासन के माध्यम से एसडीएम ललित मिश्रा को भी इस सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से गौ-रक्षा और गौ-वंश के संवर्धन के लिए ठोस और प्रभावी नीतियां लागू करने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि गंभीर कदम नहीं उठाए गए, तो यह महत्वपूर्ण धरोहर संकट में पड़ सकती है। अभियान के प्रतिनिधियों ने मांग की कि गौ-वंश को सुरक्षित, संरक्षित और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए ठोस योजनाएं बनाई जाएं। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौ-भक्तों और संत समाज के लोग मौजूद रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में चन्द्रपाल राजपूत, मदन छाबड़ा सहित दर्जनों लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### गौ सम्मान आह्वान अभियान

**धामपुर।** गौ सम्मान आह्वान अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत यात्रा निकाली गई। देश में प्रत्येक तहसील पर गौ सम्मान आह्वान अभियान कार्यक्रम के तहत एसडीएम कार्यालय पर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सीओ अभय कुमार पांडे एवं तहसीलदार धनराज कुमार को दिया गया। इस मौके पर गौरी गौशाला आश्रम से गौ सेवकों, गौ भक्तों, गौ रक्षकों ने एकत्रित होकर भजन-कीर्तन, गौ माता के जैकारों के साथ ढोल-नगाड़े बजाते हुए नगर के मुख्य बाजार होते हुए धामपुर तहसील तक यात्रा निकाली।

## गो माता को राष्ट्रमाता के दर्जे को भेजा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** गौ सम्मान आह्वान अभियान सोमवार को 11:00 बजे शिव चौक से तहसील सदर तक पदयात्रा कर गौ माता को राष्ट्रीय माता बनाए जाने के लिए एक ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री राज्यपाल मुख्यमंत्री का नाम ज्ञापन भगवान शिव व नंदी महाराज के चरणों में रखकर और सर पर विराजमान कर तहसील सदर में जाकर एसडीएम साहब को दिया। गौ सेवक निशु, गौ अमन सोनकर, विवेक शर्मा, अरविंद शर्मा, दीपक कुमार, शिवम कुमार, नवीन प्रणामी, सोनू धीमान, शुभम शर्मा निशु दीप समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल रेशु जी सभी गौ सेवकों के द्वारा दिया गया

### आरएसएम में वित्तीय सेमिनार

**धामपुर।** आरएसएमपीजी कॉलेज में 'मिशन शक्ति 5.0' के तहत आर्थिक स्वावलंबन एवं वित्तीय साक्षरता विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डा. रश्मि रावल शर्मा ने की। इस मौके पर प्राचार्या ने कहा कि नारी सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होता है, जब महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने छात्राओं को बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने, बचत की आदत विकसित करने और साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मनीष कुमार पुत्र सुखपाल नशा करने लगा है। नशे की हालत में मेरे व मेरे पति और बच्चों के साथ मारपीट करने लगा है। गलत संगत में उठता बैठता है। मेरी पुत्रियों के साथ भी अत्याचार करता है। मै अपने पुत्र के अत्याचारों से परेशान होकर मनीष कुमार से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए इसको अपनी समस्त अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज के बाद इसके द्वारा किये गये कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। मनीष कुमार स्वयं जिम्मेदार होगा।

**श्रीमति फुलवास पत्नी**
**सुखपाल सिंह निवासी ग्राम**
**गोयला थाना शाहपुर**
**ज़िला मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरे 8 बच्चे हैं जिनमें क्रमश: सोनू, रूबी, अजय, रवि, नीतू शादीशुदा है तथा शिवा, अक्षय और अरूण अविवाहित है। मेरा एक पुत्र अजय व उसकी पत्नि रेखा गलत संगत में पड़कर मेरे व परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं और परिजनों से अभद्र व्यवहार करते हैं तथा गांव मे झगडा व गाली गलौच करते हैं पुत्र गांव वालों रिश्तेदारों व अन्य लोगों से पैसे उधार लेकर सट्टा व जुआ मे बर्बाद करता है। इनसे परेशान होकर मैंने अपने पुत्र अजय व उसकी पत्नि रेखा से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेन देन की कोई जिम्मेदारी मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की नहीं होगी। ये दोनों अपने कृत्य व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**ओमपाल सिंह पुत्र हरख्याल सिंह**
**निवासी-ग्राम इटावा,**
**थाना बुढ़ाना**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा भाई मेहताब गलत संगत में पड़कर आवारा हो गया है और मेरे कहने सुनने से बाहर है इसके गलत आचरण के कारण मैंने इससे सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए हैं आज के बाद मेरा और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का मेहताब से किसी प्रकार का मतलब वास्ता नहीं रहा है। किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए मेहताब स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**मेहरबान**
**पुत्र स्वर्गीय शरीफ**
**हरसौली,**
**ज़िला मुजफ्फरनगर**

## पूर्व प्रमुख का ढोल नगाड़ों से हुआ स्वागत



**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र की सियासत बीती रविवार की देर रात उस समय गर्मा गई जब ब्लाक के गांव फतेहपुर खेड़ी में पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद मलिक का भव्य स्वागत हुआ। सैकड़ों ग्रामीण ढोल नगाड़ों की थाप पर जुलूस की शक्ल में उमड़ पड़े और फूल मालाओं से विनोद मलिक का स्वागत किया।

सभास्थल पर विनोद मलिक जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। स्वागत समारोह में मंच से ग्रामीणों ने एक सुर में कहा उन्होंने प्रमुख साहब को किसी निजी काम के लिए नहीं बुलाया। वे चाहते हैं चौधरी जयंत बुढ़ाना विधानसभा सीट से विनोद मलिक को पार्टी प्रत्याशी घोषित करें। ग्रामीणों ने कहा यदि विनोद मलिक को टिकट मिलता है तो वे इस क्षेत्र से उन्हें रिकॉर्ड मतों से जिताकर विधानसभा भेजेंगे। विनोद मलिक जमीन से जुड़े हैं जो हर सुख दुख में जनता के साथ खड़े रहते हैं। समर्थन का सैलाब देख पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद मलिक ने कहा आपका यह प्यार व भरोसा ही मेरी असली ताकत है। मैं पार्टी का सच्चा सिपाही हूं। हाईकमान जो निर्णय लेगा उसे सहर्ष स्वीकार करूंगा। मेरा पूरा जीवन बुढ़ाना की जनता की सेवा के लिए समर्पित है। वे क्षेत्र के विकास, किसान मजदूरों के हक व युवाओं के रोजगार के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। यहां पर लताफत अली, इंतजार अली, आरिफ अली, कासिम अली, शहजाद, सुनील प्रधान, संजीव कश्यप, ईश्वर सिंह प्रधान, साहब सिंह प्रधान सैनी, नीतू सैनी, तै"यब सिद्दीकी, मोहसीना अंसारी, हासिम बाबा, जितेंद्र मलिक, पप्पू शेख व लविशष्ठ जांगिड आदि मौजूद रहे। इस भव्य स्वागत ने बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी। सियासी जानकार इसे विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा शक्ति प्रदर्शन मान रहे हैं। माना जा रहा है कि इस जनसैलाब के जरिए विनोद मलिक ने पार्टी हाईकमान के साथ विरोधियों को भी अपनी जमीनी पकड़ का एहसास करवा दिया है।

### करांटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन, अरहम अंसारी व आरना का नेशनल के लिए चयन

**पुरकाजी।** कस्बे के खिलाड़ियों ने कराटे चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अरहम अंसारी एवं आरना का चयन नेशनल कराटे चौंपियनशिप के लिए हुआ है, जो कस्बे और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। लोगों ने उम्मीद जताई कि दोनों खिलाड़ी नेशनल स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम और ऊंचा करेंगे।

## गौ माता सम्मान दिवस पर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

**बुढ़ाना।** संतों के आह्वान पर देश भर में चल रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को बुढ़ाना तहसील परिसर में गौ माता सम्मान दिवस मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ और हिंदू सुरक्षा सेवा संघ समेत कई हिंदू संगठनों ने तहसील मुख्यालय पर एकजुट होकर एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने गौ माता को राष्ट्र माता का संवैधानिक दर्जा देने और गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब हिंदूवा.



हिनी के नगर उपाध्यक्ष छोटा सैनी ने मुख्यमंत्री के नाम अपने खून से पत्र लिखकर ज्ञापन के साथ सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की आत्मा है राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ के जिला अध्यक्ष विशाल कुमार पाल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से मांग की गई कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए। इस दौरान शिवम चौहान, हर्ष सैनी,मोनू, सुमित कुमार और पारस सैनी समेत मौजूद रहे। डॉ. सोनू कश्यप, अंकित कुमार और मोनू ठाकुर सहित गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।


### कार्यालय ग्राम पंचायत जोगियाखेडा, विकास खण्ड बुढाना, मुजफ्फरनगर

पत्र: मेमो दिनांक-10.04.2026

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जोगियाखेडा, वि.ख. बुढ़ाना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्यवित्त, 15 वां वित्त, ओ.डी.एफ. प्लस, अन्त्येष्टि स्थल योजना, अटल भूजल योजना, मनरेगा एवं अन्य वित्तयोजनान्तर्गत होने वाले निर्माण / मरम्मत कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, बालू रेत, कोरसैण्ड, इण्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाइल्स, सरिया, रोडी, चौनल सोलर लाईट सामग्री, प्लास्टिक बैंक स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैण्डपम्प रिपेयर रिबोर सामग्री, हाई मास्ट, साईन बोर्ड, ई-रिक्शा / रेडा, ओपेन जिम सामग्री, आर.ओ. वॉटर कूलर, स्कूल / ऑफिस, आंगनबाड़ी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य, सेनेटाइज फॉगिंग, जेसीबी द्वारा मिटी का कार्य, पानी निकासी का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार / फर्म से दिनांक 17.04.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि 17.04.2026 को 3.00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का आयकर विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है। सम्बन्धित कार्यों के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत जोगियाखेडा**
**वि.ख. बुढाना, मु. नगर**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत जोगियाखेडा**
**वि. ख. बुढाना, मु. नगर**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक- 190/नि0वि0/सा0प्र0/2026-27 दिनांक:- 27-04-2026

**अति-अल्पकालीन ऑफलाईन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत / वर्ष 2026-27 में नवीनीकृत / किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 07 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 15/05/2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक ऑफलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.04.2026 की प्रात: 10:00 से दिनांक 15.05.2026 की अपराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित मूल्य के साथ जमा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग से क्रय किये जा सकते है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 15.05.2026 की साय 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य **राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि** की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है।

**सहायक अभियन्ता ( निर्माण )**
**नगर पालिका परिषद**
**मुज़फ्फरनगर।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मुज़फ्फरनगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मुज़फ्फरनगर।**

### कार्यालय ग्राम पंचायत राजपुर छाजपुर, विकास खण्ड बुढाना, मुजफ्फरनगर

पत्र: मेमो दिनांक-10.04.2026

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राजपुर छाजपुर, वि.ख. बुढ़ाना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्यवित्त, 15 वां वित्त, ओ.डी.एफ. प्लस, अन्त्येष्टि स्थल योजना, अटल भूजल योजना, मनरेगा एवं अन्य वित्तयोजनान्तर्गत होने वाले निर्माण / मरम्मत कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, बालू रेत, कोरसैण्ड, इण्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाइल्स, सरिया, रोडी, चौनल सोलर लाईट सामग्री, प्लास्टिक बैंक स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैण्डपम्प रिपेयर रिबोर सामग्री, हाई मास्ट, साईन बोर्ड, ई-रिक्शा / रेडा, ओपेन जिम सामग्री, आर.ओ. वॉटर कूलर, स्कूल / ऑफिस, आंगनबाड़ी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य, सेनेटाइज फॉगिंग, जेसीबी द्वारा मिटी का कार्य, पानी निकासी का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार / फर्म से दिनांक 18.04.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि 18.04.2026 को 3.00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का आयकर विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है। सम्बन्धित कार्यों के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत राजपुर छाजपुर**
**वि.ख. बुढाना, मु. नगर**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत राजपुर छाजपुर**
**वि. ख. बुढाना, मु. नगर**

# नालों पर पक्के कब्जों से बिगड़ी सफाई व्यवस्था

■ अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार और स्वास्थ्य अधिकारी ने टीम के साथ किया निरीक्षण

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के नालों पर बढ़ते पक्के अतिक्रमण अब नगर पालिका प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर नालों के ऊपर स्थायी निर्माण होने से न केवल सफाई कार्य बाधित हो रहा है, बल्कि जल निकासी व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। पालिका अधिकारियों का साफ कहना है कि यदि जल्द स्थिति नहीं सुधरी तो बरसात के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या सामने आ सकती है।

सोमवार को अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार और स्वास्थ्य अधिकारी नेपाल सिंह ने पालिका टीम के साथ रेलवे रोड और जानसठ मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान नालों पर किए गए अतिक्रमणों की स्थिति देख अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताई। कई जगह दुकानदारों और भवन स्वामियों द्वारा नालों पर पक्की स्लैब डालकर स्थायी कब्जा कर लिया गया है, जिससे सफाई कर्मचारियों की पहुंच पूरी तरह बाधित हो गई है। नतीजतन नालों में गंदगी और सिल्ट जमा हो रही है और जल निकासी प्रभावित हो रही है। निरीक्षण के दौरान ईओ राजीव कुमार ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण करने वाले लोग या तो स्वयं अपने स्तर से नालों की सफाई सुनिश्चित करें और कब्जा हटाएं, अन्यथा पालिका अभियान चलाकर ऐसे निर्माणों को हटाएगी। अतिक्रमण इसकी राह में



बड़ी बाधा बन रहा है। वहीं, स्वास्थ्य अधिकारी नेपाल सिंह ने चेतावनी दी कि गंदे और बंद नालों के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ सकता है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। पालिका ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। नोटिस के बावजूद कब्जा न हटाने वालों पर सख्त कार्रवाई तय मानी जा रही है। निरीक्षण के बाद से ही अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप की स्थिति है

## गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग



**मुजफ्फरनगर।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ जिला कार्यकारणी ने जिला अध्यक्ष शैंकी धीमान एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंकित कुमार के नेतृत्व में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने के संबंध में प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी सदर तहसील, उप जिलाधिकारी बुढ़ाना तहसील, उप जिला. धिकारी खतौली को ज्ञापन सौंपा। गौ माता भारतीय समाज को एकता, सेवा, सह-अस्तित्व ओर प्रकृति संरक्षण का संदेश देती है । अतः राष्ट्रहित, संस्कृति संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों को भारतीय मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्ये से गौ माता को राष्ट्र माता किया जाना समय की मांग है। देशभर में गौशालाओं के विकास एवं संरक्षण हेतु विशेष योजनाएं लागू की जाए, ज्ञापन देने वालों में जिला प्रभारी अंशुल तायल ,जिला अध्यक्ष शैंकी धीमान,जिला कार्यकारी अध्यक्ष अंकित कुमार, जिला उपाध्यक्ष शुभम राठी,जिला मंत्री हरिभान सिंह,सदर तहसील मंत्री सोनू कुमार,कार्यकारणी सदस्य राम सिंह,टिंकू सैनी, अभिषेक,राजेंद्र तायल,पुष्पेंद्र शर्मा, नितिन सैनी, गो रक्षक मोनू आदि उपस्थित रहे।

## फैसला ना करने पर जान से मारने की धमकी का आरोप

**फुगाना/बुढ़ाना।** थाना फुगाना क्षेत्र के गांव रायपुर अटेरना निवासी कालू पुत्र कृष्ण ने गांव के ही 5 लोगों पर जान से मारने की धमकी देने और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी तो पुलिस ने उसे पकड़कर बैठा लिया और शांति भंग में चालान कर दिया। कालू पुत्र कृष्ण ने बताया कि उसका मुकेश, बालेंद्र उर्फ बाली व तेजपाल आदि के साथ मुकदमा चल रहा है जो निर्णय के करीब है। इसी रंजिश के चलते बीती 26 अप्रैल की शाम करीब 8रू30 बजे जब वह बुढ़ाना से गांव लौट रहा था तो गांव रायपुर अटेरना में मंदिर से थोड़ा आगे प्रदीप पुत्र ब्रज बिहारी, निशान्त व सूरज पुत्रगण ब्रहम प्रकाश, ब्रहम प्रकाश पुत्र धर्म सिंह ने उसे रोक लिया। आरोप है कि निशान्त व प्रदीप ने देशी तमंचा उसकी छाती पर अड़ा दिया और तीन दिन में मुकेश आदि के साथ फैसला करने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। धमकी दी गई कि यदि 3 दिन में फैसला नहीं किया तो तेरी लाश भी घरवालों को नहीं मिलेगी।घटना के बाद पीड़ित का भतीजा जितेन्द्र उसे लेकर थाना फुगाना पहुंचा। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल तो कराया बाद में उसे उल्टे ही मदद करने की बजाए जेल भेज दिया। जिसको लेकर पीड़ित पक्ष में फुगाना पुलिस की कार्यशैली के प्रति भारी रोष है।

## कृषि विज्ञान केंद्र ने मंदवाडा में की कृषक गोष्ठी

**बुढ़ाना।** कृषि विज्ञान केंद्र बघरा के वैज्ञानिकों ने गांव मंदवाड़ा में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजित की। युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के आवास पर आयोजित गोष्ठी में किसानों ने भाग लिया। वैज्ञानिकों ने किसानों को मृदा परीक्षण, फसल सुरक्षा व पशुपालन से जुड़ी आधुनिक जानकारी दी। गोष्ठी में मृदा वैज्ञानिक डक्क्टर रविंद्र कुमार ने बताया खेत से मिटी का नमूना कैसे लेना चाहिए व परीक्षण क्यों जरुरी है। सभी किसान को मृदा परीक्षण के आधार पर ही फसलों में खाद का प्रयोग करना चाहिए। इससे पता चलता है कि खेत में किस पोषक तत्व की कमी है। सही मात्रा में खाद डालने से लागत कम आती है व पैदावार भी ज्यादा मिलती है। फसल सुरक्षा विशेषज्ञ डाक्टर वीरेंद्र कुमार ने कहा यदि किसान समय पर रोग की पहचान कर उचित दवा व खाद का इस्तेमाल करें तो फसल को बड़े नुकसान से बचा सकता है। सही समय पर छिड़काव से कम लागत में बेहतर उत्पादन लिया जा सकता है। पशुपालन वैज्ञानिक डाक्टर दीपक शर्मा ने गमह्न के मौसम में पशुओं की देखभाल, बीमारियों व उनकी रोकथाम पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को खुर पका मुंहपका रोग से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण कराने की सलाह दी व साथ ही पशुओं को पेट के कीड़ों की दवा पिलाने, साफ पानी व हवादार स्थान पर रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा स्वस्थ पशु ही अधिक दूध देगा जिससे किसानों की आय बढ़ेगी। किसानों ने वैज्ञानिकों से सवाल जवाब कर अपनी शंकाओं का समाधान किया। आयोजक तैमूर अली राणा ने कृषि विज्ञान केंद्र की टीम का आभार जताया। किसानों ने कहा इस तरह की गोष्ठी से उन्हें खेती की नई तकनीकों की जानकारी मिलती है जो बहुत लाभकारी है।

## एसडीएम को बताई समस्याएं

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना क्षेत्र में इन दिनों एसडीएम बुढाना कृष्णकांत विश्वकर्मा की सक्रिय कार्य शैली चर्चा का विषय बनी हुई है। वह जन समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। प्रतिदिन सुबह करीब 10 बजे कार्यालय पहुंचते ही वे फरियादियों की शिकायतें सुनना शुरू कर देते हैं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश देते हैं। बुढ़ाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों से रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर तहसील पहुंच रहे हैं। जमीन की पैमाइश, विरासत, खतौनी में त्रुटि, आय जाति निवास प्रमाण पत्र, पेंशन और अन्य राजस्व के मामलों से जुड़ी शिकायतों को एसडीएम खुद गंभीरता से सुनते हैं। कई मामलों में तत्काल लेखपाल, कानूनगो व अन्य अधिकारियों को फोन कर मौके पर ही समाधान कराया जा रहा है। लगातार जनसुनवाई और त्वरित कार्रवाई से आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले छोटे छोटे कामों के लिए महीनों चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन अब एसडीएम खुद संज्ञान लेकर समाधान करा रहे हैं। अपनी इस सक्रियता व जन हितैषी रवैये के चलते बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा इन दिनों पूरी बुढ़ाना तहसील क्षेत्र में काफी सराहना बटोर रहे हैं। अधिकारी व कर्मचारी भी अलर्ट मोड पर हैं। जिससे सभी कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में अब बड़ा बदलाव दिख रहा है।

## ट्रैफिक पुलिस के लिए बुत व एसी हेलमेट की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जय जवान जय किसान जय किसान सेना ट्रैफिक पुलिस की कुछ समस्याओं को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वे जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा गया। जिसमें अहिल्याबाई चौक अस्पताल चौराहेपरजाम की समस्याओं को लेकर वह ट्रैफिक पुलिस के बुत को दोबारा लगाने के लिए ज्ञापन दिया गया इससे लोगों को जाम से निजात मिलेगी ट्रैफिक पुलिस को भयंकर गर्मी से वह बारिश के मौसम में राहत मिलेगी सरकार ने जो वादा किया था पिछले साल ऐसी हेलमेट देने का उसकी भी मांग की गई है सभी पुलिसकर्मियों



को ऐसी हेलमेट वे साप्ताहिक छुटी दी जाए। चौधरी अवनित पवार जिंदाबाद किसान सेवा जिंदाबाद मंडल अध्यक्ष सहारनपुर मंडल मोहम्मद मुरसलीन मौजूद रहे।

## वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**बुढ़ाना।** ग्लोबल पब्लिक स्कूल जौला में सोमवार के दिन वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षा 8 में हुमैरा पुत्री जाहिद ने 86.56 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 07 में सुमबुल पुत्री फुरकान 84.81 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल रहीं। कक्षा 06 में फरहा पुत्री फुरकान ने 84.43 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 06 में ही सुहैल पुत्र शाहिद ने 81.4 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 04 में चाहत पुत्री फरमान ने 75.86 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्दुल कादिर ने सभी मेधावी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एसडीएम के खिलाफ वकीलों की कलमबंद हड़ताल

**जानसठ।** बार एसोसिएशन जानसठ के अधिवक्ताओं ने एसडीएम के कार्य व्यवहार से नाराज होकर मोर्चा खोल दिया है और कलम बंद हड़ताल करते हुए सभी चेंबर्स बंद रखे गए। यहां तक कि रजिस्ट्री कार्यालय में भी काम काज ठप्प रहा।सोमवार तहसील बार एशोसिएशन के नेतृत्व में उप जिला मजिस्ट्रेट जानसठ राज कुमार भारती द्वारा पीड़ितों, अधिवक्ताओं एवं आम जनता से दुर्व्यवहार करने, विगत काफी दिनों से अपने व्यवहार में सुधार न लाने और वादकारियों के आवश्यक कार्य को न करने , सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय प्रयागराज के आदेशों के बावजूद नए वादों को समय पर दर्ज न करना, वादी को न्याय से वंचित रखना, के विरोध स्वरूप बार एसोसिएशन जानसठ द्वारा जिलाधिकारी से उप जिलाधिकारी जानसठ के ट्रांसफर की मांग करते हुए कहा,,कि एसडीएम के इस व्यवहार से अधिवक्ता से लेकर वादकारी तक सभी परेशान हैं। ऐसे में एसडीएम का स्थानांतरण आवश्यक है। इसी क्रम में विरोध स्वरूप बार एसोसिएशन द्वारा कलम बंद हड़ताल की गई। और सभी अधिवक्ताओं ने अपने-अपने चेंबर बंद करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बार एसोसिएशन जानसठ के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, सचिव दीपेश गुप्ता एवं अजय पंत, यशवंत कांबोज, नरेंद्र दीक्षित, तेजपाल सिंह, शशि सैनी, अफसर मेहंदी, सहेंद्र कुमार, पिंटू कुमार, विकास गुप्ता, इमान अली, अनवर अहमद, मौ नईम, इरशाद राव, प्रदीप सैनी, मौ नौमान, सुनील कपिल आदि अधिवक्तागण एवं दस्तावेज लेखकगण, मुंशीगण, टाइपिस्टगण, स्टांप वेंडर्स आदि मौजूद रहे।

# एसडी इंजीनियरिंग में एआई व डेटा साइंस पर कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस पर माइक्रोसॉफ्ट द्वारा स्किल इंडिया के अन्तर्गत आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में कुल 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को इंटरएक्टिव एवं ज्ञानवर्धक बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों एवं प्रदर्शन सत्रों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रायोगिक सत्र रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने जेमिनी (एआई प्रॉम्प्ट) के माध्यम से सरल गेम बनाना सीखा, जिससे उन्हें आधु. निक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संस्थन के सचिव अनुभव कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि एआई और डेटा साइंस जैसे क्षेत्र भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस जैसे उभरते और भविष्य-निर्माणकारी क्षेत्रों में एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों से जोड़ते हुए उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आगामी माह अंतर्राष्ट्रीय एआई एवं डेटा साइंस समिट का भव्य आयोजन वृहद स्तर पर किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के विशेषज्ञ, शोधकर्ता एवं उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तित्व सहभागिता करेंगे। यह समिट ज्ञान-विनिमय, नवाचार और तकनीकी सहयोग का एक सशक्त मंच सिद्ध होगा।

## पंचम दिवसीय अनुष्ठान पूजा-अर्चना के साथ प्रारम्भ

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन पोटाश लिमिटेड, रोहाना कलां की कालोनी स्थित शिव आराधना मंदिर में स्थापित की जाने वाली लक्ष्मी नारायण भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हेतू पंचम दिवसीय अनुष्ठान का शुगर मिल के प्रधान प्रबन्धक इं. लोकेश कुमार ने सपत्नीक पूजा अर्चना कर मंत्रोच्चारण के साथ शुभारम्भ किया स मन्दिर के मुख्य पंडित शिव नारायण शास्त्री ने बताया कि लक्ष्मी नारायण भगवान की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा एक मई 2026 को की जाएगी।

शिव आराधना मन्दिर के मुख्य पुजारी पं. शिव नारायण शास्त्री के निर्देशन में पुजारी पं. बालभद्र शास्त्री, पं. हर्ष शर्मा, पं. विवेक पाराशर, पं. नन्द किशोर भारद्वाज एवं पं. मोहित शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करायीं। पूजा अर्चना में वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन एवं विधि) आर के तिवारी, मुख्य अभियन्ता (सिविल) इं. नरेश कुमार रस्तौगी, लेखाधिकारी तरूण कुमार गोड, क्रय अधिकारी अमित कुमार, इं.आदित्य दीक्षित, बसन्त गोयल, शिशिर गोयल आदि उपस्थित रहे।

## एमएससी तृतीय सेमेस्टर में शालिनी प्रथम

**बिजनौर।** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज एमएससी जन्तु विज्ञान (मत्स्य एवं मत्स्यिकी विज्ञान) के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जन्तु विज्ञान की विभागाध्यक्षा डा. शोमा सिंह ने बताया कि एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा शालिनी रानी ने 80.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, सोफिया परवीन ने 80.3 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व शाजिया परवीन ने 78.3 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि एमएससी मत्स्य एवं मत्स्यिकी विज्ञान दो वर्षीय पोस्टग्रेजुएट कोर्स है।

## सुस्त निर्माण से बढ़ीं मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बे का तहसील मार्ग इन दिनों लोगों के लिए परेशानी का पर्याय बन चुका है। करीब एक माह पहले शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य अब भी अध. ूरा पड़ा है और इसकी धीमी रफ्तार ने हालात को और बिगाड़ दिया है। सड़क पर बिखरी रोड़ी और उड़ती धूल ने राहगीरों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं।

दिनभर उड़ती धूल के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल जाने वाले बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को झेलनी पड़ रही है। जरा सी चूक हादसे का कारण बन सकती है। निर्माण कार्य के दौरान डाली गई मिटी को बीच रास्ते में ही छोड़ देने से यातायात प्रभावित हो रहा है और हल्की हवा चलते ही धूल के गुबार पूरे इलाके में फैल जाते हैं। आसपास के घरों में धूल घुसने से लोगों का जीना दूभर हो गया है। तहसील के अधिवक्ताओं ने भी निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाया है। तीर्थ कॉलोनी और जगत कॉलोनी के लोगों ने इस समस्या को लेकर प्रशासन को शिकायत पत्र सौंपते हुए जल्द समाधान की मांग की है। स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर निर्माण कार्य में तेजी लाने, सड़क किनारों का समुचित भराव कराने और मार्ग पर फैली रोड़ी हटवाने की मांग की है।

# मजदूर पिता के सपनों को बेटे ने दी उड़ान

**खतौली।** कभी ईंट-गारे के बीच पसीना बहाकर परिवार का पेट पालने वाले पिता के सपनों को बेटे ने हकीकत में बदल दिया। पुरबालियान गांव निवासी मेहताब अली ने सिपाही बनकर न सिर्फ अपने परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि संघर्ष और मेहनत की मिसाल भी पेश की। रविवार को पासिंग आउट परेड के बाद जैसे ही मेहताब अली खाकी वर्दी में अपने माता-पिता के पास पहुंचे, भावनाएं उमड़ पड़ीं। बेटे को वर्दी में देखकर मजदूर पिता अलीशेर की आंखें भर आईं और सीना गर्व से चौड़ा हो गया। वहां मौजूद हर शख्स इस ख्रश्य को देखकर भावुक हो उठा। मेहताब बताते हैं कि उन्होंने बचपन



से ही अपने पिता को कड़ी मेहनत करते देखा है। पढ़ाई के बाद उन्होंने एक फार्मा कंपनी में नौकरी भी की, लेकिन उनका सपना सरकारी सेवा में जाने का था। मेहताब अली ने बताया, हमैंने हमेशा अपने माता-पिता के संघर्ष को याद रखा। अब मेरी पहली जिम्मेदारी अपने दोनों छोटे भाइयों को अच्छी शिक्षा दिलाना है। मैंने पिता से कह दिया है कि अब वह मजदूरी छोड़ दें और आराम करें।

# भाकियू तोमर ने हुंकार के बाद सरकार को भेजा 22 सूत्रीय ज्ञापन

■ प्रशासन के आश्वासन पर टली महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) द्वारा अपनी पूर्व घोषित रणनीति के तहत आज हरिद्वार प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को 22 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर की घोषणा के बाद, जब बड़ी संख्या में किसान हरिद्वार कप्तान कार्यालय पर पंचायत के लिए जुटने लगे, तो प्रशासन में हड़कंप मच गया। भारी मशक्कत और मान-मनौवल के बाद किसान प्रतिनिधिमंडल वार्ता के लिए तैयार हुआ। क्ड और कप्तान के साथ लंबी वार्ता सुबह 10 बजे जिला. धिकारी और कप्तान ने संगठन के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी के नेतृत्व में लगभग 35 मिनट तक चली इस वार्ता में किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि ज्ञापन के प्रत्येक बिंदु पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा, जिसके बाद संगठन ने अपनी प्रस्तावित पंचायत को स्थगित करने का निर्णय लिया। किसानों ने अपनी मांगों में स्पष्ट किया कि यदि इनका समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। गन्ने का रेट छ500 प्रति क्विंटल किया जाए और बकाया भुगतान तत्काल हो। स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर पूर्ण रूप से रोक लगे। पहाड़ी क्षेत्रों में जंगली जानवरों और हाथियों से फसल बचाने के लिए तारबंदी हो और नुकसान का उचित मुआवजा मिले। हालिया बारिश से बर्बाद हुई




फसलों का सर्वे कर मुआवजा दिया जाए। जनपद में अवैध खनन, अवैध पशु कटान और नशे के कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। मुख्यमंत्री के विजन के अनुसार जनपद को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाए। यहां तालिब हसन, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान, युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित उपाध्याय, प्रदेश सचिव नितिन राठी, मीडिया प्रभारी विकास वालिया, यूपी प्रभारी अजय त्यागी, रिहान तोमर, गढ़वाल मंडल अध्यक्ष तस्लीम राव और युवा जिला अध्यक्ष तोसीफ खान सहित समीर, मुसीर और यूनूस प्रधान जैसे वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त सीओ रुपाली राव का बजरंग दल ने किया सम्मान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कस्बे में सोमवार को एक सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला, जब बजरंग दल की स्थानीय टीम ने क्षेत्र की नवनियुक्त क्षेत्राधिकारी रुपाली राव चौधरी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान संगठन के पदा. धिकारियों ने उन्हें राधा रानी का पावन चित्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके सफल व प्रभावी कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल लक्ष्मीनगर के जिलाध्यक्ष एवं सह-संयोजक प्रशांत पंडित ने किया। उन्होंने यह आश्वस्त किया कि बजरंग दल जनहित के मुद्दों पर हमेशा प्रशासन के साथ सहयोगात्मक भूमिका निभाता रहेगा।

नवनियुक्त सीओ रुपाली राव



चौधरी ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना है। इसके लिए उन्होंने आम नागरिकों और सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील की, ताकि मिलकर एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण बनाया जा सके। इस मौके पर बजरंग दल खतौली के नगर संयोजक आचार्य शिवम् भारद्वाज, सह-संयोजक शुभम भटनागर, नगर सुरक्षा प्रमुख आशु पंडित (लाडपुर) और नितिन भटनागर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सकारात्मक संवाद और आपसी सहयोग की भावना साफ तौर पर नजर आई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम ने गौ आश्रय स्थलों में परखी व्यवस्थाएं






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवागत जिलाधिक. ारी आलोक यादव ने आज विकास खण्ड थानाभवन के अंतर्गत तीन गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर गौवंश की देखभाल और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कई कमियों पर नारा. जगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले अस्थाई गो आश्रय स्थल नौजल नोजली का निरीक्षण किया। यहां उन्हें पशुधन प्रसार अधिकारी अनुपस्थित मिले, जिससे वह काफी नाराज हुए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को अनुपस्थित अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगने के आदेश दिए। इस गौशाला में कुल 31 गोवंश मौजूद थे। जिलाधिकारी ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए पशुओं के लिए उचित प्रबंध करने और अतिरिक्त शेड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने चारे की गुणवत्ता, पानी और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

इसके बाद आलोक यादव ने वृहद गौशाला नौगांव पटी का निरीक्षण किया। यहां 239 गोवंश थे। व्यवस्थाओं को परखने के बाद उन्होंने खंड विकास अधिकारी को यहां भी अतिरिक्त शेड का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पशुओं को पर्याप्त छाया और हवादार व्यवस्था मिलनी चाहिए। तीसरे चरण में जिलाधिकारी ने अस्थाई गौशाला जलालाबाद देहात का निरीक्षण किया। यहां पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले गौ पूजन किया और गोमाता को गुड़, केला व आटे की लोई खिलाकर उनकी सेवा की। इस गौशाला में 93 गोवंश मौजूद थे। उन्होंने सभी गौशालाओं में मिली कमियों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को हर गौशाला की आवश्यकताओं की चेकलिस्ट बनाने का आदेश दिया, ताकि भविष्य में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही न हो। इस दौरान एसडीएम शामली निधि भारद्वाज, तहस. ीलदार मनोज कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम सचिव भी मौजूद रहे। जिलाधिक. ारी के अचानक किए गए इस निरीक्षण से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया और गौशाला प्रबंधन को सुधार के निर्देश दे दिए गए।

## ईवीएम-वीवीपैट भंडारण कक्ष का डीएम ने किया निरीक्षण

**शामली।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक यादव ने आज ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण और सुरक्षा व्यवस्था का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक मतदान उपकरणों की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने निर्देश दिए कि मशीनों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भंडारण कक्ष में प्रवेश से लेकर ताला-चाबी तक की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व सुरक्षित रखी जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी निधि भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# चबूतरे के विवाद में पिता-पुत्र पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पड़ोसियों के बीच चबूतरे के नुकसान को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने पिता-पुत्र पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, मारपीट में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी आशिक अली ने बताया कि उनके पड़ोसी मकान निर्माण कार्य करा रहे हैं। करीब एक सप्ताह पूर्व वह ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंट लेकर जा रहे थे, इसी दौरान उनके घर के बाहर बना चबूतरा क्षतिग्रस्त हो गया था। उस समय ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया और क्षतिग्रस्त चबूतरे को ठीक कराने का अश्वासन दिया गया था।आरोप है कि सोमवार को आशिक अली अपने पुत्र दाऊद के साथ पड़ोसी के घर चबूतरा ठीक कराने की बात कहने पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपियों ने अचानक उन पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई, जबकि परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए।परिजनों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले की सूचना मिली है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक-साईकिल भिड़ंत में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल हाईवे पर जाट फार्म के निकट सोमवार को एक मोटरसाइकिल और साइकिल के बीच टक्कर हो गई, जिसमें दोनों चालक घायल हो गए। वेदखेड़ी निवासी मंजूर साइकिल से बिडौली की ओर से भिक्षा मांगकर लौट रहे थे। जैसे ही वह जाट फार्म के पास पहुंचे, तभी पीछे से केरटू निवासी इरशाद अपनी मोटरसाइकिल से आ रहा था। ओवरटेक करने के दौरान मोटरसाइकिल साइकिल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन कुछ दूरी तक घिसटते चले गए और दोनों चालक घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत दोनों घायलों को उठाकर उपचार के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत के बाद समझौता हो गया और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में मामला शांत करा दिया गया।

## पुश्तैनी मकान पर कब्जे को लेकर खूनी संघर्ष

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अफगानान में पुश्तैनी संपत्ति को लेकर चल रहा विवाद रविवार को हिंसक झड़प में बदल गया। मकान पर कब्जे का विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पीड़ित पक्ष पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

मोहल्ला अफगानान निवासी अंकित कुमार पुत्र बाबूराम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनके दादा की संपत्ति में उनके पिता का हिस्सा है, जो वर्तमान में खाली पड़ा है। आरोप है कि उसी मोहल्ले के महेंद्र पुत्र सीताराम और उसका पुत्र प्रवीण जबरन मकान पर कब्जा करने की नीयत से वहां पहुंचे। पीड़ित के अनुसार, 26 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे आरोपी मकान में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे और निर्माण कार्य शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे अंकित के भाई सावन ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की तो प्रवीण ने उस पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह हालात को काबू में किया और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। समय रहते लोगों के हस्तक्षेप से बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित अंकित कुमार ने कोतवाली कैराना पहुंचकर आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्वकर प्रणाली के खिलाफ बढ़ा विरोध, राव वारिस ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे में लागू की गई कथित कर प्रणाली' को लेकर व्यापारियों और आम नागरिकों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में व्यापारियों द्वारा पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस को सौंपे गए ज्ञापन को उन्होंने दिल्ली में राष्ट्रीय लो. कदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी तक पहुंचाया। इस दौरान पूर्व विधायक ने थाना भवन की जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कर प्रणाली पर पुनर्विचार की मांग की।



पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस ने केंद्रीय मंत्री से वार्ता करते हुए कहा कि जब जनपद शामली की सबसे बड़ी नगर पालिका में मात्र 10 पैसे की दर से कर लागू है, तो थाना भवन में 60 पैसे का कर लगाया जाना पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने ऐसे अधिकारियों की मनमर्जी और असंतुलित नीति करार देते हुए कहा कि इससे व्यापारियों और आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने अपने ओएसडी सुजीत कुमार को निर्देशित करते हुए नगर विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर इस कर प्रणाली पर दोबारा विचार करने और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करनी की बात कही । उन्होंने आश्वासन दिया कि नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।इसके साथ ही पूर्व विधायक ने थानाभवन में पूर्व स्वर्गीय केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की स्मृति में एक मिनी स्टेडियम के निर्माण की मांग भी उठाई।

इस पर केंद्रीय मंत्री के निजी सचिव आदित्य ने शामली के डीएम से वार्ता कर दोनों मुद्दों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए और जनसमस्याओं के प्रति गंभीरता दिखाने को कहा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी राव जमशेद भी मौजूद रहे। उन्होंने भी केंद्रीय मंत्री को कस्बे की जमीनी समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।गौरतलब है कि बीते काफी समय से थानाभवन में इस कर प्रणाली को लेकर व्यापारियों और आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है जो अब जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। वहीं उन्होंने थाना भवन अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा की कार्यशाली को लेकर भी वार्ता कीजनसमस्याओं के प्रति गंभीरता दिखाने को कहा। इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन प्रति. निधि हाजी राव जमशेद भी मौजूद रहे।

उन्होंने भी केंद्रीय मंत्री को कस्बे की जमीनी समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गौरतलब है कि बीते काफी समय से थाना भवन में इस कर प्रणाली को लेकर व्यापारियों और आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है जो अब जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। वहीं उन्होंने थानाभवन अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा की कार्यशाली को लेकर भी वार्ता की।

# राज्य कराटे चैंपियनशिप में शामली ने दिखाया दम, शौर्य के साथ आद्रिका व युवराज ने भी दिलाया गौरव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लखनऊ के चौक स्टेडियम में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित राज्य कराटे चौंपियनशिप में शामली के अवेंजर फाइट क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में सबसे अधिक चर्चा शौर्य वर्मा की रही, जिन्होंने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 35 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक हासिल किया और दर्शकों का दिल जीत लिया।







कराटे एसोसिएशन ऑफ शामली के अध्यक्ष एवं कोच शिवांश भार्गव ने बताया कि शौर्य वर्मा की हर ाइट देखने लायक थी। उनके मुकाबलों के दौरान स्टेडियम में तालियों की गूंज लगातार सुनाई देती रही। शौर्य ने अपने हर मुकाबले में जिस आत्मविश्वास, तकनीकी कौशल और आक्रामकता का प्रदर्शन किया, वह उन्हें अन्य खिलाड़ियों से अलग बनाता है। ाइनल मुक. ाबले तक पहुंचना और रजत पदक जीतना उनकी कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उनका यह प्रदर्शन आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर भी बड़ी सफलता की ओर संकेत करता है। हालांकि इस प्रतियोगिता में अन्य खिलाड़ियों ने भी अपने खेल से प्रभावित किया। आद्रिका मलिक ने 35 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह शामली जिले की पहली बालिका खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने राज्य स्तर पर पदक हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से जिले की अन्य लड़कियों में भी कराटे और आत्मरक्षा के प्रति उत्साह बढ़ेगा। आद्रिका ने अपने मुकाबलों में संयम और तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

वहीं युवराज शर्मा ने 45 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। युवराज के मुकाबले भी काी रोमांचक रहे और उन्होंने अपनी ाइटिंग स्पिरिट से दर्शकों को प्रभावित किया। इसके अलावा शामली के अन्य खिलाड़ियों वीर वर्मा, आरव चौधरी, युवान भारद्वाज, अद्विक सिंह, आदित्य राठी और अभिनव शर्माख़्रने भी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया और अपने खेल से टीम को मजबूती प्रदान की। शामली लौटने पर अवेंजर फाइट क्लब में खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। क्लब मैनेजर ऋषभ कांत शर्मा ने विशेष रूप से शौर्य वर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन पूरे जिले के लिए गर्व की बात है और भविष्य में वह देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कुल मिलाकर, इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शौर्य वर्मा का प्रदर्शन सबसे उत्कृष्ट रहा, जबकि आद्रिका मलिक और युवराज शर्मा ने भी शानदार खेल दिखाकर अपनी अलग पहचान बनाई। यह प्रतियोगिता शामली के उभरते खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित हुई है और आने वाले समय में इन खिलाड़ियों से और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

## थानाभवन में अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाभवन पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है छापेमारी में कुल 19 टैट्रा पैक देशी शराब के पव्वे बरामद किए है।थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना थानाभवन पुलिस ने एक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नीरज पुत्र सुभाष निवासी मुहल्ला छिपीयान कस्बा व थाना थानाभवन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 19 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज जा रहा है।पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह के अवैध धंधों में लिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## भूमाफियाओं के खिलाफ डीएम से गुहार

**शामली।** एक महिला ने डीएम को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए दबंग भूमाफियाओं द्वारा उनकी भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने और धार्मिक स्थल तोड़कर प्लॉटिंग करने की शिकायत की है।

जनपद मुजफ्फरनगर निवासी गीता काकरान ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी भूमि पर कुछ भूमाफिया कब्जा करना चाहते हैं। यह भूमि कांधला कस्बे में स्थित है, और यह ऐतिहासिक रूप से एक धार्मिक स्थल रही है। उन भूमि को विपक्षीगण जयवीर सिंह, सुदेश, अमित, यशपाल, हरीश मोहन और अन्य ने जालसाजी और धोखाधड़ी के जरिए दूसरे लोगों को बेच दिया है, जिनका इस भूमि पर कोई कानूनी अधिकार नहीं है। आरोप लगाया कि यह लोग अपने राजनैतिक संपर्कों का इस्तेमाल कर अपना दबदबा बनाए रखते हैं और उन्हें धमकी भी देते हैं कि वे किसी भी कार्यवाही से बच सकते हैं। कहा कि इन लोगों के खिलाफ अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है, क्योंकि ये लोग स्थानीय राजनैतिक प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होने मामले की तुरंत जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## दावत से लौट रहे दो युवकों से हुई मारपीट में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की छोटी नहर पुल के निकट कई दिन पूर्व दावत से लौट रहे दो युवकों के साथ रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामले पुलिस पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढाना निवासी समीर पुत्र इरफान अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पीड़ित विगत 19 अप्रैल को को वह अपने दोस्त रिहान पुत्र नसीम के साथ कस्बे के मोहल्ला रायजादगान के डगडूंगरा में एक रिश्तेदार के यहां दावत में आया था। देर शाम दोनों दोस्त बाइक से वापस घर लौट रहे थे।आरोप है कि कस्बे की नाला नहर पुलिया के पास पहले से मौजूद नाजिम पुत्र महरुद्दीन निवासी गांव भारसी, भूरा पुत्र फरीद अंसारी निवासी मोहल्ला मुस्तफा बाद नई बस्ती, अकदम पुत्र अशरफ निवासी मोहल्ला गुजरान ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उन्हें रोक लिया और अपने चौथे साथी फारुख पुत्र नफीसुद्दीन के कहने पर आरोपियों ने दोनों को नीचे गिराकर लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। हमले में दोनों युवकों को गंभीर रूप से घायल हो गए थे, मारपीट में समीर के सिर में गंभीर चोट हुई थी आरोपी लहूलुहान अवस्था में छोड़कर शोर सराबा होने पर फरार हो गए थे। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में पुलिस की मदद से भर्ती कराया था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावर जाते समय जान से मारने की धमकी भी देकर गए थे। वीडियो कैमरा डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद चारों आरो. पियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# बिना भेदभाव के पहुंच रहा लाभः रामजीलाल

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान के गोचर कल्याणकारी इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में भारतीय जनता पार्टी के के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई बैठक में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों की भीड़ उमड़ी, कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश की योजनाओं से लोगों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नेत्रपाल दरोगा ने की,और संचालन विनीत शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रामजीलाल कश्यप का जिला मंत्री



बबीता चौधरी और मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन ने पगड़ी पहनाकर व फूल-मालाएं भेंट कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष डॉ. रामजीलाल कश्यप ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है और उसका मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।विशिष्ट अतिथि रूबी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में भयमुक्त वातावरण बना है।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि आज महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही हैं और विकास की मुख्यधारा से जुड़ रही हैं। साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पुनः विजयी बनाने का आहवान किया।इस दौरान पुनीत द्विवेदी, विशेष सरोहा, श्रीपाल आर्य, राज. ेश मलिक और राजेंद्र मदलपुर ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विशेष रूप से राकेश चौहान, अरविंद चौहान, पप्पन चौहान, अरविंद मैनेजर, मिंटू कोरी, पल्ले कोरी, सत्तू कोरी, राहुल उपाध्याय और रामपाल मैनेजर सहित सैकड़ों ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंत्री जसवंत ने मृतक शिक्षामित्र की पत्नी को सौंपा 5 लाख का चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहारनपुर रैली के दौरान गत 14 अप्रैल को शिक्षक धूमसिंह की हुई आकस्मिक मौत पर सोमवार को राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने उसके गांव सूबरी पंहुच कर मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से उसकी पत्नी रेखा रानी को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया।




इस अवसर पर संसदीय कार्य एंव औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जंसवत सैनी ने कहा कि दु:खद इस घटना में सरकार प्रभावित परिवारों के साथ हर कदम पर मजबूती से खड़ी है। संवेदनशील सरकार, सुरक्षित समाज। यही भारतीय जनता पार्टी की जनसेवा का संकल्प है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, एस डी एम सदर सुबोध कुमार, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष स्वतंत्र चौधरी, इसम सिंह, राकेश नौटियाल, नीरज शर्मा, रजनीश सहगल, अटल बहादुर सिंह, अरविन्द कुमार, सोहनवीर सिंह, अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली से गिरे मजदूर ने दम तोड़ा

**तीतरों।** ट्रैक्टर ट्राली से गिरने के कारण मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव धानवा निवासी 55 वर्षीय विजयपाल मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। देर शाम वह मजदूरी करने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली पर बैठकर अपने गांव लौट रहे थे जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली गांव झाड़ वन के समीप पहुंची तो ट्रैक्टर ट्रॉली पर बैठे विजयपाल नीचे गिर पड़े। नीचे गिरने के कारण विजयपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल विजयपाल को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया लेकिन इसी दौरान उनकी मौत हो गई।

मौत की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

# खुलेआम यमुना का सीना चीर हो रहा खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** सूरज ढलते ही शाम को यमुना घाट पर एक अलग ही दुनिया बस जाती है, इंजन की घरघराहट तेज रफ्तार से भागती ट्रैक्टर ट्रालियां धूल के गुबार में छिपा एक बड़ा सच। यह सिर्फ खनन नहीं बल्कि एक ऐसा काला खेल है जो रात की आड़ में खुलकर खेला जाता है।

हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ किसी सुनसान कोने में नहीं बल्कि खुलेआम यमुना नदी का सीना चीर कर हो रहा है। क्षेत्र में अवैध खनन माफिया इतने बेखौफ हैं कि नगर की मुख्य सड़कों से लेकर कोतवाली के मेन गेट के सामने होकर गुजरती हैं, मानो उन्हें किसी का डर ही नहीं। सवाल उठता है कि आखिर कौन है वो जिसके इशारे पर यह धंधा दिन-ब-दिन फल-फूल रहा है? चर्चाओं का बाजार गर्म है। आमजन की जुबान पर एक ही बात है कि बिना खाकी व खादी के संरक्षण के इतना बड़ा खेल संभव ही नहीं। खादी और खाकी की साठगांठ की फुसफुसाहटें अब धीरे-धीरे खुली चर्चाओं में बदलती जा रही हैं।



लेकिन इन चर्चाओं के बीच सच अब भी परदे में ही है। सोशल मीडिया इस पूरे खेल का गवाह बन चुका है। आए दिन खनन से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो वायरल होते रहते हैं जो प्रशासनिक दावों की पोल खोलते नजर आते हैं। सवाल यह भी है कि जब सबूत खुद सामने हैं तो कार्रवाई आखिर क्यों नहीं हो रही?

उधर प्रशासनिक स्तर पर सख्ती के दावे जरूर किए जा रहे हैं। एसडीएम सुरेंद्र कुमार इन दिनों अस्वस्थ बताए जा रहे हैं उन्होंने भी खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाने के तहसील प्रशासन को निर्देश दिए हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इन आद. ेशों से कोसों दूर दिखाई देती है। रात दर रात ट्रैक्टर-ट्रालियां खनन सामग्री ढोती नजर आती हैं। न कोई रोक, न कोई टोक जैसे नियम कानून सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गए हों। यह हाल तब है जब जिला खनन विभाग की जिम्मेदारी भी इसी क्षेत्र पर ही है लेकिन उनकी भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं अब सवाल सिर्फ अवैध खनन का नहीं बल्कि पूरे सिस्टम की साख का है। क्या यह काला साम्राज्य यूं ही बढ़ता रहेगा? या फिर कोई ऐसी ठोस कार्रवाई होगी जो इस खेल के पीछे छिपे चेहरों को बेनकाब कर सके? एक ही सवाल जरूर है कि आखिर इस खेल का असली सरगना कौन है?

# गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने की मांग को जिलेभर में प्रदर्शन, सौंपे ज्ञापन









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गौ सम्मान आहवान अभियान पर गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किये जाने की मांग को लेकर जिलेभर में हिन्दू संगठनों ने अलग-अलग जगह प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे।

गौरक्षा दल कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. हरीश पंवार के नेतृत्व में हकीकत नगर धरना स्थल पर प्रदर्शन किया और कलैक्ट्रेट में अपनी मांग का ज्ञापन सौंपा। चौ. हरीश पंवार ने कहा कि गौधन की हत्या पूर्णत: बंद करने के साथ ही बूचडखाने बंद किये जाये और सख्त कानून बनाकर गौहत्या करने वालों के विरूद्ध एनएसए के तहत कार्यवाही की जाये। प्रदर्शनकारियों में प्रद. ेशाध्यक्ष अतुल महाराणा, जिला प्रमुख कर्ण शर्मा, युवा प्रदेशाध्यक्ष सावन वर्मा, नितिन गोयल, विशु रोहिला, प्रशांत चौधरी, अंश बतरा, शिवम चौधरी, राहुल चौधरी, अंकुश, शेखर चौधरी, कृष्णा सैनी, अभिषेक कुमार, प्रमोद चौधरी, अरविन्द खटाना, वंश अरोडा, अर्जुन सैनी, गौरव कारिवाल, सन्नी कर्णवाल, संजय पुण्डीर, रोहित चौधरी, रोहित नम्बरदार आदि शामिल रहे।

**रामपुर मनिहारान।** गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं द्वारा गौवंश सरक्षण,संवर्धन एवं वध पर पूर्ण प्रतिबंध हेतु कठोर कानून बनाने के लिए महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया गया।

गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत तहसील कार्यालय पहुँचे कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में स्टेनो सचिन कुमार को सौंपा।ज्ञापन में कहा गया है कि प्रभु श्री राम की जन्मस्थली और योगेश्वर कृष्ण की कर्मभूमि उत्तर प्रदेश की संस्कृति की कल्पना गोमाता के बिना असंभव है। स्वतन्त्रता के समय प्रति व्यक्ति 10 गोवंश की उपलब्धता थी, वह आज निरंतर घटकर प्रति 10 व्यक्ति 1 गोवंश के चिंताजनक स्तर तक पहुँच गई है। ज्ञापन में एकीकृत केंद्रीय कानून एवं स्वतंत्र मंत्रालय: उत्तर प्रदेश में गोवंश के संरक्षण हेतु राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को संविधान के अनुच्छेद 48 में आवश्यक संशोधन कर श्केन्द्रीय गो सेवा एवं संरक्षण अधिनियमश लागू करने तथा पृथक गोपालन मंत्रालय की स्थापना हेतु अनुशंसा प्रेषित की जाए, ताकि संपूर्ण राष्ट्र में गोवध पर पूर्ण प्रतिबन्ध लग सके। राज्य स्तर पर समस्त वधशालाओं (कसाईखाने) के लाइसेंस तुरंत निरस्त कर वध पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। देशी गोवंश को ष्राष्ट्रमाताष्या ष्राष्ट्र आराध्या के रूप में आधिकारिक संवैधानिक मान्यता प्रदान कर उसे विशेष राष्ट्रीय संरक्षण दिया जाए। कठोर दंडात्मक प्रावधान: गो तस्करी और गो वध को श्संज्ञेय एवं गैर-जमानती अपराधश की श्रेणी में रखकर आजीवन कारावास तथा अपराध में संलिप्त दोषियों की संपत्ति कुर्क (राजसात) करने का कठोर विधिक प्रावधान हो। आर्थिक आत्म निर्भरता पंचगव्य अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए। स्कूलों में श्मिड-डे मीलश व मंदि. रों के प्रसाद में केवल देशी गो-घृत व दुग्ध का उपयोग अनिवार्य हो।राजमार्ग सुरक्षा एवं चिकित्सा: राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर प्रति 50 से 100 किमी पर सुसज्जित श्गो-वाहिनी एम्बुलेंसश और 150 से 200 किमी के अंतराल पर आधुनिक ट्रॉमा सेंटरों की व्यवस्था हो जाएं ताकि दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को तत्काले उपचार मिल सके।




**बेहट।** युवा एकता सेवा समिति संगठन कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पहुँचकर गौमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिया जाये तथा गौहत्या पूर्णतय बंद किए के साथ साथ त गौहत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी की मांग को लेकर मुख्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन सब रजिस्टार कानूनगो अमृतपाल को दिया गया।

सोमवार को युवा एकता सेवा समिति संगठन के कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पहुँचे और अपनी विभिन्न मांगो का ज्ञापन एस डीएम तथा तहसीलदार की ड्यूटी होमगार्ड परीक्षा होने के चलते रजिस्टार अमृतपाल को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया।ज्ञापन मे मांग की है कि सदियों से गाय को सनातनी धर्मी लोग माता का दर्जा देते आये है गाय सनातनियों की आस्था का एक प्रतीक है। देश में 80% सनातनी होते हुए भी आज गाय माता को राज्य माता व राष्ट्रीय माता का दर्जा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।उन्होंने मांग की गई कि गौ माता को राज्यमाता व राष्ट्रीय माता का दर्जा दिया जाये।वही शासन के सख्त निर्देश दिये जाने पर भी तस्करों के हौसलें इतने बुलंद हैं देश व माँ शाकुम्भरी देवी परिक्षेत्र मे बढ़ती हुई तस्करी व गौ हत्या पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगाया जाए। गौ तस्करों के इतने हौसले बुलंद हो गए हैं रात के समय में गायों को किसानो व मजदूरों के घरों से चोरी कर जंगलों में ले जाकर हत्या कर दी जाती है। जिससे हिंदू संगठनों व सनातनियों में जबरदस्त रोष है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। ज्ञापन देने वालों में संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री सागर सैनी, जिला संगठन मंत्री अंकुर कश्यप कार्ति चौहान, देवेंद्र, विशाल, विवेक, शुभम ,अंश,व विखिल आदि मौजूद रहे।

**गंगोह।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के तत्वावधान में गोमाता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग को लेकर अनाज मंडी से एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और युवाओं ने भाग लिया।

रैली को मुख्य अतिथि महंत राम विशाल दास एवं रोहित प्रधान ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। रैली गंगोह से चलकर विभिन्न गांवों से होती हुई नकुड़ पहुंची। गांव गांव में रैली का भारत माता व गोमाता के जय जयकार से स्वागत हुआ। जहां कार्यकर्ताओं ने एसडीएम नकुड़ को ज्ञापन सौंपकर गौ माता को विधिवत राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग उठाई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक हैं, इसलिए उन्हें राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए। रैली के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल रहा और सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

ज्ञापन पर रोहित प्रधान, संदीप कुमार व आर्यन कुमार के हस्ताक्षर है।

# ग्राम प्रधान पति पर रंजिशन हमला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदरौरली में दिनदहाड़े ग्राम प्रधान पति पर हमला कर दिया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्राम प्रधान पति शाह फैसल अपने साथी मोहम्मद नदीम के साथ मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे किसी कार्य से गांव से बाहर जा रहे थे। जैसे ही वे गांव से बाहर निकले, पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उन पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मोहम्मद उस्मान, सत्तार और भूरा मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायल प्रधान को बचाया। घटना के बाद नव दृष्टि नवयुग ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय वालिया थाना देहात कोतवाली पहुंचे और पुलिस से मामले की जानकारी ली। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई करने में जानबूझकर देरी कर रही थी और दबाव बनने के बाद ही मुकदमा दर्ज किया गया। संजय वालिया ने यह भी आरोप लगाया कि जिला चिकित्सालय में घायल ग्राम प्रधान के उपचार में भी लापरवाही बरती गई। उनका कहना है कि जानबूझकर देरी की जा रही थी ताकि आरोपियों को बचाया जा सके। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ग्राम प्रधानों पर हो रहे हमलों पर रोक लगाई जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान प्रधान अशलूब, अब्दुल सलाम, गयूर, मोहम्मद रिजवान, टीनू सहित अन्य लोग जिला चिकित्सालय में मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से विद्युतकर्मी की मौत

**चिलकाना।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से विद्युत कर्मचारी की मौत हो गयी। अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार विद्युत उपखण्ड पठेड पर कार्यरत कर्मचारी विकास शर्मा (37 वर्ष) पुत्र स्व. राजकुमार शर्मा निवासी बरथाकायस्थ रविवार की देर रात्रि बिजली घर से बस स्टैंड पठेड की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह एल आर डी पब्लिक स्कूल के निकट पहुंचे तो उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विकास काफी दूर जा गिरा व तड़पते तड़पते बेहोश हो गया।

जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन विकास को मेडिकल कॉलेज पिलखनी ले गये थे जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची चिलकाना थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को दोपहर बाद मृतक विकास के शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अपने पीछे बुजुर्ग माता-पिता, दो बच्चों व पत्नी को रोते बिलखते छोड़ गया।

## खाटू श्याम अति शीघ्र प्रसन्न होने वाले देव: कालेन्द्रानंद

**सहारनपुर।** चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव उपलक्ष में खाटू श्याम पालकी यात्रा अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा खाटू श्याम अति शीघ्र प्रसन्न होने वाले देव हैं।

राधा बिहार स्थित मंदिर में श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित चमत्कारी श्री खाटू श्याम वार्षिकोत्सव उपलक्ष में खाटू श्याम पालकी आज शिव विहार स्थित श्री सिद्ध शिव मंदिर से प्रारंभ हुई।

# जरूरतमंद छात्राओं को बैग वितरित

**गंगोह।** रोटरी क्लब ने समाज सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दिलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में जरूरतमंद छात्राओ को बैग वितरण के साथ ही किशोरी स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया।



राष्ट्रगान उपरान्त कक्षा 6 से 12 तक की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली मेधावी छात्राओं को क्लब स्कूल बैग प्रदान किए गए। जिससे छात्राओं के चेहरे खिल उठे। प्रतिष्ठित महिला चिकित्सकों डॉ. निर्मल जैन, डॉ. वीणा सैनी और डॉ. सुनीता अग्रवाल ने किशोरी बालि. काओं को स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और संतुलित पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। अध्यक्ष विकास सिंघल, नरेंद्र पाल सिंह, रोटे. डॉ. मनोज जैन, एसआर सैनी, विनीत अग्रवाल रहे। अध्यक्ष ने कहा कि बालिकाओं का स्वास्थ्य व शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है।

# नए आरक्षियों को पढ़ाया कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट मे ड्यूटी पर आए प्रांगण नव नियुक्त आरक्षियों का कोतवाली प्रभारी निरीक्षक द्वारा भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें तैनाती के दौरान कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी का पाठ पढ़ाया गया। कार्यक्रम के बाद उनके साथ सामूहिक भोजन भी कराया गया।

सोमवार को कोतवाली प्रांगण में नव नियुक्त आरक्षियों का भव्य स्वागत एवं ब्रीफिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र दिखित ने नव नियुक्त आरक्षियो को संबोधित किया उन्होंने अपने पुलिस विभाग के अनुभव को उनके सात साझा करते हुए कहा अ कि सभी नवनियुक्त आरक्षियो को ईमानदारी, निष्ठा और लगन से कार्य करना होगा। तभी वह देश और जनता की सेवा कर पाएंगे और ट्रेनिंग के दौरान जो विभाग द्वारा दिशा निर्देश दिए गए है उनका पालन करते हुए ड्यूटी के समय पालन करते रहे उन्होंने सभी नव नियुक्त आरक्षियों को पुलिस परिवार का अभिन्न हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मॉर्निंग वेलकम ब्रेकफास्ट का आयोजन कर सभी आरक्षियों का उत्साहवर्धन किया गया।



इस मौके पर इंस्पेक्टर संजीव शर्मा सब इंस्पेक्टर तोता राम इलयास अहमद के आलावा सभी स्टाफ और नवनियुक्त आरक्षी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र आकिल व उसकी पत्नि अंजुम को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**नसरीन पत्नि आकिल खान निवासी काजीपुरा, नवादा रोड, सहारनपुर।**

**कार्यालय सहारनपुर, नगर निगम, सहारनपुर।**

पत्रांक 13 / निविदा / 2026-27 दिनांक 27-04-26

**-:अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना:-**

नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 01 कार्यों हेतु निविदाये वर्ष 2026-27 में नगर निगम सहारनपुर में पंजीकृत एवं उत्तर प्रदेश के किसी भी राजकीय विभाग में जो नगर निगम सहारनपुर में पंजीकरण सीमान्तर्गत अर्ह ठेकेदारो से उनकी पंजीकरण की सीमान्तर्गत है, दिनांक 02.05.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम के अनुसार पर (तकनीकी/वित्तीय) ऑन लाईन के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है. निविदा शुल्क एवं जमानत राशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ही ऑन लाइन के माध्यम जमा की जायेगी। पेन नम्बर जी०एस०टी० हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, T-6, अन्य दो 10-10रू0 के स्टाम्प व यू०पी० इलैक्ट्रोनिक्स कारपोरेशन लि0 तथा निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तों में मांगे गये अन्य समस्त प्रपत्र निविदादाता को ऑनलाइन टैक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने की दषा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नहीं होगा। न्यूनतम निविदादाता (LI) द्वारा अपलोड किये गये प्रपन्नों में से टी-6 व अन्य दो 10-10 रू0 के स्टाम्प की मूल प्रति अनुबन्ध से पूर्व जमा करनी अनवार्य है। तकनीकी निविदा में अर्ह पाये जाने वाले ठेकेदारो की ही बिड खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम सहारनपुर में निहित है विस्तृप्त शर्तें विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-Bid Referance | 13/निविदा / 2026-27 दि. 27-04-26 |
| Publish Date and time for RFP | दिनांक 27.04.2026 से |
| Last Date time for submission of E-Bids | दिनांक 02.05.2026 को अपरान्ह 3 बजे तक |
| Date and time of Technical opening bids | दिनांक 02.05.2026 को सायः 04:00 बजे |
| Palace of opening of E-bids | Executive Engineer Nagar Nigam Saharanpur |
| E-Bids security of E-Bids | 10% security of tender value |
| E-tender Document Processing fee | As per tender list column no 6 |

नोटः- बिना अग्रिम जमा धनराशि / टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता
सहारनपुर नगर निगम।

# छात्रों के बीच हुई फायरिंग में पुलिस ने किया दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रंजिश के चलते पहुपुर गांव में छात्रों के दो गुटों में कहासुनी के बाद हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर मामला दर्ज किया। फायरिंग करने वाले चारों छात्र किशोरावस्था के है और खेड़ामुगल के एक कालेज में पढ़ाई करते है। पुलिस ने चारों को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

खेड़ामुगल क्षेत्र के एक कालेज में कक्षा 10 में शिक्षा ग्रहण करने वाले गांव पहूपुर और बचीटी के कुछ छात्रों में रंजिश चली आ रही है। शनिवार को कुछ छात्रों ने बचीटी गांव पहुंच फायरिंग कर दी थी, जिसमें दो छात्र वेदांश और अंकुश छर्रे लगने से घायल हो गए थे, जिन्हें नागल सीएचसी में भर्ती कराया गया था। घटना को लेकर गांव बचीटी निवासी

**पुलिस ने छात्रो को किशोरावस्था होने के कारण भेजा बाल सुधार गृह**

घायल छात्र वेदांत की माता रेखा ने पुलिस को तहरीर देकर गांव पाहूपुर निवासी छात्रों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की थी। पुलिस ने मामले में गोली चलाने वाले चार छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस ने चारों छात्रों को गौतमबुद्ध नगर स्थित बाल सुधार गृह भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि चारों बाल अपचा. रियों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। अन्य छात्रों के बारे में जांच की जा रही है।

## अंकित जैन को किया अनसंग हीरो अवार्ड से सम्मानित

**देवबन्द।** प्रसिद्ध संस्था आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा व्यवसायी अंकित जैन को अनसंग हीरो अवार्ड से सम्मानित किया गया। मेरठ में व्यापार एवं परा. पकार श्रेणी के विशेष सम्मान समारोह में अंकित जैन को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। अंकित जैन ने बताया कि संस्था द्वारा आयोजित इस चयन प्रक्रिया में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के करीब 900 प्रतिष्ठित व्यवसायियों ने भाग लिया था। कड़े मानकों और गहन समीक्षा के बाद संस्था ने मात्र सात लोगों को इस सम्मान के लिए चयनित किया। उन्होंने सम्मान के लिए संस्थापक श्रीश्री रविशंकर का आभार व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर महामंडलेश्वर साध्वी आशु गिरी, डॉ. डीके जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, राजेश सिंघल, विवेक तायल, बलवीर सैनी ने हर्ष जताया।

# छात्राएं अपने जीवन में हदीस के ज्ञान को अपनाएं: अब्दुल्ला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लड़कियों के इस्लामिक शिक्षण संस्था मदरसा माहद ए आयशा सिद्दीका कासिम उलूम लिल बनात में छात्राओं को हदीस का अंतिम पाठ पढ़ाकर नए सत्र का शुभारंभ करने के साथ ही कुरआन हिफ्ज सहित अन्य कोर्स में शिक्षा प्राप्त कर रही छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित कर उनको प्रोत्साहित किया गया।

ईदगाह रोड स्थित मदरसा माहद ए आयशा सिद्दीका कासिम उलूम लिल बनात में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ शीरीन मंजा की तिलावत-ए-कुरआन और इकरा रब्बान की नात-ए-पाक से हुआ। इस दौरान दारुल उलूम के पूर्व सदरुल कुर्रा कारी अब्दुल्लाह सलीम ने हदीस की सबसे बड़ी पुस्तक बुखारी शरीफ का आखरी पाठ विस्तार पूर्वक पढ़ाने के उपरांत कहा कि इमाम बुखारी ने अपनी किताब के





अंत में यही संदेश दिया है कि ईमान और अकीदे के बाद इंसान के कर्म और वचन ही कयामत के दिन तौले जाएंगे। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि वे अपने जीवन में हदीस के ज्ञान को अपनाएं और अल्लाह के जिक्र-ओ-फिक्र को अपनी आदत बनाएं। मौलाना डॉ. यासिर नदीम अल वाजदी ने कहा कि यहां की छात्राएं देश में दीन व शिक्षा की सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को समझें और दीन और इस्लाम के प्रसार-प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाएं। वक्फ दारुल उलूम के मोहत. मिम मौलाना सुफिसान कासमी की पत्नी ने कहा कि लड़कियों के लिए दीन की पढ़ाई का होना जरुरी है। क्योंकि पढ़ी लिखी बेटियां एक घर ही नहीं बल्कि एक नस्ल को सुधार सकती है। इस दौरान वक्ताओं ने छात्राओं से यहां सीखी हुई तालीम को दूसरों तक पहुंचाने की नसीहत दी। प्रधानाचार्य इफ्त नसीम वाजदी ने बताया कि संस्थान में हिफ्ज, आलिमियत, तखस्सुस फिशरिया, कंप्यूटर, प्राइमरी सेक्शन, मोमिना कोर्स और लाइब्रेरी जैसे सहित अन्य संचालित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन कुलसूम मुशर्रफ ने किया। इस दौरान छात्राओं सहित मदरसे का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधतंत्र द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

ईदगाह रोड स्थित पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में हाईस्कूल की छात्रा अर्शफिया, लाइबा फाइजा, जवेरिया तथा इंटरमीडिएट में हुमेरा, सालेहा, जिकरा, तूबा, युसरा, सानिया व नशरा को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ लेखक सय्यद वजाहत शाह ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके जरिए दुनिया को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।



प्रधानाचार्य सबा हसीब सिद्दीकी ने कहा कि शिक्षा ही वह मार्ग है जिस पर चलकर कामयाबी हासिल की जा सकती है। प्रबंधक सुहेल सिद्दीकी ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा हसलि करने के लिए प्रेरित किया। संचालन जेबा नाहिद उस्मानी ने किया। तहसीन खान, मास्टर शमीम किरतपुरी, अदील सिद्दीकी, फैजी सिद्दीकी, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद अनस सिद्दीकी आदि छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# मदरसे में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शिक्षण संस्था मदरसा जामिया कासमिया दारुत्तालीम वस्सना में तजवीद के छात्रों की शैक्षणिक एवं व्यावहारिक क्षमताओं को निखारने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कासिमपुरा रोड स्थित शिक्षण संस्था मदरसा जामिया कासमिया दारुत्तालीम वस्सना में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्था के मोहतमिम मौलाना इब्राहीम कासमी ने छात्रों को पवित्र कुरआन की सही तिलावत और उसके नियमों की बारीकियों से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि कुरआन को उसके सही मखरज (उच्चारण) और नियमों के साथ पढ़ना हर मुसलमान की धार्मिक जिम्मेदारी है। इसके लिए किताबी ज्ञान के साथ-साथ निरंतर अभ्यास अनिवार्य है। मौलाना इब्राहीम ने कहा कि कुरआन की सही तिलावत केवल एक इबादत ही नहीं, बल्कि हमारे धर्म की बुनियाद भी है। जब तक शब्द सही तरीके से अदा नहीं होंगे, इबादत की रूह



मुकम्मल नहीं होती। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने उस्तादों के मार्गदर्शन में अपनी तिलावत को और अधिक प्रभावशाली और शुद्ध बनाने का प्रयास करें। विभाग अध्यक्ष मौलाना कारी नौशाद अहमद ने भी विचार रखे। इस मौके पर कारी अफ्फान, कारी सैफुल इस्लाम, कारी आलम, कारी तालिब, शादाब और मोहम्मद नोमान आदि मदरसा छात्र शामिल रहे।

# ईरान व अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव पर जताई चिंता: शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ईरान एवं अमेरिका के बीच बढ़ती सैन्य और कूटनीतिक तनातनी को लेकर श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने चिंता जताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच शांति बहाली के लिए भारत को मुख्य भूमिका निभानी चाहिए। ताकि ईरान और अमेरिका के बीच सैन्य तनाव को समाप्त कर क्षेत्र शांति स्थापित हो सके

श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने जारी अपने बयान में कहा कि वैश्विक शांति के लिए इन दोनों देशों के बीच टकराव का रुकना अनिवार्य है। क्योंकि यह देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो रहा है। पंडित सतेंद्र शर्मा ने कहा कि ईरान और अमेरिका जैसे शक्तिशाली देशों के बीच खराब होते संबंध केवल उन दो देशों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि इनका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। हमारे संबंध अमेरिका और ईरान, दोनों ही देशों के साथ बेहतर हैं। ऐसे में भारत सरकार को अपनी कूटनीतिक शक्ति का प्रयोग कर दोनों पक्षों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए अहम भूमिका निभानी चाहिए।

# पश्चिम प्रदेश निर्माण से ही देश की उन्नति संभव

**देवबन्द।** पश्चिम प्रदेश अलग राज्य बनाने की मांग को लेकर संगठन के बैनर तले लोगों ने पृथक प्रदेश निर्माण का संकल्प लेने के साथ ही राज्य निर्माण के लिए संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया।

पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा का गंगदासपुर जट गांव में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि छोटे-छोटे राज्यों के निर्माण से ही देश की उन्नति संभव है। हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड व तेलंगाना की तरह ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग कर पृथक प्रदेश निर्माण करना चाहिए। कहा कि पृथक राज्य का निर्माण होने तक चौन से नहीं बैठा जाएगा। युवा शक्ति भी अब इस आंदोलन में साथ जुड़ गई है। वर्मा ने कहा कि पृथक राज्य का निर्माण होने के बाद यहां पर हाईकोर्ट, शिक्षा बोर्ड, एम्स, आईआईटी जैसी सुविधाएं पश्चिम की जनता को मिल सकेंगी। राष्ट्रीय सलाहकार हाफिज मुर्तजा त्यागी व प्रदेश सचिव मोहम्मद इरशाद मुखिया ने कहा कि पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण होने से ही तमाम समस्याओं का हल हो सकेगा। मंडल



उपाध्यक्ष सरदार गुलविंदर सिंह बंटी, धर्मवीर चौधरी, दुष्यंत सिंह, रजत शर्मा व नीरज कपिल ने भी विचार रखे। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, पदम सिंह, राजपाल सिंह, उमेश शर्मा, वसीम जहीरपुर, वेदपाल सिंह, जोगिंदर शर्मा, आर्यन सिंह, गुरमीत बराड़ आदि संगठन कार्यकर्ता शामिल रहे।

# चौक बाजार की दुकान में पांच लाख की चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्वाट, सर्विलांस व थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने हरिओम वैरायटी स्टोर में हुई लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है।

वादी शुभम अग्रवाल पुत्र हरिओम अग्रवाल निवासी मौहल्ला बालकराम ने तहरीर दी थी कि चौक बाजार स्थित उनकी दुकान से अज्ञात चोरों ने करीब चार-पांच लाख रुपए नगद, नोटों की मालाएं, कुछ आभूषण व चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। इस पर थाना नजीबाबाद में मुक. दमा अपराध संख्या-180/2026 धारा 305(ए) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

पुलिस टीम ने प्रकाश में आए अभियुक्त मौहम्मद रफी उर्फ बब्बू पुत्र बन्ने निवासी निकट लाल मस्जिद, मौहल्ला कायस्थान, चामुण्डा रोड, थाना हसनपुर, जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 4,05,000 रुपए नगद एवं नोटों की 48 माला, जिनमें कुल 1,09,380 रुपए के नोट लगे हैं। इस प्रकार कुल 5,14,380 रुपए नगद बरामद हुए। साथ ही 15 सफेद धातु के सिक्के भी बरामद किए गए।

# हनी फैसल का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल का स्वागत समारोह बड़ी शानो-शौकत के साथ आयोजित किया गया। हनी फैसल ने जनपद की आठों विधानसभा सीटें जीतने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह नई सपा है और इसमें युवाओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल आज सुबह काफिले के साथ लखनऊ से पार्टी कार्यालय पहुंचे। उनका जगह-जगह गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। पार्टी कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया। युवा कार्यकर्ताओं ने उन्हें कंधे पर बैठा लिया। युवा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर समा बांध दिया। स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए हनी फैसल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिस सोच के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसे मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाऊंगा। युवाओं को पार्टी से जोड़कर और सभी को साथ लेकर चलते हुए एकजुटता व कड़ी मेहनत के साथ 2027 में जनपद की सभी आठों विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी का परचम लहराने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि पुराने व नए, सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक है और जिम्मेदारियां बहुत हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी के साथ निभानी होगी। उन्होंने कहा कि हमें जोश के साथ-साथ, होश से भी काम लेना होगा। उन्होंने कहा कि हमें सभी चुनौतियां स्वीकार हैं। हम इन चुनौतियों का मुकाबला एकजुटता के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता परेशान है। जनता सत्ता में बदलाव चाह रही है। जनता को सपा से काफी उम्मीदें हैं। स्वागत समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन ने की। जबकि युवा नेता सुहैल बाकर और अखलाक पप्पू ने संयुक्त रूप से किया। समारोह को संबोधित करते हुए नूरपुर के विधायक राम अवतार सिंह सैनी, विधायक तसलीम अहमद, विधायक मनोज पारस, पूर्व जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन आदि ने कहा कि नए जिला अध्यक्ष संगठन को मजबूत बनाकर 2027 में जनपद में सपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के फैसले का स्वागत करते हुए हनी फैसल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को मजबूत बनाने का भरोसा भी दिलाया।

जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि उन्होंने 2002 में बिजनौर से चुनाव लड़े पार्टी प्रत्याशी हाजी तसलीम अहमद के साथ जुड़ कर राजनीतिक सफर शुरू किया था और तब से लगातार पार्टी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भरोसे को कभी टूटने नहीं दूंगा। कड़ी मेहनत कर युवाओं को पार्टी से जोड़ूंगा और 2027 में उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य लेकर



काम करूंगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट रहकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के मिशन को आगे बढ़ाने की अपील की। समारोह को पूर्व मंत्री नईम उल हसन, स्वाति वीरा, राहुल सिंह, डॉ. रमेश तोमर, पूर्व मंत्री डॉ. लाखन सिंह पाल, मंदीप सिंह, प्रभा चौधरी, डॉ. शाहबाज, डॉ. कुंतेश सैनी, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, शेख कमरुल इस्लाम, कपिल गुर्जर, दीपक सैनी, महमूद कुरैशी, अनुज मलिक, पूर्व सांसद यशवीर धोबी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अमित चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रफी सैफी, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल यादव, नजीबाबाद के पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खान एड., महमूद कस्सार, साहनपुर के पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद आदि ने भी संबोधित किया। दूसरी तरफ लखनऊ से लौटते हुए हनी फैसल के मुख्यालय पहुंचने पर नूरपुर रोड, कृष्ण कॉलेज, रामलीला चौराहा, जानी का चौराहा, विदुर कुटी रोड, शास्त्री चौक और जजी चौक पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान हनी फैसल ने सामाजिक सद्भाव की मिसाल पेश करते हुए रविदास मंदिर पहुंच कर संत गुरु रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और शास्त्री चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस अवसर पर विरेन्द्र सिंह चमार, सतपाल सिंह, चौधरी आदित्य वीर सिंह, अजीम जैदी, राधा सैनी, मदन सैनी, कमलेश भूय्यार, सतपाल सिंह आदि रहे।


**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र कुलदीप गलत संगत में पड़ गया है तथा हमारे कहने-सुनने से बाहर है। कुलदीप के गलत आचरण के कारण मैंने उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे सपरिवार संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उक्त कुलदीप के किसी भी गलत एवं गैरकानूनी कार्य और लेन-देन का मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**राजकुमार पुत्र अमरनाथ**
**निवासी: ग्राम रामदासपुर उर्फ नागल, थाना नागल जिला सहारनपुर। मो.न.** 9917429835.


## मधुमक्खियों का हमला

**अफजलगढ़।** मौहल्ला गौहर अली खा निवासी नितिन बिश्नोई अगवानपुर स्थित एक विद्यालय में अपने बच्चों को छोड़ने गए थे।

बच्चों को स्कूल में छोड़ने के बाद जब वह वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में अचानक मधुमक्खियों का झुंड उनके ऊपर टूट पड़ा।

मधुमक्खियों से खुद को बचाने का प्रयास करते रहे, लेकिन झुंड ने उन्हें बुरी तरह घेर लिया और कई जगह डंक मार दिये। वहां से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया। उन्हें गंभीर हालत में पास के एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। मधुमक्खियों के कई डंक लगने के कारण उनकी हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें गहन निगरानी में रखा गया है।

# हादसे में मौत के बाद हाईवे पर शव को रौंदते रहे वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** नेशनल हाईवे पर बस स्टैंड के पास बीती रात दिल दहला देने वाली घटना हुई।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय निवासी युवक की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। इसके बाद वह हाईवे पर पड़ा रहा। आधे घंटे तक वाहन उसके शव को रौंदते हुए गुजरते रहे। जिससे शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और उसका सिर, धड़ व पैर आदि कई टुकड़ों में बट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान का प्रयास किया, लेकिन बुरी हालत हो जाने की वजह से शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने रात में ही शव को पोस्टमार्टम के



**शव कई टुकड़ों में कटा**

लिए भेज दिया। आज सुबह युवक की शिनाख्त बलराज सिंह उर्फ बल्लू (33 वर्ष) पुत्र स्व. प्रेम सिंह निवासी रेहड़ के रूप में हुई। बड़े भाई खूब सिंह ने बताया कि मृतक बलराज तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सबसे बड़ा भाई सोमपाल विवाहित है, जो अपने बच्चों सहित नोएडा में रहता है और वहीं की एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता है। बलराज और वह अविवाहित है। माता-पिता की पहले मौत हो चुकी है। दोनों भाई एक साथ ही रहते थे। रात में खाना खाकर किसी समय बलराज घर से निकल गया था। मृतक बलराज रेहड़ में स्थित एचपी गैस एजेंसी पर काम करता था। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार अपराह्न मृतक का शव घर पहुंचा। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# नूरपुर में हनी फैसल का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** सपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल का सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। आज सुबह लखनऊ से बिजनौर जा रहे सपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल यहां पहुंचे, तो सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं ने विधायक राम अवतार सिंह सैनी एवं युवा नेता दीपक सैनी के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया। युवा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। युवा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त



जोश देखा गया। पार्टी नेताओं का कहना था कि हनी फैसल के जिला अध्यक्ष बनने से युवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी और पार्टी पहले से ज्यादा हर विधानसभा में मजबूत होगी। आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की सरकार बनेगी। इस मौके पर सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी, डॉ. कुंतैश सैनी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी, जिला पंचायत सदस्य इमरान, अबरार मलिक, सरफराज अहमद सिद्दीकी, मकसूद अहमद ठेकेदार, सुरेश कुमार प्रजापति, मास्टर रमेश सैनी, शिव कुमार यादव, सपा नगर अध्यक्ष जुल्फकार कुरैशी आदि रहे।

# समय के अन्दर सूचना का दें जवाब: मौ. नदीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने कहा कि सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति सूचना मांगता है तो उसका निर्धारित समय के अंदर जवाब जरूर दिया जाए। इसके साथ ही साथ यदि प्रकरण आपके विभाग से संबंधित नहीं है तो 5 दिन के अंदर संबंधित को अंतरित कर दें। अंतरण में देरी होने पर दण्ड लगाया जायेगा।



प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत प्रकरणों की समीक्षा बैठक को सम्बोधितक र रहे थे। इस दौरान उन्होंने बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, सहारनपुर विकास प्राधिकरण, विद्युत, खाद्य एवं रसद, सिंचाई, उद्यान सहित अन्य विभागों के पुराने लंबित प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली। सूचना आयुक्त ने बताया कि आयोग द्वारा 02 वर्षों में 50 हजार से ज्यादा मामले निस्तारित किए गये। प्रत्येक माह जन सूचना अधिकारी सूचना अधिनियम के तहत प्राप्त एवं लम्बित आवेदनों की समीक्षा करें। उन्होने कहा कि यहां आने का उद्देश्य सीधा संवाद स्थापित करना है तथा लम्बित वादों की जानकारी लेकर उनको निस्तारित करने की दिशा में आगे बढना है। उन्होंने जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों से लम्बित आवेदनों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जिन विभागों के जन सूचना अधिकारियों द्वारा मूल 6(1) आवेदन नहीं थे उस पर नाराजगी व्यक्त की। यदि कोई सूचना उपलब्ध करवा दी गयी है तो उसकी आख्या आयोग को भेजना सुनिश्चित करें। वादों को लम्बित न रखते हुए धारित सूचना को समय से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त द्वारा एक्ट के बारे में प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जन सूचना अधिकारियों से पूछा। जिसका सटीक जवाब बहुत कम अधिकारी ही दे पाए जिस पर सूचना आयुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सूचना का अधिकारी अधिनियम का अच्छे से अध्ययन करना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह ने राज्य सूचना आयुक्त को आश्वस्त किया कि आपके निर्देशों का अक्षरश: पालन किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सहित समस्त जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# निरीक्षण में नोडल अधिकारी ने जताई नाराजगी

**सहारनपुर।** प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद के नोडल अधिकारी रविन्द्र ने माँ शाकुम्भरी देवी सिद्धपीठ मंदिर में निर्माणाधीन पर्यटन विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होने पर्यटन कॉरीडोर परियोजनान्तर्गत निर्माणाधीन सोविनयर शॉप, टॉयलेट ब्लॉक, टूरिस्ट फैलिलीटेशन सैन्टर, मण्टीलेवल पार्किंग की भौतिक प्रगति को देखा। उन्होने निर्देश दिए कि कार्यों को गुणत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए। बाउण्ड्री वॉल कार्य के पीसीसी को पार्टवाईज करवाने पर नाराजगी व्यक्त की। इसे पुन: एक माह में ठीक कराते हुए कार्य करने को निर्देशित किया। टूरिस्ट फैलिलीटेशन सैन्टर का कार्य स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप पाया गया। सरिया और ईंटों की गुणवत्ता भी ठीक पाई गयी। मण्टीलेवल कार पार्किंग का कार्य भी संतोषजनक पाया गया।

नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि माँ शाकुम्भरी देवी सिद्धपीठ मंदिर में निर्माणाधीन पर्यटन विकास परियोजनाओं को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है। जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को बताया टीबी से बचाव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चलाये जा रहे 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया।

आज स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम पी सिंह चावला और पीपीएम कॉर्डिनेटर परवेन्द्र यादव ने तकिया स्थित जया पब्लिक स्कूल और एमजीएम स्कूल परिसर मे पहुंचे। जहां कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 के वहाँ मौजूद छात्र छात्राओं को इस टीबी मुक्त भारत अभियान मे सहयोग करने कि अपील करते हुऐ जागरूक किया के छात्र छात्राएं अपने घर, मोहल्ले, गांव, समाज मे ऐसे लोगो को चिन्हित करें जिन्हें 2 सप्ताह से अधिक की खांसी हो, वजन लगातार कम हो रहा हो, बलगम मे खून आ रहा हो या अन्य लक्षण हो तो ऐसे लोगो को पास के सरकारी अस्पताल मे मुफ्त जाँच करवाने के लिए प्रेरित करें यदि जाँच मे टीबी आये तो मुफ्त इलाज भी सरकारी से कराएं और घर मे किसी एक को टीबी पाये जाने पर घर के अन्य सदस्यों की भी टीबी की मुफ्त जाँच कराएं इस दौरान एम जी एम स्कूल के प्रधानाचार्य सौरभ सिंघल और जया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य शुभ सिंघल, स्कूल टीचर्स की उपस्थिति एवं सहयोग सरहानीय रहा।

## खनन के ओवरलोड ट्रक पकड़े

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन परिवहन पर शिकंजा कसते हुए दो ओवरलोड वाहनों को अवैध खनन सहित पकड़ कर सीज कर दिया।

जनपद पुलिस एवं खनन विभाग की टीमों द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध खनन के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है। इसी अभियान के तहज आज थाना बेहट पुलिस व खनन विभाग की टीम ने प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह, खनन निरीक्षक अभिलाश चौबे व उपनिरीक्षक अमित यादव के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान दो डम्परों को ओवरलोड उपखनिज परिवहन करते हुए पकड़ लिया।

# पार्षद टिंकू के नेतृत्व में सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्वदलीय पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल समा. जवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपकर एसबीडी अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओं की शिकायत की, जिस पर उन्होंने कमेटी का गठन कर जांच कराकर कार्रवाई का आश्वान दिया।




पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल सीएमओ कार्यालय पहुंचा ओर सीएमओ डा.प्रवीण कुमार से भेंट कर उन्हें सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि महिला वार्ड में ऑपरेशन से प्रसव कराने वाली महिलाओं से तथा अपेंडिक्स, हर्निया और पथरी के ऑपरेशन के नाम पर मरीजों से अवैध रूप से फीस वसूली की जा रही है। इसके अलावा मोतियाबिंद के ऑपरेशन में भी मरीजों को परेशान किया जा रहा है, जो गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। पार्षदों ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद मरीजों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सीएमओ को अस्पताल के विभिन्न वार्डों में हो रही अनियमितताओं की विस्तृत जानकारी देते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए कमेटी गठित करने और दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों या संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पार्षद फराज अंसारी, नदीम अंसारी, राजीव अन्नू और नितिन जाटव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शिक्षाविद केशव राम शर्मा का निधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** के.सी. सी.पी. आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गिल कॉलोनी के संस्थापक सदस्य, पूर्व प्रबंधक एवं इस्लामिया इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय केशव राम शर्मा का निधन हो गया। नम आंखों के बीच आज उनका अंतिम संस्कार किया गया।



स्वर्गीय केशव राम शर्मा ने के.सी.सी.पी. आर्य कन्या इंटर कॉलेज के विकास और उन्नति के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। आज संस्थान जिस मुकाम पर पहुंचा है, उसमें उनके त्याग, समर्पण और अथक परिश्रम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इससे पूर्व उन्होंने इस्लामिया इंटर कॉलेज, सहारनपुर में प्रधानाचार्य के रूप में भी उल्लेखनीय सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल में उन्होंने शिक्षा और अनुशासन के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए। उनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम था कि प्रबंधन ने कई वरिष्ठ शिक्षाविदों के होते हुए भी उन पर विश्वास जताते हुए कॉलेज की जिम्मेदारी सौंपी थी। विभिन्न संगठनों और शिक्षण संस्थानों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर योगदान को सदैव स्मरणीय बताया गया।

# भाजपा सरकार की गलत नीतियों से पिछड़ा देश: शादान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता शादान मसूद ने कहा कि भाजपा की सरकार की गलत नीतियों के कारण देश पिछड़ गया है। कॉंग्रेस सरकार आने पर ही बदलाव आएगा।

ईदगाह बाईपास रोड स्थित कांग्रेस जिला सचिव राशिद मलिक के आवास पर आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता शादान मसूद ने दुर्भाग्य की बात है कि आज भारत के फैसले अमेरिका ले रहा है। भाजपा सरकार की नीतियों के चलते भारत की छवि पर असर पड़ा है। अमेरिका के कहने पर पुराने मित्र देशों से दूरी बनाई गई। हिन्दू मुस्लिम की राजनीति में देश को उलझा दिया गया है जबकि देश में रहने वाले सभी धर्मों के लोग इसी देश के नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर बदलाव आएगा।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा ने कहा कि भाजपा अंग्रेजों की बाँटो और राज करो की नीति पर चलती है। देश के 65 प्रतिशत लोग भाजपा के विरुद्ध वोट करते हैं। समय आ गया है कि भाजपा की हिन्दू मुस्लिम की राजनी. ति में न पड़ कर प्रेम और एकता की बात करनी होगी।यदि भाजपा को रोका न गया तो ये वोट देने का अधिकार भी छीन लेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस सरकार की नीतियों और कार्यो का प्रसार प्रचार करने का आवाहन किया। आबिद हसन, सत्य संयम भूर्यान ने कहा कि देश के विकास खुशहाली के लिए धर्म और जाति से ऊपर उठकर देश के लिए काम करना होगा। जिला सचिव राशिद मलिक ने कहा कि कार्यकर्ता अपने बूथ पर मेहनत करें।लोगों को जागरूक करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी तेज सिंह व संच. ालन बिट्टू चौधरी ने किया।

इस दौरान नितिन शर्मा,हामिद मियां, ईनाम अहमद, मंजूरा प्रधान, अशोक गोयल, राव जहांग. ीर, नदीम अहमद, नफीस सैफी, नसीम भारती, मौलाना कलीमुद्दीन मजाहिरी, साजिद मलिक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तीन दिन चली होमगार्ड परीक्षा सम्पन्न

**सहारनपुर।** उ.प्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड्स एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंद ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सम्बंधितों को आवश्य दिशा-निर्देश दिए। दोनों पालियों में अभ्यर्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही। प्रथम पाली में 9840 में से 7609 अभ्यर्थी उपस्थित और 2171 अनुपस्थित रहे, जिससे उपस्थिति प्रतिशत 77.94 रहा। द्वितीय पाली में कुल 9640 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 7745 उपस्थित रहे।

# प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही बिरादरी: फारूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिल्ली मे वैवाहिक समारोह मे मिरासियान एकता कमेटी के सम्मानित पदाधिकारी का फूलमाला एवं पगड़ियाँ पहनाकर स्वागत करते हुए बिरादरी के उन्नयन हेतु संकल्प लिया गया।

दिल्ली हिंडन एयरपोर्ट के निकट स्थित केक रिसोर्ट में जहीर अहमद के सुपुत्र मोहम्मद सलमान के वैवाहिक समारोह मेरे मिरा. सियान एकता कमेटी के नायब चौधरी अमजद अली, सदर मौ. फारुख , नायब सदर मौ. शफात, सेक्रेटरी जीशान अली, प्रवक्ता मौ. असलम, प्रचार मंत्री मोहम्मद नवाब, राजा खालिद का फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमेटी के सदर मौ. फारूख का कहना था कि मिरा. सियान बिरादरी प्रत्येक क्षेत्र मे एकता और आपसी सहयोग के कारण निरंतर प्रगति और उन्नति कर रही हैं, ये बेहद सकून देने वाली बात है। आज की जनरेशन ने जिंदगी मे तरक्की के लिए मेहनत का रास्ता चुना हैं, जो बेहद महत्वपूर्ण हैं। सदर का कहना था कि फिल्म उद्योग से लेकर समाज के प्रत्येक क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, तकनीक मे उन्नति करते हुए जब नई जनरेशन (पौध) अपने परि. जनों और गुरुजनों का नाम रोशन करते हैं तो दिल को बहुत सकून मिलता हैं। सदर मौ. फारूक का कहना था कि बिरादरी के जिम्मेदार लोगो की यह बड़ी जिम्मेदारी हैं कि उनके होते हुए किसी भी प्रतिभा को पनपने मे किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होने पाए। स्वागत एवं सम्मानित करने वालो में जहीर अहमद,मौ. शाहनवाज अली अहमद, इसरार अहमद प्रमुख रहे।



## तीन शातिर दबोचे

**सहारनपुर।** थाना गंगोह पुलिस ने ट्यूबवैल से चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 किग्रा अधजला तार बरामद कर लिया।

वादी सुरेशपाल पुत्र नरपत सिंह निवासी ग्राम सराजपुर तकीपुर थाना गंगोह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों द्वारा वादी के ट्यूबवैल से चोरी कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना गंगोह पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में रीगल उर्फ अक्षय पुत्र जयप्रकाश, अमित पुत्र सोमपाल व गौरव पुत्र ओमपाल निवासीगण ग्राम सिकंदनरपुर उर्फ गौसगढ़ थाना गंगोह को दबोच लिया।

# बेटियों की सफलता पर गर्व: कारी राशिद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामिया उम्म अल कुरा के इंचार्ज कारी मुहम्मद राशिद अख्तर ने यूपी बोर्ड में कक्षा दस की प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्राओं की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि बेटियां अब हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है।

संस्थान के इंचार्ज कारी मुहम्मद राशिद अख्तर की कुशल लीडरशिप और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन ने इस शानदार कामयाबी की नींव रखी। यहां छात्राओं को दीनी तालीमश(धार्मिक शिक्षा) के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा और नैतिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। कारी मुहम्मद राशिद अख्तर ने कहा कि यह कामयाबी अल्लाह की विशेष कृपा, हमारे शिक्षकों के कठोर परिश्रम और छात्राओं की लगन का नतीजा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी शिक्षा के इस उच्च मानक को न केवल बरकरार रखा जाएगा, बल्कि इसमें और सुधार के प्रयास किए जाएंगे।

# एआई 21वीं की सदी की मुद्रा: वंश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूपीईएस यूनिवर्सिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र वंश जैन का कहना है कि जब भी किसी नई शक्ति ने जन्म लिया है तो उसने सभ्यता की दिशा को मोड़ा है। 18वीं सदी में भाप के इंजन ने उद्योगों की नींव रखी, 20वीं सदी में बिजली ने दुनिया को गति दी और वर्तमान 21वीं सदी में इंटरनेट ने सूचना की सीमाओं को खत्म किया तो आज हम इतिहास के उस निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं।



वंश जैन ने कहा कि औद्योगिक क्रांति के दौर में सड़कें और बंदरगाह व्यापार और विकास का आधार होते थे, लेकिन आज के दौर में डेटा सेंटर्स, शक्तिशाली चिप्स और विशाल ऊर्जा आपूर्ति ही हमारे विकास के नए राजमार्ग हैं। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को अब बिजली या पानी की तरह एक बुनियादी सार्वजनिक सुविधा माना जाना चाहिए। शहर और गांव के बीच के डिजिटल डिवाइड को खत्म करना होगा। जिसके लिये सरकार और निजी क्षेत्र के बीच एक मजबूत साझेदारी अनिवार्य है। चिप्स और हार्डवेयर की उपलब्धता को लेकर हमें अपनी सप्लाई चेन को आत्मनिर्भर बनाना होगा ताकि हम केवल कुछ देशों पर निर्भर न रहें। डेटा को एक राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में सुरक्षित व संरक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है। आने वाले मात्र बीस तीस वर्ष में जिस देश के पास जितना ज्यादा सटीक डाटा होगा वह उतना ही व्यापारिक व साम. रिक रूप में विश्व शक्ति बनेगा।

ए.आई. के संबंध में सबसे बड़ा डर अक्सर यह जताया जाता है कि ए.आई. नौकरियां छीन लेगा, लेकिन वास्तविकता में ए. आई. का उपयोग हमारे काम करने के ढंग को उन्नत करने का एक सुनहरा अवसर है। आज ए.आई. के उपयोग से हम किसी भी क्षेत्र में मात्र कुछ अपनी प्रश्न(क्वेरी) के आधार पर बिल्कुल अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# निर्माणाधीन परियोजनाएं समय से पूर्ण हों: रविन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद के नोडल अधिकारी रविन्द्र ने निर्देश दिए कि कैम्प लगाकर विशेष अभियान के तहत फार्मर रजिस्ट्री के कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। लापरवाही करने पर कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी तय की जाए तथा ठेकेदार पर जुर्माना लगाया जाए।



जनपद के नोडल अधिकारी रविंद्र कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत अवशेष सभी विद्यालयों में 19 मानकों के आधार पर संतृप्त किया जाए। प्रमुख सचिव ने कहा कि कृषकों को नेपियर घास के लिए प्रोत्साहित किया जाए तथा सुनिश्चित किया जाए कि गौ आश्रय स्थलों पर छाया, पेयजल, भूसा, हरा चारा की पर्याप्त व्यवस्था हो। सभी निराश्रित गोवंशों को गोआश्रय स्थलों में संरक्षित करना सुनिश्चित करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी को राईट टू एजुकेशन के तहत स्कूलों में पारदर्शी तरीके से प्रवेश के लिए निर्देश दिए। क्षय रोग उन्मूलन के संबंध में आमजनों को जागरूक किया जाए। गेहूँ क्रय केन्द्रों पर कृषकों को कोई समस्या न आए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। रामपुर मनिहारान में तहसील निर्माण कार्य में हुई देरी, राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में 60 बेडेड नर्सिंग कॉलेज के समय से पूर्ण न होने, स्पोर्ट्स कॉलेज बेहट पर समयबद्धता का पालन न करने के कारण जांच करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने नोडल अधिकारी को आश्वस्त किया कि उनके दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने नोडल अधिकारी को जनपद में कानून व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, नगर आयुक्त शिपू गिरी, डीएफओ शुभम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कार्यदायी संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 28 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# थम गया चुनाव प्रचार

29 अप्रैल को होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा के दूसरे चरण के मतदान का चुनाव प्रचार 27 अप्रैल को थम गया। दूसरे चरण में 142 विधानसभा सदस्यीय सीटों पर चुनाव होना है। 152 पर 23 अप्रैल को पहले ही हो चुका है। चुनाव यूं तो लो. कतंत्र में एक सामान्य प्रक्रिया है और पूरे देश में चुनाव होते हैं। अभी भी पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, लेकिन पश्चिमी बंगाल को लेकर जिस तरह का चुनाव प्रचार देखने में आया, ऐसा बेहद कम ही देखने में आता है। प्रधानमंत्री मोदी सहित तमाम नेता व भाजपा पश्चिम बंगाल में लंबे समय से डेरा जमाए रहे। आरएसएस व अन्य सहयोगी संगठन भाजपा को पूरा बैकअप दे रहे हैं। जाहिर है चुनाव की गर्मी के साथ-साथ बेचैनी का माहौल भी बनता है। यूं भी पश्चिम बंगाल का चुनाव अपनी हिंसक घटनाओं के लिए भी जाना जाता है। भले ही पहले चरण का मतदान शांतिपूर्वक बताया जा रहा हो, लेकिन तब भी कई स्थानों से मारपीट व हिंसा की खबरें आई थी। यह अलग बात है कि कोई बड़ा कांड सामने नहीं आया और इसलिए चुनाव आयोग ने भी राहत की सांस ली, लेकिन 29 तारीख को होने वाले चुनाव से पूर्व जिस तरह 27 अप्रैल को गोहाटी में टीएमसी की सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ, हमले के समय वह गो घाट से आराम बाग में अभिषेक बनर्जी के रोड शॉ में शामिल हो रही थीं। हमले में कार के शीशे फूट गए, उनको व उनके ड्राइवर को चोटें आईं। जहां दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जहां भवानीपुर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपना रोड शॉ किया, तो वहीं पीएम मोदी ने बंगाल की जनता को एक ओपन लेटर लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि बंगाल में रैलियों और रोड शॉ के दौरान उन्हें ऐसा लगा कि जैसे वह किसी तीर्थ यात्रा पर हों। भीषण गर्मी के बावजूद थकान महसूस नहीं हुई और मां काली के भक्तों तथा लोगों के आशीर्वाद से ऊर्जा मिलती रही। इससे पता चलता है कि भाजपा अपने हिन्दुत्व को लेकर ही आगे बढ़ना चाहती है और इसी के सहारे अपनी चुनावी नैया पार लगाने का प्रयास कर रही है। जीत किसकी होगी, इसका पता तो उस समय ही लगेगा जब 4 मई को चुनाव परिणाम सामने आएंगे, लेकिन चुनाव प्रचार के समय जिस तरह जनता से जुड़े मुद्दे गौण दिखाई दिए और उनकी जगह तू-तू मैं-मैं ने ले ली, जिनमें घुसपैठियों ने बड़ी भूमिका निभाई। उससे पता चलता है कि भारतीय राजनीति में गंभीरता की कमी होती जा रही है और बुनियादी मुद्दे हाशिए पर रखे जा रहे हैं। चुनाव प्रचार के समय जो सबसे ज्यादा खराब बात देखने में आई वह मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता पर तमाम विरोधी दलों के हमले हैं। जिसमें वह कहते रहे हैं कि चुनाव आयोग पक्षपात कर रहा है और भाजपा से मिलकर वोट काटने का काम कर रहा है। चुनाव आयोग हालांकि इस बात से इन्कार करता है, लेकिन साथ में यह भी कहना पड़ेगा कि उसकी ओर से ऐसा उत्तर नहीं आता जिसको संतोषजनक कहा जा सके।

## इजरायल पर रुख को लेकर भारत अकेला



भारत असामान्य रूप से इजरायल के पक्ष में खड़ा है और ब्रिक्स देशों की बैठक में उसके रुख का अन्य सदस्यों ने समर्थन नहीं किया, ब्रिक्स देशों के उप विदेश मंत्रियों और विशेष दूतों की बैठक आयोजित हुई, जो बिना किसी संयुक्त वक्तव्य के समाप्त हुई, इजरायल -फलस्तीन मुद्दे पर भाषा को लेकर सदस्य देशों के बीच मतभेद सामने आए और भारत द्वारा भाषा को नरम करने के आग्रह को अन्य देशों ने स्वीकार नहीं किया, रूस, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, यूएई और ईरान के प्रतिनिधियों ने भारत के रुख का समर्थन नहीं किया, यह देश के हितों को प्रभावित करने वाली नीति है, भारत दुनिया का एकमात्र प्रमुख देश बन गया है, जो गाजा, दक्षिण लेबनान और वेस्ट बैंक में जारी घटनाओं के बावजूद इजरायल के प्रति समर्थन बनाए हुए है, जिससे संतुलित विदेश नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। **-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# भारतीय राजनीति के जय चंद और मीर जाफर



**तनवीर जाफरी**

सिद्धांत व विचारविहीन राजनीति करते हुए अपनी सुविधा, लाभ व राजनैतिक भविष्य के मद्देनजर दल बदल करना हमारे देश में एक हकीकत बन चुकी है। सच पूछिए तो वर्तमान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की पूरी सत्ता इस समय दल बदलुओं के भरोसे ही चल रही है। इस समय केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद विधायक जैसे तमाम पदों पर कल के कांग्रेसी आज के भाजपाई बने देखे जा सकते हैं। इनमें कई तो लंबे समय तक विपक्ष की भूमिका में न रह पाने और संघर्ष व विपक्ष की राजनीति में सक्षम न हो पाने के कारण किसी न किसी बहाने से भाजपा में शामिल हुए। तो कई भ्रष्ट लोग जेल जाने या कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए श्राजनैतिक धर्म परिवर्तन श् करने को मजबूर हुए। कुछ नेता डर,लालच या भयवश इधर से उधर करने को बाध्य हुए तो दल बदल के लिए उतावले कई नेता पार्टी में अपनी उपेक्षा का बहाना बनाकर चलते बने। यह और बात है कि ऐसे अनेक लोग दल बदल कर जहां गए वहां भी वे देखते देखते लापता हो गए।

पिछले दिनों आम आदमी पार्टी को भी उस समय एक बार फिर जबरदस्त झटका लगा जबकि उसके राज्य सभा के दस में से सात सांसदों ने दल बदल कर भाजपा में शरण ले ली। ए सभी सात सांसद पंजाब राज्य से निर्वाचित होकर आए थे। गौरतलब है कि इस समय आम आदमी पार्टी केवल पंजाब में ही सत्ता में है। और इसी राज्य के 7 राज्य सभा सांसदों के पार्टी बदलने के बाद अब कई विधायकों के भी दल बदल की संभावना जताई जा रही है। इस दल बदल के मुख्य सूत्रधार के रूप में राघव चड्ढा को देखा जा रहा है। राघव चड्ढा वही हैं जो कई बार यह कह चुके हैं कि भाजपा अनपढ़ व गुंडों की पार्टी है। यह गुंडों को संरक्षण देने वाली पार्टी है। राघव चड्ढा पिछले दिनों राज्यसभा में उठाए गए कई जनहितकारी मुद्दों को लेकर जनता में काफी लोकप्रिय हो गए थे। उन्होंने संसद में गिग वर्कर्स की सुरक्षा, एयरपोर्ट पर आम लोगों को मिलने वाला महंगा खाना, गरीब आदमी का मिनिमम बैलेंस कम होने पर उसपर लगने वाली बैंक पैनल्टी, पैटरनिटी लीव, स्वास्थ्य सेवा, इनकम टैक्स जैसे अनेक मुद्दे उठाए थे। तथा इन मुद्दों पर सरकार से एक्शन लेने की मांग भी की थी। इन दलबदल करने वालों में एक राज्यसभा सांसद का नामअशोक मित्तल है। ए उस लवली ग्रुप के मालिक हैं जिसका वार्षिक टर्नओवर रु. 850 करोड़ का बताया जा रहा है। मित्तल, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, लवली ऑटोज, लवली स्वीट्स जैसे संस्थानों के स्वामी हैं। अभी कुछ दिन पहले ही मित्तल के लगभग सभी ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ED की छापेमारी भी हुई थी। और आखिरकार इन्होंने भी भाजपा की शरण में जाकर अपने व्यवसायिक साम्राज्य की रक्षा करने में ही अपनी भलाई समझी। बहरहाल जितने भी चेहरे आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में गए हैं उनमें से किसी का भी कोई पूर्व राजनैतिक अनुभव नहीं है। हरभजन सिंह क्रिकेटर को छोड़ जिसने भी अपनी पहचान बनाई है वह केजरीवाल व आप पार्टी के साथ काम कर ही बनाई है। हालांकि केजरीवाल व आप का साथ छोड़कर जाने वाले नेताओं की फेहरिस्त भी बहुत लंबी है। यह भी सच है कि केजरीवाल के आचरण व स्वभाव में जरूर कुछ न कुछ कमी है जिसके चलते प्रशांत भूषण व योगेंद्र यादव जैसे अनेक बुद्धिजीवी व सुलझे हुए लोग भी केजरीवाल को छोड़कर चले गए। परन्तु इस ताजातरीन दलबदल के बाद जनता की राय बिल्कुल विपरीत है। जनता इस बार के दलब. दलुओं की तुलना इतिहास के गद्दार जय चंद व मीर जाफर से कर रही है। यह सरासर पंजाब के उनलोगों से धोखा व गद्दारी है जिन्होंने इन दलब. दलुओं को मान सम्मान देकर राज्य सभा में भेजा। ऐसा माना जा रहा है कि पहले भी विभिन्न राज्यों में राजनैतिक तोड़फोड़ कर सत्ता परिवर्तन करने वाली भाजपा पंजाब में भी निर्वाचित सरकार को गिराने या अस्थिर करने के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ भी यही घिनौना खेल, खेल सकती है परन्तु भाजपा व इनके पाले में गए अवसरवादी दलबदलुओं को इसबार यह खेल मंहगा पड़ सकता है, क्योंकि इस दल बदल से आम जनता में भारी रोष है। कई किसान नेता भी खुलकर इन अवसरवादियों के विरुद्ध मैदान में आ गए हैं। जिससे ऐसा लगता है कि इन लोगों का भविष्य में जनता के बीच जाना आसान नहीं होगा। इस बात की भी उम्मीद की जा रही है कि भाजपा ने अगले वर्ष राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के पहले जिन उम्मीदों से ऑपरेशन लोटस चलाया था उन उम्मीदों पर भी पानी फिरने वाला है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि यदि इस राजनैतिक घटनाक्रम से आम आदमी पार्टी को नुक्सान हुआ भी तो भी भाजपा को कोई फायदा नहीं मिलने वाला। बजाए इसके कांग्रेस जरूर राज्य में अपनी स्थिति मजबूत कर सकती है। उधर कानूनी जानकारों का भी कहना है कि यह सातों सांसद भले ही दो तिहाई सदस्यों के पार्टी छोड़ने को दल बदल कानून के दायरे से बाहर बता रहे हों परन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि सांसदों से पहले यदि आम आदमी पार्टी के सदस्यों द्वारा बाकायदा दो तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित कर पार्टी छोड़ने की घोषणा की गई होती उसके बाद ही सांसदों का दो तिहाई दल बदल कानूनी रूप से सही माना जाता। परन्तु चूंकि पार्टी की तरफ से ऐसा कुछ भी नहीं है इसलिए इन सभी का दलबदल पूरी तरह गैरकानूनी है। लिहाजा यदि राज्य सभा के सभापति से लेकर अदालत तक ने समय रहते ईमानदारी से फैसला किया तो इन सभी दलबदलुओं की राज्य सभा सदस्यता जा सकती है। बहरहाल यह महाराष्ट्र नहीं जहां भाजपा ने शिवसेना में विभाजन कराकर सत्ता हथियाने का चक्रव्यूह रचा था। बल्कि यह वह पंजाब है जिसने किसान आंदोलन में इसी सरकार को नाकों चने चबाने और विवादित कृषि कानून वापस लेने पर मजबूर कर दिया था। पंजाब में ही कांग्रेस व अकाली दल छोड़कर अपने उज्जवल राजनैतिक कैरियर की तलाश में भाजपा में शामिल अनेक प्रमुख नेताओं का आज कोई अता पता ही नहीं है। भारतीय राजनीति के इन जय चंदों और और मीर जाफरों को भी न तो पंजाब की जनता बख्शने वाली है न ही भाजपा में इन्हें वह मान सम्मान व अवसर मिलने वाला है जो इन्हें आम आदमी पार्टी में हासिल था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



**जनता इस बार के दलबदलुओं की तुलना इतिहास के गद्दार जय चंद व मीर जाफर से कर रही है। यह सरासर पंजाब के उनलोगों से धोखा व गद्दारी है जिन्होंने इन दलबदलुओं को मान सम्मान देकर राज्य सभा में भेजा। पहले भी विभिन्न राज्यों में राजनैतिक तोड़फोड़ कर सत्ता परिवर्तन करने वाली भाजपा पंजाब में भी निर्वाचित सरकार को गिराने या अस्थिर करने के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ भी यही खेल, खेल सकती है।**


# बिना गुरु का शिष्य : रामानुजन की सूत्रों वाली आध्यात्मिक क्रांति

**उनकी नोटबुक्स और शोध समय के साथ और अधिक अमूल्य बनते गए, और यह सत्य स्थापित हुआ कि सच्ची प्रतिभा कभी समाप्त नहीं होती, वह समय के प्रवाह में और भी अधिक तेजस्वी होकर उभरती है। आज रामानुजन का नाम केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रेरणा के एक अनंत प्रवाह के रूप में जीवित है। उनका जीवन यह स्पष्ट संदेश देता है कि प्रतिभा किसी सुविधा या संसाधन की मो. हताज नहीं होती, बल्कि वह गहरे समर्पण, अटूट विश्वास और निरंतर साधना से जन्म लेती है। भारत सरकार द्वारा उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाना तथा उनकी विरासत को सम्मान देना इस तथ्य का सशक्त प्रमाण है कि उनका योगदान केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए अमूल्य धरोहर है।**

काल के पन्नों में 26 अप्रैल 1920 वह दिन बनकर दर्ज हुआ, जब गणित की दुनिया ने अपना सबसे उज्ज्वल नक्षत्र खो दिया। उस क्षण गणित के आकाश से एक ऐसा सूर्य अस्त हुआ, जिसकी प्रकाश-रेखाएं आज भी विच. ारों को दिशा देती हैं। निवास रामानुजन का भौतिक अंत भले हो गया, पर उनकी चेतना आज भी हर संख्या, हर सूत्र और हर रहस्यमई समीकरण में स्पंदित होती है। वे केवल गणितज्ञ नहीं थे, बल्कि संख्याओं के ऐसे साधक थे जिन्होंने गणित को तर्क की सीमाओं से उठाकर एक आध्यात्मिक अनुभव में बदल दिया। उनकी पुण्यतिथि शोक नहीं, बल्कि उस विलक्षण प्रतिभा का उत्सव है जिसने मानव बुद्धि की सीमाओं को खुलकर चुनौती दी। तमिलनाडु के इरोड में 22 दिसंबर 1887 को जन्मा एक बालक आगे चलकर गणित के इतिहास में असाधारण अध्याय बन गया। निवास रामानुजन का जीवन प्रारंभ से ही अभावों और संघर्षों की कठोर परीक्षा से गुजरता रहा। आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी और सीमित औपचारिक शिक्षा उनके रास्ते में लगातार दीवार बनकर खड़ी रहीं, लेकिन उनकी प्रतिभा किसी भी सीमा में बंध नहीं सकी। किशोरावस्था में जब उनके हाथ गणित की एक दुर्लभ पुस्तक लगी, तो जैसे उनके भीतर छिपा ब्रह्मांड जाग उठा। बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के ही उन्होंने गणित की गहराइयों में उतरकर ऐसे सूत्र और सिद्धांत रचे, जिनकी कल्पना उस समय के विद्वान भी नहीं कर सकते थे। रामानुजन के चिंतन में गणित मात्र अंकों और समीकरणों की गणना नहीं था, बल्कि एक गहन, लगभग दैवीय अनुभव था। वे .ढ़ता से मानते थे कि उनके मन में उभरने वाले सूत्र किसी अ.श्य शक्ति की प्रेरणा से आते हैं। अपनी कुलदेवी नमगिरी में अटूट आस्था के कारण वे हर नई गणितीय खोज को ईश्वर का संकेत समझते थे। इसी आध्यात्मिक दृष्टि ने उनकी रचनाओं को एक रहस्यमय सौंदर्य प्रदान किया। अनंत श्रेणियां, जटिल भिन्नराशियां और विभाजन सिद्धांत जैसे उनके कार्य केवल गणितीय निष्कर्ष नहीं, बल्कि मानो ब्रह्मांडीय संगीत के स्वर हों, जिनमें हर लय के भीतर गहरी और शाश्वत सच्चाई छिपी हुई प्रतीत होती है। 1913 गणित के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ बन गया, जब निवास रामानुजन ने जी.एच. हार्डी को अपने सूत्रों से भरा पत्र भेजा। उन सूत्रों ने समूची गणितीय दुनिया को हिला दिया। हार्डी ने स्वयं स्वीकार किया कि ऐसे मौलिक और गहन विचार उन्होंने पहले कभी नहीं देखे थे। यह किसी सामान्य परिचय का नहीं, बल्कि एक स्वशिक्षित भारतीय युवक की अद्भुत प्रतिभा का विस्फोट था, जिसने कैम्ब्रिज में अपनी सशक्त पहचान बनाई। आगे चलकर हार्डी-रामानुजन की जोड़ी ने गणित को नई दिशा दी और संख्या सिद्धांत सहित अनेक जटिल समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। कैम्ब्रिज की विद्वतापूर्ण दीवारों के बीच भी रामानुजन का अंतर्मन निरंतर गणित की अनंत गहराइयों में विचरण करता रहा। उनकी प्रसिद्ध नोटबुक्स में ऐसे हजारों सूत्र संकलित हैं, जो आज भी आधुनिक गणित के लिए एक अबूझ रहस्य बने हुए हैं। उनकी खोजें केवल अपने युग की सीमा में कैद नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने भविष्य की पीढ़ियों के लिए ज्ञान के नए द्वार खोल दिए। विशेष रूप से उनके द्वारा विकसित मॉक थीटा फलन और विभाजन सिद्धांत आज भी क्वांटम भौतिकी, क्रिप्टोग्राफी और स्ट्रिंग थ्योरी जैसे अत्याधुनिक वैज्ञानिक क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, मानो रामानुजन का चिंतन समय की सीमाओं को भी पार कर चुका हो। रामानुजन की विलक्षणता का सबसे आश्चर्यजनक पक्ष यह था कि वे जटिल से जटिल गणितीय समस्याओं का समाधान बिना लंबे प्रमाणों के अपने सहज अंतर्ज्ञ्थ्ञान से ही खोज लेते थे। यही अद्भुत क्षमता उन्हें अपने समकालीन गणितज्ञों से स्पष्ट रूप से अलग करती थी। उनकी गणनाएं केवल तर्क और नियमों पर आधारित नहीं थीं, बल्कि उनमें एक ऐसी गहरी अंतर्दृष्टि समाहित थी, जो मानो सीधे ब्रह्मांड के रहस्यमय सत्य से जुड़ी हो। इसी कारण जी।एच। हार्डी ने उन्हें गणित का ऋषि कहा था एक ऐसा संबोधन जो आज भी उनकी असाधारण प्रतिभा और आध्यात्मिक गहराई को पूर्णतः अभिव्यक्त करता है। जीवन की अंतिम पगडंडी पर रामानुजन ने अत्यंत कठिन संघर्षों का सामना किया। इंग्लैंड की कठोर जलवायु और लगातार बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं ने उनके शरीर को धीरे-धीरे दुर्बल कर दिया। अंततः वे भारत लौटे, परंतु बीमारी ने उन्हें लगातार घेर रखा। मात्र 32 वर्ष की अल्पायु में उनका देहावसान हो गया। **-कृति आरके जैन**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अब बदलाव की प्रयोगशाला बनने को तैयार है मप्र का धार





**प्रो. आर.के. जैन**

मप्र के धार की पहचान अब केवल उसके प्राचीन वैभव से नहीं, बल्कि एक नए साहसिक संकल्प से जुड़ने जा रही है। 22 अप्रैल 2026 की घोषणा ने इस शांत, ऐतिहा. सिक नगर को अचानक राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दियाकृजब इसे 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट 2026' के लिए चुना गया। देश के 10 चुनिंदा शहरों में स्थान पाना और मध्य प्रदेश से अकेले प्रतिनिधि के रूप में उभरना इस बात का संकेत है कि धार अब बदलाव की प्रयोगशाला बनने को तैयार है। घ10 करोड़ का आवंटन और पांच वर्षों की समयसीमा केवल प्रशासनिक आंकड़े नहीं, बल्कि गहरे सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव हैं। प्राचीन मालवा की राजधानी अब महिलाओं की सुरक्षा के आधुनिक प्रतीक की ओर बढ़ रही है एक ऐसा रूपांतरण, जो शहर का चेहरा ही नहीं, उसकी सोच भी बदल सकता है। यह योजना सिर्फ सुरक्षा के इंतजाम खड़े करने की नहीं, बल्कि हर महिला के भीतर भरोसे का अहसास जगाने की पहल है। इसके तहत संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, बेहतर स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग और सशक्त निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा। महिला हेल्प डेस्क, त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन इस ढांचे को और प्रभावी बनाएंगे। 'पिंक टॉयलेट्स' जैसी सुविधाएं स्पष्ट करती हैं कि लक्ष्य केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि सम्मान और सुविधा भी है। निर्भया फंड से जुड़ी इस पहल को धार लोकसभा क्षेत्र की सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के सक्रिय प्रयासों से गति मिली, जबकि जिला प्रशासन ने चरणबद्ध योजना में हाई-रिस्क क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर इसे जमीनी जरूरतों से जोड़ दिया है। धार की मौजूदा तस्वीर ही इस पहल की अपरिहार्यता को रेखांकित करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन का संगम जहां इसकी पहचान है, वहीं यही मिश्रण सुरक्षा की चुनौतियों को और पेचीदा बना देता है। अंधेरी गलियां, कमजोर रोशनी वाले बाजार और सूने सार्वजनिक स्थल यह परिस्थितियां महिलाओं के लिए असहजता और असुरक्षा का माहौल गढ़ती हैं। कामकाजी महिलाएं, छात्राएं और पर्यटक अक्सर भय के साए में गुजरते हैं। ऐसे में यह परियोजना केवल ढांचे का सुधार नहीं, बल्कि भरोसे को फिर से मजबूत करने का प्रयास है। स्थानीय महिलाओं की आवाज इसे दिशा देती है अब हमारी बेटियां बिना डरे बाहर निकल सकेंगी। यह सिर्फ उम्मीद नहीं, बल्कि लौटते सामाजिक आत्मविश्वास का सशक्त संकेत है। यह पहल बदलाव का निर्णायक मोड़ बन सकती है, जिसका असर शहर के हर कोने में दिखेगा। महिलाओं की बढ़ती सुरक्षा के साथ उनकी भागीदारी शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता में तेजी से बढ़ेगी। बाजार देर तक जीवंत रहेंगे, छोटे कारोबारों को संबल मिलेगा और निवेश का भरोसा मजबूत होगा। पर्यटन को भी नई रफ्तार मिलेगी, क्योंकि धार के ऐतिहासिक स्थल अब अधिक सुरक्षित और आकर्षक बनेंगे। इससे स्थानीय गाइड, हस्तशिल्प विक्रेता, होटल व्यवसाई और परिवहन सेवाएं सीधे लाभान्वित होंगी, और शहर की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा आएगी। मध्य प्रदेश सरकार इसे एक मॉडल मान रही है, जो इंदौर, भोपाल सहित अन्य शहरों के लिए भी मार्गदर्शक बन सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर यह पहल इस धारणा को तोड़ती है कि 'सेफ सिटी' केवल महानगरों तक सीमित है। इस चमकती तस्वीर के पीछे कुछ सख्त सच भी छिपे हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। 2012-16 के दौरान मध्य प्रदेश के चार शहरों में लागू 'सेफ सिटी इनिशिएटिव' की रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि केवल बुनियादी ढांचे के सुधार से अपराध में अपेक्षित कमी नहीं आई। सामाजिक मान्यताओं और व्यवहार में बदलाव की कमी ने इसकी प्रभावशीलता सीमित कर दी। यही अनुभव इस नई परियोजना के लिए एक अहम चेतावनी है। कैमरे और रोशनी सुरक्षा के साधन हैं, समाधान नहीं असल परिवर्तन समाज की सोच में आता है। इसलिए व्यवहार परिवर्तन, लैंगिक संवेदनशीलता और जन-जागरूकता अभियानों को अनिवार्य रूप से जोड़ना होगा, ताकि सुरक्षा दिखावे से आगे बढ़कर जीवन की स्वाभाविक सच्चाई बन सके। जमीन पर उतरते ही असली परीक्षा शुरू होती है, और यहीं चुनौतियां सामने आती हैं। रु. 10 करोड़ का फंड तभी असर दिखाएगा, जब उसका पारदर्शी और सुविचारित उपयोग हो। तकनीकी उपकरणों का नियमित रखरखाव, कर्मचारियों का समुचित प्रशिक्षण और निगरानी तंत्र की सतत सक्रियताकृयही इसकी सफलता की धुरी हैं। सीसीटीवी के विस्तार के साथ गोपनीयता का सवाल भी उठेगा, जिसे संतुलित और संवेदनशील तरीके से संभालना होगा। साथ ही डिजिटल साक्षरता और तकनीकी जागरूकता बढ़ाना जरूरी है, ताकि नागरिक इस व्यवस्था से जुड़ सकें और उसका सही उपयोग करें। पांच वर्षों के बाद इसकी निरंतरता बनाए रखना भी चुनौती होगी, क्योंकि योजनाएं तभी सफल मानी जाती हैं जब वे समय के साथ जीवित और प्रासंगिक बनी रहें। फिर भी, यह पहल एक साझा जिम्मेदारी का दुर्लभ अवसर बनकर उभरती है। प्रशासन, पुलिस, गैर-सरकारी संगठन और नागरिक सभी को मिलकर इस बदलाव को जमीन पर उतारना होगा। सांसद सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में बनी रूपरेखा में इस साझेदारी की स्पष्ट झलक है। यदि स्कूलों, कॉलेजों, महिला समूहों और स्थानीय संगठनों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया, तो यह पहल केवल योजना नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक आंदोलन बन सकती है जो सुरक्षा से आगे बढ़कर समाज के हर आयाम को छुएगी। यही सामूहिक प्रयास इसे स्थायित्व और वास्तविक गहराई दे सकता है। इतिहास के मोड़ पर खड़ा धार अब ऐसे बदलाव की ओर बढ़ रहा है, जो सिर्फ रूप नहीं, सोच भी बदलेगा। सवाल केवल चेहरे के परिवर्तन का नहीं, बल्कि उसकी गहराई और स्थायित्व का है। इस यात्रा में आशा और सतर्कता दोनों जरूरी हैं। मजबूत वित्तीय आधार, केंद्र-राज्य सहयोग और पांच वर्षों की समयसीमा इसे सफलता की मजबूत नींव देते हैं। यदि क्रियान्वयन पारदर्शी रहा, जनभागीदारी मजबूत हुई और सोच में बदलाव आया, तो धार की सड़कें रोशनी के साथ भरोसे और स्वतंत्रता से चमकेंगी। तब यह शहर संदेश देगा कि सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का अधिकार है और इसी में विकास का असली अर्थ छिपा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल के साथ सीधी बातचीत की संभावना नहीं: हिजबुल्लाह



■ नईम कासिम ने जोर दिया कि केवल अप्रत्यक्ष बातचीत पर ही विचार किया जाना चाहिए

**तेल अवीव।** हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम ने सोमवार को इजरायल के साथ सीधी बातचीत की मेज पर बैठने से इनकार करते हुए कहा कि इस तरह का अनुमान लगाने का 'सवाल ही नहीं पैदा होता'। कासिम ने सशस्त्र प्रतिरोध के प्रति समूह के मजबूत इरादे को फिर से दोहराया। कासिम ने साफ तौर पर कहा कि हम हथियार नहीं छोड़ेंगे, और रक्षा तथा मैदान-ए-जंग ने टकराव के लिए हमारी तैयारी साबित कर दी है।

उन्होंने जोड़ा कि हिजबुल्लाह इजरायली आक्रामकता का जवाब देना जारी रखेगा। उन्होंने लेबनान सरकार की भी आलोचना की और कहा कि सरकार ने 'रियायत देने में अनावश्यक जल्दबाजी की' है। उन्होंने जोर दिया कि केवल अप्रत्यक्ष बातचीत पर ही विचार किया जाना चाहिए। ये बयान इजरायल-लेबनान सीमा पर फिर से बढ़ते तनाव के बीच आया है, जबकि वहां अप्रैल के मध्य से अमेरिका की मध्यस्थता वाला संघर्ष विराम लागू है, जिसे हाल ही में बढ़ाया गया है। इस युद्धविराम ने बड़े पैमाने पर लड़ाई को कम तो किया है, लेकिन सीमा पार होने वाले हमलों को पूरी तरह से नहीं रोका जा सका है और दोनों पक्ष एक-दूसरे पर उल्लंघन के इल्जाम लगा रहे हैं। इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के कई शहरों के लिए नई निकासी चेतावनी जारी की है, जिसमें बाशिदों को उन इलाकों से हटने की सलाह दी गई है जिन्हें वह हिजबुल्लाह की गतिविधियों से जुड़ा बता रहा है। एक इजरायली सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि हिजबुल्लाह लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है और चेतावनी दी कि यदि जरूरत पड़ी तो इजरायल पूरी ताकत के साथ जवाब देगा। उधर, हिजबुल्ला ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उसकी कार्रवाई बार-बार होने वाले इजरायली उल्लंघनों का 'वैध जवाब' है। समूह का दावा है कि संघर्ष विराम समझौते का सैकड़ों बार उल्लंघन हुआ है, जिससे यह नाजुक युद्धविराम कमजोर हो रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी हालिया हमलों के बाद सेना को दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले तेज करने का निर्देश दिया है। इन हमलों में कथित तौर पर कई लोग मारे गए हैं। इजरायली अधिकारियों का मानना है कि उत्तरी सीमा पर सुरक्षा पक्की करने के लिए सैन्य अभियान जरूरी हैं। अमेरिका की मध्यस्थता वाला यह संघर्ष विराम समझौता लगातार हो रही झड़पों और एक-दूसरे पर शर्तों को न मानने के आरोपों के कारण दबाव में है, क्योंकि दोनों ही पक्ष इस युद्धविराम के लंबे समय तक टिकने पर चिंता जता रहे हैं।



**पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 71वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने से पहले कतारों में इंतजार करते उम्मीदवार।**

## एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ मंगलवार को किर्गिजस्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बैठक के दौरान विभिन्न सदस्य देशों के रक्षा मंत्री क्षेत्र की रक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े अनेक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय शांति, आतंकवाद-रोधी प्रयासों तथा एससीओ सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। इस वर्ष की एससीओ बैठक पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण उत्पन्न हो रही भू-राजनीतिक अस्थिरता की पृष्ठभूमि में आयोजित हो रही है। क्षेत्र के सबसे बड़े राजनीतिक एवं आर्थिक संगठनों में से एक एससीओ इस संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों पर भी चर्चा कर सकता है।

## राजा चार्ल्स तृतीय की अमेरिका यात्रा योजनानुसार होगी: राजमहल

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रात्रि भोज के दौरान हुई गोलीबारी की घटना के बावजूद ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स तृतीय की अमेरिका यात्रा योजनानुसार जारी रहेगी।बकिंघम पैलेस ने एक बयान में यह जानकारी दी है। इससे पहले, राजमहल के सूत्रों ने कहा था कि चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला की अमेरिका की प्रस्तावित यात्रा पर इस घटना के संभावित प्रभावों के बारे में लंदन और वाशिगटन के बीच चर्चा की जा रही है। 'इंडिपेंडेंट' समाचार पत्र ने राजमहल के हवाले से कहा है कि दिन भर दोनों देशों के बीच हुई चर्चा के बाद और सरकार की सलाह पर कार्रवाई करते हुए, हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि उनकी राजकीय यात्रा योजनानुसार आगे बढ़ेगी।

## पश्चिमी देशों में परमाणु हथियारों की तैनाती पर रूस चिंतित

**मास्को।** रूस ने पश्चिमी देशों के अपने क्षेत्रों में परमाणु हथियार तैनात करने की बढ़ती इच्छा पर गहरी चिंता व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि यह रुझान भविष्य में और तेजी से बढ़ सकता है। परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन में रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और रूसी विदेश मंत्रालय के एंबेसडर-एट-लार्ज आंद्रेई बेलौसोव ने स्पुतनिक को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि रूस एनपीटी के संदर्भ में कई मुद्दों को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है। उनके अनुसार, पश्चिम के देशों में एक ऐसा चलन देखा जा रहा है जो जल्द ही 'हिमस्खलन जैसी वृद्धि' में बदल सकता है। उल्लेखनीय है कि एनपीटी की 11वीं समीक्षा बैठक आज से से 22 मई तक न्यूयॉर्क में आयोजित की जा रही है। बेलौसोव ने कहा कि गैर-परमाणु पश्चिमी देशों में तैनाती करने की मांग की जा रही है। नाटो के 'संयुक्त परमाणु मिशनों' और 'विस्तारित' या 'अग्रिम' परमाणु निवारण (न्यूक्लियर डिटरेंस) की योजनाएं गहरी अस्थिरता पैदा करने वाली और एनपीटी को नुकसान पहुंचाने वाली हैं। रूसी राजनयिक ने 'यूरोपीय संघ (ईयू) को परमाणु क्षमता संपन्न' बनाने की कोशिश और इसके गैर-परमाणु सदस्य देशों द्वारा खुद के परमाणु हथियार हासिल करने की दिशा में बढ़ने की संभावना पर भी चिंता जताई।

# पाक मध्यस्थ बनने के लायक नहीं: इब्राहिम

## ईरानी सांसद बोले: पाकिस्तान अमेरिका के पक्ष में झुका है, ट्रम्प के खिलाफ कुछ नहीं बोलता इस्लामाबाद



■ पाकिस्तान अक्सर डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिका के हितों को ध्यान में रखता है और उनके खिलाफ कुछ नहीं कहता, इसलिए वह निष्पक्ष नहीं माना जा सकता: रेजई

**तेहरान।** मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत में अभी तक कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है। इसी बीच ईरान के एक नेता ने पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजई ने कहा कि पाकिस्तान दोस्त जरूर है, लेकिन वह बातचीत में बीच का सही पक्ष (मध्यस्थ) नहीं बन सकता। रेजई ने कहा कि पाकिस्तान अक्सर डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिका के हितों को ध्यान में रखता है और उनके खिलाफ कुछ नहीं कहता। इसलिए वह निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि एक सही मध्यस्थ वही होता है, जो दोनों पक्षों के बीच निष्पक्ष रहे, न कि हमेशा एक ही पक्ष की तरफ झुका रहे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 24 घंटे में 2 बार पाकिस्तान का दौरा किया। सांसद ने कहा पाकिस्तान हमारा एक अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए उपयुक्त मध्यस्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान का मानना है कि एक मध्यस्थ को निष्पक्ष होना चाहिए और दोनों पक्षों को असहज सच बोलने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिसमें पाकिस्तान विफल रहा है। रजाई के अनुसार, पाकिस्तान यह सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने को तैयार नहीं है कि अमेरिका ने शुरू में प्रस्ताव स्वीकार किया और फिर उससे पीछे हट गया। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान लेबनान और ईरान की रुकी हुई वित्तीय संपत्तियों के संबंध में अमेरिका को उसकी प्रतिबद्धताओं के लिए जवाबदेह ठहराने में विफल रहा है। सबसे गंभीर आरोप उस 10-सूत्रीय वार्ता ढांचे को लेकर है, जिसे ईरान का दावा है कि तेहरान यात्रा के दौरान पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को सीधे सौंपा गया था। ईरान के अनुसार, जनरल मुनीर को यह प्रस्ताव इस समझ के साथ दिया गया था कि इसे अमेरिकी पक्ष तक पहुंचाया जाएगा, लेकिन ईरान का कहना है कि उसे अब तक कोई प्रतिक्रिया या पावती नहीं मिली है। यह कूटनीतिक तनाव 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों के बाद शुरू हुए संघर्ष की पृष्ठभूमि में सामने आया है। इस युद्ध ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग बंद कर दिया है, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ सीधी बातचीत से इनकार कर दिया है। दूसरी ओर, ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर संकेत दिया कि यदि ईरान बात करना चाहता है, तो उन्हें बस फोन करना चाहिए, लेकिन अमेरिका अब इस्लामाबाद में वरिष्ठ वार्ताकार नहीं भेजेगा। पाकिस्तान की मुस्लिम जगत के शांति मध्यस्थ बनने की महत्वाकांक्षा को इस कूटनीतिक गतिरोध से बड़ा झटका लगा है। ईरान का संदेश स्पष्ट है-तटस्थता दिखाई देनी चाहिए, केवल उसका दावा करना पर्याप्त नहीं है।

## बीएलए ने किया 42 पाक सैनिकों को मारने का दावा

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने कहा है कि उन्होंने 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर 27 हमले किए हैं। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलोच ने एक बयान जारी कर हमलों की जिम्मेदारी ली। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया कि संगठन के लड़ाकों ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए आईईडी विस्फोट, घात लगाकर हमले, छापेमारी और ड्रोन हमले किए। बीएलए ने दावा किया कि इस दौरान 42 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हुए और एक सैनिक को बंदी बना लिया गया। बीएलए ने पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की कई चौकियों पर कब्जा करने और पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के हथियार लूटने का भी दावा किया। बीएलए ने बयान में यह भी स्वीकार किया कि पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के साथ हुई झड़पों में उसके तीन लड़ाके मारे गए। बीएलए के अनुसार, उसके लड़ाकों ने सोहंदा क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना को रिमोट कंट्रोल आईईडी से निशाना बनाया और इसके बाद घात लगाकर हमला किया, जिसमें कई जवानों के मारे जाने का दावा किया गया। बयान में यह भी आरोप लगाया गया कि हमले के बाद में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने नागरिक क्षेत्रों में कार्रवाई की, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। बीएलए ने ये भी कहा कि उन्होंने खारान के अलमार्क क्षेत्र में आईईडी और घात लगाकर हमले किए गए, जिससे सुरक्षा बलों को पीछे हटना पड़ा और उन्हें नुकसान हुआ। इसके अलावा, कोहलू जिले में एक कथित सरकारी समर्थक सशस्त्र व्यक्ति की हत्या की जिम्मेदारी भी ली गई। संगठन ने बेसिमा क्षेत्र में भी सशस्त्र समूहों और सुरक्षा बलों पर हमले कर नुकसान पहुंचाने का दावा किया। बीएलए के मुताबिक, हरनाई के शहराग इलाके में झड़प के दौरान एक सैनिक को जिंदा पकड़ लिया गया। वहीं झल मगसी में एक चौकी पर कब्जा कर हथियार जब्त करने का भी दावा किया गया।

## माली के रक्षामंत्री सादियो की बम धमाके में मौत

■ कल घर पर सुसाइड कार से हमला हुआ, हमले में सादियो की दूसरी पत्नी और दो पोते भी मारे गए

**बमाको।** माली के रक्षा मंत्री सादियो कामारा की बम धमाके में मौत हो गई। शनिवार को राजधानी बमाको से करीब 15 किमी दूर काटी शहर में उनके घर पर आत्मघाती कार से हमला किया गया। हमले में सादियो की दूसरी पत्नी और दो पोते भी मारे गए।

यह जानकारी उनके परिवार और अधिकारियों ने दी। एक रिश्तेदार ने रायटर्स को उनकी मौत की पुष्टि की, जबकि उनके साले ने फेसबुक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। हमले के पीछे अल-कायदा से जुड़ा जिहादी संगठन जेएनआईएम और तुआरेग विद्रोही समूह एफएलए का गठजोड़ बताया जा रहा है। दोनों संगठनों ने मिलकर यह हमला किया। इस हमले के साथ ही देश के कई हिस्सों में भी हिंसा भड़क गई। बमाको, गाओ, किदाल और सेवरे समेत कई शहरों में गोलीबारी और धमाकों की खबरें सामने आई हैं। रिपोर्टों के मुताबिक राष्ट्रपति असीमी गोइता को सुरक्षित जगह ले जाया गया क्योंकि उनके घर को भी निशाना बनाया गया था। रक्षा मंत्री सादियो कामारा माली की सैन्य सरकार के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। वे पेशे से सैन्य अधिकारी थे और लंबे समय तक सेना में सेवा देने के बाद शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचे। 2020 और 2021 में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद उनका कद तेजी से बढ़ा और वे सत्ता के केंद्र में आ गए। रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने माली की सुरक्षा नीति तय करने में अहम भूमिका निभाई। कामारा को माली और रूस के बीच बढ़ते सैन्य संबंधों का प्रमुख सूत्रधार माना जाता था। उनके कार्यकाल में माली ने फ्रांस और पश्चिमी देशों से दूरी बनाकर रूस के साथ सहयोग बढ़ाया। वे केवल रक्षा मंत्री ही नहीं, बल्कि सैन्य शासन के सबसे ताकतवर चेहरों में शामिल थे। तुआरेग विद्रोही संगठन एफएलए ने उत्तरी शहर किदाल पर कब्जा करने का दावा किया है। एफएलए का कहना है कि किदाल अब पूरी तरह उनके नियंत्रण में है। हालांकि माली की सेना ने कहा है कि किदाल समेत कई इलाकों में अभी भी आपरेशन जारी हैं और हमलावरों को खदेड़ा जा रहा है। विद्रोहियों ने यह भी दावा किया है कि एक समझौते के तहत माली सेना और उसके रूसी सहयोगियों को शहर छोड़ने की अनुमति दी गई है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# कनाडा में सिख बुजुर्ग पर हमला

■ नस्लीय टिप्पणी भी की आरोपी ने कहा: मेरे देश से निकल जाओ, आरोपी गिरफ्तार, हिरासत में भेजा

**ओटावा।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के वुडस्टाक शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर नस्लीय टिप्पणी के साथ हमला किया गया। आरोपी युवक ने पीड़ित को धक्का दिया और चिल्लाते हुए कहा मेरे देश से निकल जाओ।

पुलिस ने इस घटना को नफरत-आधारित अपराध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। वुडस्टाक पुलिस के अनुसार, यह घटना 22 अप्रैल की है। जब सिख बुजुर्ग फुटपाथ पर चल रहे थे, तभी एक युवक ने उन्हें बिना किसी उकसावे के रोककर धक्का दे दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने केवल हमला ही नहीं किया, बल्कि पीड़ित की जातीय पहचान को लेकर आपत्तिजनक और नस्लीय टिप्पणियां भी कीं। हालांकि, इस हमले में बुजुर्ग को गंभीर शारीरिक चोट नहीं आई। जांच में यह भी सामने आया कि घटना के बाद आरोपी युवक ने पास के टर्टल आइलैंड स्कूल की बाउंड्री फांदकर परिसर में प्रवेश किया और फिर वहां से बाहर निकल गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस दौरान किसी छात्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर इस घटना के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें आरोपी को बार-बार नस्लीय अपशब्द कहते सुना जा सकता है, जैसे-'तुम मेरे देश में क्या कर रहे हो?' यहां से निकल जाओ। वुडस्टाक पुलिस ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे जमानत सुनवाई के लिए हिरासत में रखा गया है। पुलिस ने कहा हमारे समुदाय में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वर्ल्ड सिख आर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएसओ) ने इस घटना पर गहरी चिंता जताई है। संगठन ने इसे अस्वीकार्य बताया और वुडस्टाक पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। डब्ल्यूएसओ ने कहा कि यह घटना किसी अकेली नहीं है, बल्कि सिख समुदाय के खिलाफ बढ़ते नफरत अपराधों के एक बड़े पैटर्न का हिस्सा है।

## चाड में पानी को लेकर विवाद, 40 से अधिक लोगों की मौत

**न्जामेना।** दक्षिण अफ्रीकी देश चाड में पानी के स्रोत पर अधिकार को लेकर दो परिवारों के बीच हुई हिसक झड़प में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। चाड के उप प्रधानमंत्री लिमाने महामत के अनुसार, यह हिंसा एक जल स्रोत को लेकर दो परिवारों के बीच शुरू हुए झगड़े का परिणाम थी। यह विवाद बाद में बदले की कार्रवाइयों में बदल गया। चाड के राष्ट्रपति महामत इदरीस देबी इतनो ने स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर एक आयोग भेजा है, जिसमें उप प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और जनरल स्टाफ के प्रमुख शामिल हैं।

# इंटरव्यू में पत्रकार पर भड़के ट्रम्प

## कहा: मैं रेपिस्ट नहीं, मुझे क्लीन चिट मिल चुकी है



■ एंकर ने हमलावर का बयान टीवी पर पढ़ दिया था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक इंटरव्यू के दौरान महिला पत्रकार पर भड़क गए। यह मामला हिल्टन होटल में फायरिंग के आरोपी कोल टामस एलन के मैसेज से जुड़ा था।

एलन ने हमले से 10 मिनट पहले परिवार को एक मैनिफेस्टो (लिखित बयान) भेजा था। इसमें उसने 'पेडोफाइल, रेपिस्ट और गद्दार' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था, लेकिन उसने किसी का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया। इसी मामले को लेकर पत्रकार नोरा ओश्डोनल ने जब ट्रम्प से पूछा कि क्या ये आरोप उन्हीं की तरफ इशारा करते हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि मैं न तो रेपिस्ट हूं, न ही किसी का रेप किया है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए ये भी कहा कि आपने एक बीमार आदमी की बकवास टीवी पर पढ़ दी। मुझे उन चीजों से जोड़ा गया, जिनसे मेरा कोई लेना-देना नहीं है। मुझे पहले ही पूरी तरह क्लीन चिट मिल चुकी है। इस पर नोरा ने साफ किया कि वे मेरे शब्द नहीं थे, बल्कि आरोपी ने लिखे थे। इस पर ट्रम्प ने कहा कि ऐसे आरोप टीवी पर पढ़ना ही गलत था। इंटरव्यू में जब ट्रम्प से पूछा गया कि क्या वे खुद निशाने पर थे, उन्होंने कहा कि मुझे पक्के तौर पर नहीं पता। हालांकि, घटना के दौरान मुझे डर नहीं लगा, क्योंकि दुनिया ऐसी ही है और ऐसी घटनाएं हो सकती हैं। ट्रम्प ने कहा कि पहले मुझे लगा था कि यह छोटी घटना है, लेकिन फिर समझ आया कि मामला गंभीर है। उस वक्त एक आर्टिस्ट शो कर रहा था और माहौल सामान्य लग रहा था, लेकिन अचानक सब बदल गया। ट्रम्प ने कहा कि सुरक्षा टीम मुझे तुरंत बाहर ले जाना चाहती थी, लेकिन मैं देखना चाहता थे कि क्या हो रहा है।

# निर्मित कौर अहलूवालिया के नए फ्रैश हेयर लुक ने मचाई हलचल



■ यह छोटा लेकिन खास बदलाव उनके लुक को और भी सॉफ्ट और स्टाइलिश बना रहा

**मुंबई।** अभिनेत्री निर्मित कौर अहलूवालिया ने इस गर्मी में एक नया और फ्रेश लुक अपनाया है। निर्मित कौर ने फ्रेश हेयरस्टाइल ट्राय किया है, जो सोशल मीडिया और इंडस्ट्री में चर्चा का विषय बन गया है। यह छोटा लेकिन खास बदलाव उनके लुक को और भी सॉफ्ट और स्टाइलिश बना रहा है।

इन दिनों बॉलीवुड में फ्रेश हेयरकट का ट्रेंड भी काफी चल रहा है। अनन्य पांडे, अदिति राव हैदरी और भूमि पेडणेकर जैसी अभिनेत्री भी इस लुक में नजर आ चुकी हैं, लेकिन निर्मित का स्टाइल अपनी सादगी और एलिगेंस के कारण अलग नजर आता है, जो उनकी पर्सनैलिटी को अच्छी तरह सूट करता है। शुरुआत में फैंस को लगा कि यह सिर्फ उनका पर्सनल स्टाइल चेंज है या किसी रोल के लिए, लेकिन अब निमृत ने खुद इस बात का खुलासा कर दिया है। अपने नए लुक के बारे में निर्मित ने कहा कि मैंने हाल ही में एक नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया है और यह लुक उसी के लिए है। मैं कुछ अलग ट्राय करना चाहती थी और फ्रेश मुझे सही लगा। नए अंदाज के साथ किसी नई चीज की शुरुआत करना हमेशा एक्साइटिंग होता है, और यह उसी सफर का एक हिस्सा है। एक करीबी सूत्र ने बताया कि निर्मित काफी समय से अपने लुक के साथ कुछ नया करना चाहती थीं, और जब यह प्रोजेक्ट आया तो उन्हें लगा कि यही सही समय है। यह फ्रेश उनके स्क्रीन प्रेजेंस में एक नया पहलू जोड़ता है। निर्मित लगातार अपने काम में सादगी और नएपन के बीच संतुलन बनाए रखती हैं। नए प्रोजेक्ट की शुरुआत और उनके इस लुक को मिल रही प्रतिक्रिया को देखते हुए, वह एक बार फिर कुछ नया और खास लेकर आने के लिए तैयार हैं।


यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)